

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 3 अप्रैल, 2024 | वर्ष-16 | अंक -358 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



सरहद पर मुस्तैदी के साथ खड़ी है भारतीय सेना : राजनाथ सिंह 02
■ केजरीवाल के साथ एकजुट आप विधायक
■ संजय सिंह की वापसी से दोगुनी हुई ताकत : रोमी भाटी 03
■ इजराइल ने सीरिया की राजधानी में ईरानी वाणिज्य...
■ मिस्र में अल सिसी ने ली राष्ट्रपति पद की शपथ 07
विकास की नई बुलंदियों को छू रहा देश : योगी 09

**रमजान मुबारक**

**3 अप्रैल-23**

| | | |
|---|---|---|
| खत्म सहरी | : | 4.49 |
| रोजा इफ्तार | : | 6.42 |



दिल्ली शराब नीति मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने संजय सिंह को दी जमानत

■ कोर्ट में ईडी ने जमानत का विरोध नहीं किया ■ छह महीने तक जेल में रहे आप नेता संजय सिंह

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत दे दी। मनी लॉन्ड्रिंग केस में संजय सिंह को पिछले साल 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। संजय सिंह के वकील ने कहा कि वे केस में अपने रोल से जुड़ा कोई बयान नहीं देंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी से सवाल किया था कि क्या संजय सिंह को और ज्यादा दिन जेल में रखे जाने की जरूरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि हमें यह भी देखना होगा कि गवाहों के सामने उनके बयान हुए। 6 महीने तक वे जेल में रहे। ईडी ने अदालत से कहा कि हमें कोई ऐतराज नहीं है। इसके बाद अदालत ने संजय सिंह को जमानत देने का फैसला सुनाया।

### जनवरी में चार्जशीट में नाम जोड़ा था

दिल्ली शराब घोटाला केस में इसी साल जनवरी में ईडी ने अपनी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम जोड़ा था। मई 2023 में संजय सिंह ने दावा किया कि ईडी ने उनका नाम गलती से जोड़ दिया है। ईडी ने इस पर कहा- हमारी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम चार जगह लिखा गया है। इनमें से तीन जगह नाम सही लिखा गया है। सिर्फ एक जगह टाइपिंग की गलती हो गई थी। संजय सिंह के वकील ऋषिकेश कुमार ने बताया- लंच के पहले और लंच के बाद 2 कार्यवाही हुई। लंच के पहले कोर्ट ने कहा कि जैसी बहस हुई है उस आधार पर संजय सिंह के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला है। आप इस पर निर्देश लेकर आएं और बताएं कि आप क्या करना चाहते हैं, क्योंकि अगर हमने ऑर्डर में लिख दिया कि इनके खिलाफ कोई केस नहीं बनता है तो ये आपके लिए नुकसानदेह हो सकता है। इस पर ईडी ने कहा कि हमें कोई दिक्कत नहीं है, इन्हें बेल दे दी जाए।



यह केंद्र सरकार की प्रतिशोध की राजनीति को करारा झटका है। इससे दूसरों में भी उम्मीद जगेगी, जमानत भी मिलेगी। मुझे विश्वास है कि वे मामले में रिहा भी होंगे। सत्य की जीत होगी और न्याय की जीत होगी : **डी राजा, भाकपा**

संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया था, उनके साथ अन्याय हुआ था। अब उन्हें इस मामले में जमानत मिली है, जो अपने आप में एक अच्छी खबर है। देश के सामने जल्द ही सच्चाई सामने आएगीः **शरद पवार एनसीपी (शरद चंद्र पवार)**

### आखिरकार सत्य की जीत हुई : गोपाल राय

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने पर मंगलवार को कहा कि वह दिन दूर नहीं जब आप के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी की पूरी साज़िश धराशायी होगी। पार्टी के नेता एवं दिल्ली के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा, आखिरकार सत्य की जीत हुई।

### भाजपा में आओ या फिर जेल जाओ : आतिशी



चार और आप नेताओं की होगी गिरफ्तारी

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता एवं दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव से पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उन्हें सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक और राघव चड्ढा को गिरफ्तार करेगी। दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने आज यहां दावा किया भाजपा ने उनके बहुत व्यक्तिगत करीबी व्यक्ति के माध्यम से भाजपा में शामिल होने का संदेश भेजा है।

### संजय सिंह पर ये है आरोप

ईडी की चार्जशीट में संजय सिंह पर 82 लाख रुपए का चंदा लेने का जिक्र है। इसको लेकर ही 4 अक्टूबर को ईडी उनके घर पहुंची थी और उनसे 10 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली शराब नीति केस में ईडी की दूसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट 2 मई को जारी की गई थी। जिसमें आप सांसद राघव चड्डा का भी नाम सामने आया था। हालांकि उन्हें आरोपी नहीं बनाया।

भ्रामक विज्ञापन मामला

# रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगी

अदालत ने कहा, यह मान्य नहीं, एक हफ्ते में जवाब दाखिल करें

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। भ्रामक विज्ञापन केस में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण को जवाब दाखिल करने के लिए आखिरी मौका दिया। अदालत ने कहा कि एक हफ्ते में जवाब दाखिल कीजिए। अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। अदालत ने कहा कि सुनवाई पर रामदेव और बालकृष्ण मौजूद रहें। सुनवाई के दौरान रामदेव के वकील बलवीर सिंह ने कोर्ट से कहा कि योगगुरु माफी मांगने के लिए यहां मौजूद हैं। भीड़ की वजह से कोर्टरूम नहीं आ पाए। अदालत ने एफिडेविट देखने के बाद फटकार लगाई और कहा कि यह ठीक हलफनामा नहीं है। जब बलवीर सिंह ने माफीनामा पढ़ा तो अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में आदेशों का उल्लंघन करने वाला माफी मांगता है। हमें रामदेव के वकील का माफीनामा नहीं सुनना।



सरकार से भी किया सवाल, आंखें क्यों मूंदे रखीं

जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच ने कहा, हम दोनों के खिलाफ झूठी बयानबाजी का केस चलाने का निर्देश रजिस्ट्रार को देते हैं। अदालत ने बलबीर सिंह से कहा- आप तैयार रहिएगा। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद रामदेव और बालकृष्ण कोर्ट रूम पहुंचे और रामदेव ने बिना शर्त माफी मांगी। बेंच ने कहा, केवल सुप्रीम कोर्ट नहीं, देश की हर अदालत के आदेश का सम्मान होना चाहिए।

### आईएमए की याचिका पर हो रही सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से 17 अगस्त 2022 को दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया है कि पतंजलि ने कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार किया। वहीं खुद की आयुर्वेदिक दवाओं से कुछ बीमारियों के इलाज का झूठा दावा किया।

**सार संक्षेप**

### भूपेश बघेल ने राजनांदगांव सीट से किया नामांकन



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने आज राजनांदगाव सीट से नामांकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के समक्ष श्री बघेल ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। श्री बघेल के नामांकन दाखिल करने के मौके पर नेता प्रतिपक्ष डा.चरण दास महंत और कई कांग्रेस विधायक मौजूद रहे। श्री बघेल ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में जनसमर्थन अपने पक्ष में होने का दावा किया।

### केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है : भाटिया



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर आड़े हाथों लेते हुए मंगलवार को कहा कि अब भ्रष्ट आचरण से श्री केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है और दिल्ली की जनता उनसे मुक्ति चाहती है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर सवाल उठाए।

### भाजपा ने ओडिशा विधानसभा के लिए घोषित किए 112 प्रत्याशी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के साथ होने वाले ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए आज अपने 112 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने आज यहां राज्य विधानसभा की कुल 147 सीटों में से 112 सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी की। भाजपा ने वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में 23 सीटें जीतीं थीं जिनमें से 20 सीटें इस सूची में शामिल हैं। पार्टी ने तीन सीटों पर अपने नए चेहरे उतारें हैं।

### घर में आग लगने से दो बहनों की दम घुटने से मौत



**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली में मंगलवार को एक घर में आग लगने के बाद दम घुटने से 14 और 12 साल की दो बहनों की मौत हो गई। सदर बाजार पुलिस स्टेशन में आग लगने के बारे में पीसीआर को एक कॉल आई थी। इसके बाद पुलिस की एक टीम सदर बाजार में चमेलियां रोड पर घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस उपायुक्त, एम.के. मीणा ने कहा, इसके बाद, चार दमकल गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और सफलतापूर्वक आग पर काबू पा लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने बता दी आगे की रणनीति

# 10 सालों में जो हुआ, वो सिर्फ ट्रेलर

**जयपुर,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने चुनावी रणभेरी बजा दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताबड़तोड़ रैलियां शुरू हो चुकी हैं। राजस्थान के कोटपुतली में मंगलवार को पीएम मोदी ने विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है। मोदी तो मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है. उन्होंने ये भी कहा कि पिछले 10 सालों में बहुत कुछ हुआ होगा, लेकिन जो कुछ भी हुआ है, वो सिर्फ ट्रेलर है।

विजय शंखनाद रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से कहा, 'मुझसे लोग कहते हैं, क्या बाकी बचा है, कुछ तो आराम करो, लेकिन ऐसे लोग भूल जाते हैं कि मोदी मौज करने के लिए नहीं पैदा हुआ है।' उन्होंने कहा, 'इतना बड़ा जनसैलाब, आपका ये उत्साह, आपका ये जोश, 4 जून के संकेत दे रहा है। मैं देख रहा हूं आप सबने निर्णय ले लिया है 'फिर एक बार मोदी सरकार'। एक तरफ बीजेपी है जो देश को आगे ले जाने वाली पार्टी है और दूसरी तरफ कांग्रेस जो देश को लूटने वाली पार्टी है। राजस्थान के लोग हमेशा देश की मजबूती के लिए खड़े रहे हैं और जयपुर का जलवा तो कुछ दिन पहले जब फ्रांस के राष्ट्रपति यहां आए थे, तब पूरी दुनिया ने देखा।'



राजस्थान के कोटपुतली में की विजयी शंखनाद रैली

पीएम मोदी ने कहा कि मैं राजस्थान की धरती पर, जो वीरों की धरती है, जुबान के पक्के लोगों की धरती पर कहना चाहता हूं कि आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों जिसे पूछा तक नहीं, मोदी ने उसे पूजा है। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, 'कांग्रेस ने देश के करोड़ों छोटे किसानों को कभी नहीं पूछा। मोदी ने राजस्थान के 85 लाख से ज्यादा किसानों के बैंक खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के करीब 20 हजार करोड़ रुपए भेजे हैं।'

# कांग्रेस ने 4 राज्यों मे 17 उम्मीदवार किए घोषित

## कटिहार से तारिक अनवर तो कडप्पा से शर्मिला बनी उम्मीदवार

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए 11वीं सूची जारी की। इसमें 4 राज्यों के 17 उम्मीदवारों के नाम हैं। अब तक 231 प्रत्याशियों का ऐलान किया जा चुका है। आंध्र प्रदेश की कड़पा लोकसभा सीट से कांग्रेस ने वाईएस शर्मिला रेड्डी को टिकट दिया है। इसके साथ ही ओडिशा और आंध्र प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी ने प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की है। आंध्र प्रदेश की लिस्ट में 114 प्रत्याशियों के नाम हैं और ओडिशा की लिस्ट में 49 उम्मीदवारों के शामिल किए हैं।



■ पार्टी की 11वीं सूची हुई जारी
■ अब तक 231 उम्मीदवार घोषित

### बिहार के लिए कांग्रेस की पहली सूची

कांग्रेस की बिहार के लिए ये पहली लिस्ट है। इसमें दो मुस्लिम नेताओं को टिकट मिला है। मोहम्मद जावेद किशनगंज से मौजूदा सांसद हैं। अजीत शर्मा विधायक हैं। वहीं, तारिक अनवर पार्टी के सीनियर नेताओं में से एक हैं और पार्टी का बड़ा मुस्लिम चेहरा हैं। भागलपुर सीट को लेकर दिल्ली बैठक में काफी मंथन हुआ।

### आंध्र सीएम की बहन को उतारा

आंध्र प्रदेश में इस बार त्रिकोणीय मुकाबला है। राज्य में जगन मोहन रेड्डी की अगुआई वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार है। भाजपा के साथ तेलुगु देशम पार्टी और पवन कल्याण की जनसेना पार्टी का गठबंधन है। वहीं, जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला रेड्डी प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस अध्यक्ष हैं।

### भाजपा सांसद अजय निषाद कांग्रेस में शामिल



**नई दिल्ली।** बिहार के मुजफ्फरपुर से पिछले आम चुनाव में लगातार दूसरी बार लोकसभा पहुंचे भारतीन जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अजय निषाद मंगलवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा, बिहार के प्रभारी मोहन प्रकाश, बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह तथा अन्य नेताओं की मौजूदगी में श्री निषाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान मंगलवार को कांग्रेस का दामन थामा।

# बीजापुर में मुठभेड़ दस नक्सली ढेर

सुरक्षा बलों ने आधुनिक हथियार किए बरामद



**बीजापुर,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए हैं। इसके साथ ही सुरक्षा बलों ने आधुनिक हथियार भी बरामद किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह डीआरजी, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ के जवानों की संयुक्त टीम गंगालूर थाना क्षेत्र के कोरचीली और लेंड्रा के जंगल में सर्चिंग पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी मिली।

सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच दोनों ओर से फायरिंग हुई और इसमें बड़ी संख्या में नक्सली हताहत हुए हैं। नक्सली और सुरक्षा बलों के बीच मंगलवार की सुबह मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान दस नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई। इसके साथ ही सुरक्षा बलों को एके-47, एलएमजी जैसे ऑटोमैटिक हथियार भी बड़ी संख्या में मिले हैं। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदर राज पी ने भी मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने के साथ आधुनिक हथियार बरामद होने की पुष्टि की है।

# राहुल गांधी आज वायनाड़ से करेंगे नामांकन

**तिरुवनंतपुरम,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए वायनाड से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। यहां से वह दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन से पहले वह निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो में हिस्सा लेंगे और शाम तक दिल्ली लौट आएंगे। केरल में चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। राहुल गांधी का मुकाबला सीपीआई महासचिव डी. राजा की पत्नी सीपीआई उम्मीदवार एनी राजा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन से है। सुरेंद्रन ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, यह अच्छा है कि गांधी आखिरकार अपना नामांकन दाखिल करने के लिए वायनाड आ रहे हैं। राज्य भाजपा प्रमुख ने कांग्रेस नेता पर निर्वाचन क्षेत्र में कुछ भी काम नहीं करने का आरोप लगाया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भी इंडिया ब्लॉक की पार्टी सीपीआई की एनी राजा के खिलाफ चुनाव लड़ने पर राहुल गांधी पर तंज किया है। गौरतलब है कि 2019 के चुनावों में, राहुल गांधी ने 4.31 लाख वोटों के अंतर के साथ जीत हासिल की थी।



■ वायनाड़ से दोबारा लड़ रहे हैं चुनाव
■ नामांकन से पहले रोड शो में हिस्सा लेंगे

# अब ईडी ने महुआ के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कैश-फॉर-क्वेरी मामले में तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित सांसद महुआ मोइत्रा और व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। सूत्रों के मुताबिक, वित्तीय जांच एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामले में पहले से ही दर्ज सीबीआई की एफआईआर का संज्ञान लिया। इससे पहले ईडी ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत मामला दर्ज किया था। ईडी ने 27 मार्च को फेमा उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल नेत्री को तीसरा समन जारी किया था, जिसे उन्होंने नजरअंदाज कर दिया।

कैश-फॉर-क्वेरी मामला

चुनाव | *चुनाव आयोग का बड़ा फैसला*

# उप्र समेत 6 राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 2 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के मतदान से पहले चुनाव आयोग ने बडा फैसला लिया है। 7 करोड़ से ज्यादा आबादी वाले 6 बड़े राज्यों के लिए विशेष पर्यवेक्षकों (सामान्य और पुलिस)की नियुक्ति की गई है। इसमें आंध्रप्रदेश और ओडिशा भी शामिल है, जहां लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनाव भी हो रहे हैं।**

आयोग द्वारा जारी की गई इन पर्यवेक्षकों की सूची में बिहार में मंजीत सिंह सेवानिवृत्त आईएएस और विवेक दुबे सेवानिवृत्त आईपीएस, महाराष्ट्र में धर्मेंद्र एस गंगवार सेवानिवृत्त आईएएस और केएन मिश्रा सेवानिवृत्त आईपीएस, उत्तर प्रदेश में अजय वी नायक सेवानिवृत्त आईएएस और मनमोहन सिंह सेवानिवृत्त आईपीएस,आंध्र प्रदेश में राममोहन मिश्रा सेवानिवृत्त आईएएस, और दीपक मिश्रा सेवानिवृत्त आईपीएस, ओडिशा में योगेंद्र त्रिपाठी सेवानिवृत्त आईएएस और रजनीकांत मिश्रा सेवानिवृत्त आईपीएस और पश्चिम बंगाल में आलोक सिन्हा सेवानिवृत्त आईएएस व अनिल कुमार शर्मा सेवानिवृत्त आईपीएस शामिल हैं। सभी पर्यवेक्षक कर्मियों, सुरक्षाबलों और वोटिंग मशीनों के यादृच्छिकरण की निगरानी करेंगे। धनबल और अवैध शराब, मुफ्त वस्तुओं के वितरण संबधित चिंताओं को दूर करने के लिए,चुनाव व्यय निगरानी को मजबूत करने के लिए आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में विशेष व्यय पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं।




■ चुनाव प्रक्रियाओं के अनुभव को ध्यान में रखते हुए नियुक्ति

### पांच राज्यों के 8 डीएम व 12 एसपी का तबादला

लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने बड़ा एक्शन लिया है। आयोग ने मंगलवार को पांच राज्यों के 8 डीएम और 12 एसपी का तबादला कर दिया है। जिन पांच राज्यों के लिए चुनाव आयोग ने यह एक्शन लिया है, उनमें असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के नाम हैं।

# देश

**उवाच** "भाजपा चार सीटें जीतने का दावा करती है, लेकिन असल में उसे डेढ़ सौ से पौने दो सीटें भी नहीं मिलेंगी। वो बाजार से खरीदें तो संभव है। लेकिन इस बार तो बाजार से खरीदना भी संभव नहीं है।

-शत्रुघ्न सिन्हा, टीएमसी सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31.0 | 21.0 |
| मुंबई | 30.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 34.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 28.0 |

# इंडिया गठबंधन का हिस्सा पीडीपी : उमर

■ दिल्ली में इंडिया गठबंधन की हालिया रैली का किया जिक्र
■ मीडिया से दोनों पार्टियों के बीच कलह पैदा न करने का किया आग्रह



**लोकसभा चनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के खिलाफ नहीं उतारेगी उम्मीदवार : उमर अब्दुल्ला**

**जम्मू-कश्मीर,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) कश्मीर घाटी में उनकी पार्टी के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारेगी। ऐसा उन्होंने संभावना जताई। उमर ने कहा कि पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने नेकां के खिलाफ उम्मीदवार उतारने का कोई इरादा नहीं दिखाया है। अब्दुल्ला ने दिल्ली में इंडिया गठबंधन की हालिया रैली का जिक्र किया, जहां महबूबा मुफ्ती ने नेकां अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला के साथ मंच साझा किया और गठबंधन के लिए पीडीपी की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने मीडिया से भी आग्रह किया कि वह दोनों पार्टियों के बीच कलह न पैदा करें। अब्दुल्ला ने कश्मीर में नए गठबंधन के उद्भव की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि ये दल भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं और जम्मू-कश्मीर में भाजपा के छद्म प्रतिनिधि के रूप में चुनाव लड़ेंगे। अनुच्छेद 370 पर अब्दुल्ला ने अपना रुख दोहराते हुए कहा कि यह एक गंभीर गलती थी जिसने जम्मू-कश्मीर के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया।

उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की भी निंदा की और कहा कि वह भाजपा की त्रुटिपूर्ण नीतियों का शिकार हुए हैं। वहीं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर देश में असंतुष्ट बेरोजगार युवाओं को मुसलमानों पर आक्रोश निकालने के लिए उकसाने का आरोप लगाया।

मुफ्ती ने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में मस्जिद के एक इमाम पर लोगों के समूह के कथित हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भाजपा का दावा है कि उसने कश्मीर में पत्थरों को लैपटॉप से बदल दिया है, लेकिन देश के बाकी हिस्सों में जो हो रहा है, उस पर एक नजर डालने से ही इस बात का पर्याप्त सबूत मिल जाता है कि उन्होंने असंतुष्ट बेरोजगार युवाओं को केवल अपना गुस्सा निकालने के लिए मुसलमानों पर लाठियां और डंडे चलाने के लिए उकसाया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने युवाओं को दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था लेकिन इसकी बजाय युवाओं को दंगाई और गुंडा बना दिया। इससे अधिक दुखद बात यह है कि इन युवाओं को अपना भविष्य बर्बाद होने से कोई दिक्कत नहीं है, जब तक कि उन्हें मुसलमानों को दंडित और अपमानित करने का मौका मिलता रहेगा।

## इंडिया समूह में कोई विवाद नहीं सभी एकजुट : फारूक अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि इंडिया समूह एकजुट है तथा देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ेगा। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इंडिया समूह में कोई विवाद नहीं है और सभी एकजुट हैं चाहे वह फारूक हों, उमर हों या महबूबा हों। वह कांग्रेस उम्मीदवार रमन भल्ला के समर्थन में चुनाव प्रचार के लिए यहां आए थे, जिन्होंने मंगलवार को जम्मू लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भल्ला के साथ कांग्रेस के जम्मू-कश्मीर प्रभारी भरत सिंह सोलंकी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख विकार रसूल वानी भी थे। वे सभी पर्चा दाखिल करने से पहले एक रोड शो में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक का गठन डॉ. बीआर अंबेडकर के संविधान की रक्षा के लिए किया गया है। हमें उम्मीद है कि भारत के लोग लोकसभा चुनाव में उनका (इंडिया समूह) का समर्थन करेंगे। अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश में रूस और चीन जैसा शासन लागू करना चाहती है। जम्मू संसदीय क्षेत्र में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा।



## कर्नाटक ने सूखा राहत मांगने में की तीन महीने की देरी : अमित शाह



**बेंगलुरु,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक में सूखा राहत देने में देरी को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के बीच चल रहा विवाद मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी से और बढ़ गया है। शाह ने दावा किया कि कर्नाटक सरकार ने तीन महीने देरी प्रस्ताव प्रस्तुत के कारण राहत वितरण में देरी हुई है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक सूखे से ग्रस्त है। केंद्र को प्रस्ताव तीन महीने की देरी से सौंपा गया था। आज, सूखा राहत जारी करने की केंद्र की याचिका चुनाव आयोग के पास अटक गई है। फिलहाल, राजस्व मंत्री कृष्णा बायरे गौड़ा ने पुष्टि की कि कर्नाटक सूखा घोषित करने और मुआवजे की मांग करने वाला पहला राज्य है। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्दारामैया ने पहले इस मामले पर शाह की आलोचना की है और सूखे की स्थिति के दौरान सहायता प्रदान नहीं करने पर कर्नाटक में वोट मांगने के उनके नैतिक अधिकार पर सवाल उठाया है। इसके अलावा, शाह ने कर्नाटक सरकार पर लोगों के कल्याण को प्राथमिकता नहीं देने का आरोप लगाया और आरोप लगाया कि जहां सिद्दारामैया अपनी सीट बरकरार रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे, वहीं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार उन्हें कमजोर करने का प्रयास कर रहे थे।

## सरहद पर मुस्तैदी के साथ खड़ी है भारतीय सेना : राजनाथ सिंह



**पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सैन्य टकराव पर बोले रक्षामंत्री**

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश को लेकर बीते कुछ दिनों से चीन एक बार फिर तमाम बयानबाजी कर रहा है। हद तो तब हो गई, जब चीन ने अरुणाचल के कुछ क्षेत्र को नए नाम दिए थे। हालांकि चीन ने इस हरकत पर विदेश मंत्री जयशंकर ने दो टूक शब्दों में कहा था कि नाम बदलने से कोई चीज उनकी नहीं हो जाती है। इस बीच, पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सैन्य टकराव जारी रहने के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरहद पर भारतीय सेना पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है। शांतिपूर्ण समाधान के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा कि उत्तरी सीमाओं पर मौजूदा स्थिति पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूरा विश्वास जताया और सरहद पर मौजूद सैनिकों की सराहना की है। गौरतलब है कि भारत और चीन की सेना के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ क्षेत्रों को लेकर लगभग चार वर्षों से गतिरोध बना हुआ है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। पाकिस्तान से सटी सीमा का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना ने सीमा पर से आतंकवाद को रोका है, जिसकी हम सराहना करते हैं। हालांकि सरहद पार से अभी भी छद्म युद्ध जारी है। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खतरे से निपटने में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, स्थानीय पुलिस और सेना के बीच शानदार तालमेल की भी सराहना की। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में समन्वित अभियान क्षेत्र में स्थिरता बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं और इसे जारी रहना चाहिए।

### बीआरओ ने सीमाओं पर सड़क को जाल बिछाया

सेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने रक्षा और सुरक्षा को नई ऊंचाईयों तक ले जाने के लिए सेना के नेतृत्व की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में सेना का अहम योगदान है। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की भी सराहना की और कहा कि उसके प्रयासों से पश्चिमी और उत्तरी सीमाओं पर सड़क संचार में एक बड़ा सुधार आया है।

## सार संक्षेप

### सोपोर में तीन आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर कस्बे में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार का उनके पास से हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सेना और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त टीम ने फ्रूट मंडी में जांच अभियान चलाया, जहां से तीनों संदिग्ध भागने का प्रयास कर रहे थे। सतर्क टीम उनको पकड़ने में कामयाब रही। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फैसल अहमद कचरू, आकिब मेहराज काना और आदिल अकबर गोजरी के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से एक पिस्टल, मोबाइल फोन और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है।

### अमेजन डॉट इन ने उत्तर प्रदेश में उल्लेखनीय प्रदर्शन की घोषणा की

**नोएडा।** होम और किचन कैटेगरी में सलाना आधार पर 25 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि के साथ, अमेजन डॉट इन ने उत्तर प्रदेश में उल्लेखनीय प्रदर्शन की घोषणा की है। ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन डॉट इन ने उत्तर प्रदेश में नए ग्राहकों की संख्या में भी दो अंकों की वृद्धि दर्ज की है। अधिकांश नए ग्राहक टियर-2 और इससे नीचे के शहरों से जुड़ रहे हैं। कंपनी ने उत्तर प्रदेश को अमेजन डॉट इन के लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक बताया है, राज्य से आने वाली कुल मांग में लखनऊ, नोएडा और गाजियाबाद की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक है। नवाबों के शहर लखनऊ के ग्राहक फर्नीचर, फटिनेस प्रोडक्ट्स, बाथरूम प्रोडक्ट्स, डीआईवाई वॉल पेंट्स और प्रीमियम किचन एप्लाएंसेस की खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं। बिजली की बचत करने वाले एप्लाएंसेस, सोलर पैनल, पानी बचाने वाले वाटर प्यूरीफायर्स जैसे टिकाऊ उत्पादों के लिए भी लखनऊ में दो गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है।

### मध्य प्रदेश विधानसभा के कैलेंडर का किया विमोचन

**भोपाल।** मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने विधानसभा के वर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचन किया। मध्य प्रदेश विधानसभा के इस कैलेंडर में विगत वर्ष की प्रमुख गतिविधियों का सुदंर चित्रण है। इसके साथ ही शासकीय अवकाश, प्रमुख त्यौहारों, आयोजनों की जानकारी भी है। कैलेंडर के प्रथम पृष्ठ पर मप्र विधानसभा के भवन विहंगम दृश्य है। विधानसभा सदस्यों के साथ समूह चित्र जैसे महत्वपूर्ण क्षणों के संग्रहणीय चित्र संजोए गए हैं। इस कैलेंडर के विमोचन पर विधानसभा के प्रमुख सचिव ए.पी.सिंह एवं अधिकारी तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## द्रमुक ने ईवीएम को लेकर खटखटाया मद्रास हाईकोर्ट का दरवाजा

**चेन्नई,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन के कई दल इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की जगह मतपत्रों से मतदान की मांग कर रहे हैं। इस बीच, तमिलनाडु में सत्ताधारी दल द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक) ने मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। द्रमुक ने ईवीएम को लेकर रिट याचिका दायर की है। वहीं, जिला निर्वाचन अधिकारी और ग्रेटर चेन्नई निगम आयुक्त जे. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में मंगलवार को सभी सियासी दलों की मौजूदगी में ईवीएम की पूरक रेंडमाइजेशन की गई। राधाकृष्णन ने बताया कि ग्रेटर चेन्नई निगम क्षेत्र के तहत तीन संसदीय क्षेत्र आते हैं। इस बार उम्मीदवारों की संख्या ज्यादा है। बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपीएटी मशीन और बैटरियों की रेंडमाइजेशन राजनीतिक दलों के सामने उनके संबंधित स्ट्रांग रूप में भेजा गया। उन्होंने कहा, हमें करीब 39.25 लाख मतदाता पर्चियां वितरित करनी हैं। कल हम 3.25 लाख मतदाता पर्चियां वितरित करने में सक्षम थे। अब त हमने 9.13 करोड़ रुपए के आभूषण और नकदी जब्त की है। राधाकृष्णन ने बताया कि कुल 3576 मतदान केंद्रों में से 579 मतदान केंद्रों की पहचान संवेदनशील के रूप में की गई है।



■ दाखिल की याचिका

## लोजपा-रामविलास ने चार सांसदों से किया किनारा

**पटना,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार में होने वाले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास (लोजपा-रामविलास) ने लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के टिकट पर जीते चार सांसदों से किनारा कर लिया है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में लोजपा ने छह सीट हाजीपुर (सु), जमुई (सु), समस्तीपुर (सु), वैशाली, खगड़िया और नवादा से चुनाव लड़ा था। लोजपा को इस चुनाव में शत प्रतिशत कामयाबी मिली और सभी छह सीटों पर सांसद निर्वाचित हुए। इस बार के चुनाव में राजग में सीटों में तालमेल के तहत लोजपा-रामविलास को पांच सीट हाजीपुर (सु), जमुई (सु), समस्तीपुर (सु), वैशाली और खगड़िया मिली है, जबकि नवादा सीट राजग के घटक दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हिस्से में चली गई है। लोजपा रामविलास ने हाजीपुर (सु) समस्तीपुर (सु), खगड़िया और नवादा से विजयी लोजपा के सांसदों से किनारा कर लिया है और अपनी पार्टी में जगह नहीं दी है। जमुई (सु) से जीते चिराग पासवान इस बार हाजीपुर (सु) से चुनाव लड़ रहे हैं। वैशाली से लोजपा के टिकट पर जीती वीणा देवी इस बार भी इस सीट पर चुनाव लड़ रही हैं। खगड़िया और समस्तीपुर (सु) सीट पर लोजपा-रामविलास ने नए प्रत्याशी को चुनावी रणभूमि में उतारा है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में खगड़िया संसदीय सीट से बिहार के पूर्व मंत्री चौधरी सलाउद्दीन के पुत्र और सांसद महबूब अली कैसर ने महागबंधन में शामिल विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश सहनी को पराजित किया। लोजपा में टूट के बाद महबूल अली कैसर ने भी पशुपति कुमार पारस का साथ दिया था। चिराग पासवान ने महबूब अली कैसर से भी किनारा कर लिया है। इस सीट पर लोजपा (रामविलास) के टिकट पर राजेश वर्मा पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। समस्तीपुर (सु) से वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम विलास पासवान के भाई लोजपा उम्मीदवार राम चंद्र पासवान ने कांग्रेस उम्मीदवार डा. अशोक कुमार को पराजित किया था। रामचंद्र पासवान के निधन के बाद हुये उपचुनाव में राम चंद्र पासवान के पुत्र प्रिंस राज ने जीत हासिल की थी। प्रिंस राम ने कांग्रेस प्रत्याशी डा. अशोक कुमार को पराजित किया था। इस बार के चुनाव में चिराग पासवान ने प्रिंस राज से भी दूरी बना ली है। (लोजपा-रामविलास) ने प्रिंस राज की जगह बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी की पुत्री शांभवी चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। शांभवी चौधरी पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं। नवादा सीट से वर्ष 2019 के चुनाव में लोजपा के टिकट पर चंदन सिंह ने जीत हासिल की थी। चंदन सिंह ने (राजद) प्रत्याशी और पूर्व बाहुबली विधायक राजवल्लभ यादव की पत्नी विभा देवी को पराजित किया था। लोजपा में टूट के बाद चंदन सिंह अपने बड़े भाई सूरजभान सिंह के साथ पशुपति पारस के खेमे में शामिल हो गये थे।

धर्म न जात करे सबकी बात
लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास)

■ खगड़िया व समस्तीपुर सीट पर दो नए प्रत्याशियों को उतारा
■ 2019 के लोकसभा चुनाव में लोजपा ने छह सीट से चुनाव लड़ा था

### चिराग पासवान ने पशुपति पारस को नहीं दी पार्टी में जगह

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में हाजीपुर (सु) सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान के भाई लोक जनशक्ति उम्मीदवार पशुपति कुमार पारस ने महागबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) उम्मीदवार पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम को पराजित किया। लोजपा में टूट के बाद पशुपति कुमार पारस ने अपनी अलग पार्टी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) बना ली। राजग में सीट बंटवारे से नाराज होकर पशुपति कुमार पारस ने राजग का दामन छोड़ दिया। वहीं, अब चिराग पासवान ने भी चाचा पशुपति पारस को अपनी पार्टी में जगह नहीं दी है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी ने दुनिया भर में कराई फजीहत : अखिलेश यादव

**कन्नौज,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चुने हुए मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी ने दुनिया भर में फजीहत करवा दी है। कई देशों में इसके विरोध में आवाज उठ रही है। कहा कि चुनाव हारने के डर से भाजपा चुने हुए मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार करवा रही है। लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रचार अभियान का आगाज करने कन्नौज पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपा को कई मुद्दों पर जमकर घेरा। कहा कि एक तरफ भाजपा वाले 400 पार का नारा दे रहे हैं। दूसरी तरफ सरकार जाती दिखने की घबराहट में विपक्षी पार्टियों को निशाना बनाया जा रहा है। पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी से गिरफ्तार करवाया। अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करवा लिया। विश्वगुरू बनने का दावा कर रहे थे, अब दुनिया में थू-थू हो रही है। यह कार्रवाई घबराहट में की जा रही है। भाजपा वाले झूठ बोलने में माहिर हैं। झूठ बोलकर देश की सत्ता हासिल की। अब हकीकत सामने आने पर सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में नौ बार पेपर लीक का मुद्दा उठाया।

■ सपा अध्यक्ष ने भाजपा को कई मुद्दों पर जमकर घेरा



### चुनावी बांड ने भाजपा की बैंड बजा दी है

अखिलेश यादव ने कहा कि चुनावी बांड ने भाजपा की बैंड बजा दी है। ईडी-सीबीआई का डर दिखाकर कंपनियों से चुनावी चंदा लिया गया। बदले में उन्हें मनमाना मुनाफा कमाने की छूट दी गई। इस कारण महंगाई बढ़ी है। कोरोना के दौरान जिस वैक्सीन को लेकर शोर मचा रहे थे, उस कंपनी से भी करोड़ों का चंदा ले लिया। इसी बहाने कंपनियों को खुली छूट दी गई। नतीजे में महंगाई बढ़ गई। ज्यादा मुनाफा कमाना भी भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। अब इस चंदा वसूली की हकीकत सामने आने के बाद भाजपा के पास जवाब नहीं है। जनता के सामने इनकी हकीकत सामने आ गई है।

## हृदय से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ा : डॉ कालरा

**नई दिल्ली।** हृदय रोग वैश्विक स्तर पर गंभीर स्वास्थ्य समस्या रही है, लगभग सभी उम्र के लोगों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। वैश्विक हेल्थ रिपोर्ट्स पर नजर डालें तो पता चलता है कि पिछले दो-तीन दशकों में हृदय से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ा है। कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल के निदेशक एवं दिल मशहूर डॉक्टर : आरएन कालरा के अनुसार एक-दशक पहले तक हृदय रोगों को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्याओं के तौर पर देखा जाता रहा था, हालांकि अब कम उम्र के लोगों- बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में इसका खतरा देखा जा रहा है। इतना ही नहीं साल-दर साल यह जानलेवा रोग नई-नई चुनौतियां भी बढ़ाते जा रहा है। डॉ आर एन कालरा कहा कि जश्न में अक्सर लोग असिमित मात्रा में शराब का सेवन कर लेते हैं। जो कि दिल के लिए अत्यंत घातक है ऐसे में हृदयाघात की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने बताय कि हृदय रोगों का जोखिम पूरे साल देखा गया। 20 साल से भी कम उम्र के लोगों की कहीं डीजे पर डांस करते, जिम में वर्कआउट के दौरान मौत के मामले रिपोर्ट किए गए।



## मांड़या सीट से कांग्रेस उम्मीदवार गौड़ा ने की 223 करोड़ की संपत्ति घोषित

**बेंगलुरु,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के मांड्या लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार वेंकटरमणे गौड़ा ने अपनी संपत्ति की घोषणा की है, जिसमें कुल 223 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति शामिल है। गौड़ा की संपत्ति में विकसित संपत्ति, भूमि, वाणिज्यिक भवन और आवासीय भवन शामिल हैं। इसके अतिरिक्त वह स्टार इंफ्राटेक के भी मालिक हैं। उनकी संपत्ति मुख्य रूप से रियल एस्टेट और बैंक खातों के रूप में है, जिसकी कीमत 29.94 करोड़ रुपए है। उनके पास हालांकि अपेक्षाकृत कम नकदी है और कोई आभूषण या कीमती सामान नहीं है। विशेष रूप से उन पर महत्वपूर्ण देनदारियां भी हैं, जिसमें कुल 31.37 करोड़ रुपए का बैंक ऋण है जो उनकी कुल संपत्ति और वित्तीय स्थिति को प्रभावित करता है। गौड़ा की पत्नी कुसुमा कृष्णगौड़ा एक व्यवसायी हैं, जो 182 करोड़ रुपए की चल संपत्ति, 62.55 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति और 6.80 करोड़ रुपए की विकसित अचल संपत्ति की मालकिन हैं। उनकी चल संपत्ति में 127 करोड़ रुपए की स्व-अर्जित संपत्ति और 19.93 करोड़ की विरासत में मिली संपत्ति शामिल है। उनके पास 36.39 करोड़ रुपये की वाणिज्यिक इमारतें और 16.09 करोड़ रुपये की आवासीय इमारतें भी हैं। कुसुमा पर 2.21 करोड़ का बैंक ऋण है। इसके अतिरिक्त, उनके पास 2.29 करोड़ रुपए मूल्य के 4,200 ग्राम सोने के गहने, 15.08 लाख रुपए मूल्य के 71 कैरेट हीरे और 21.50 लाख रुपए मूल्य की 25.6 किलोग्राम चांदी है।



■ गौड़ा के पास कोई आभूषण या कीमती सामान नहीं

**राजनीति** *जम्मू-कश्मीर की राजनीति ने नजर आ रहा अलग ट्रेंड*

# उधमपुर लोस क्षेत्र में कम होती जा रही प्रत्याशियों की संख्या

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। हालांकि इसके प्रति कोई सर्वेक्षण नहीं हुआ है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है पर यह सच है कि जम्मू और कश्मीर में उधमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में संसदीय प्रतिनिधित्व के लिए उम्मीदवारों की संख्या और विविधता में एक अलग ट्रेंड नजर आ रहा है। यह चुनाव मैदान में उतरने वालों की संख्या को लेकर है।

अपने पहले चुनाव में मामूली तीन दावेदारों से लेकर 1996 में चौंका देने वाले 40 उम्मीदवारों तक, उधमपुर के चुनावी परिदृश्य ने क्षेत्र के गतिशील राजनीतिक उत्साह को प्रतिबिंबित किया है। 1967 में अपनी स्थापना के बाद से, निर्वाचन क्षेत्र ने एक उल्लेखनीय प्रगति पथ तय किया है। 1967 में अपने उद्घाटन चुनाव में, उधमपुर में तीन उम्मीदवारों के साथ मामूली प्रतिस्पर्धा देखी गई। दावेदारों में कांग्रेस, भारतीय जनसंघ और जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रतिनिधि शामिल थे। कांग्रेस उम्मीदवार जीएम ब्रिगेडियर विजयी हुए, जिसने बाद की चुनावी गतिशीलता के लिए मंच तैयार किया। इसके उपरांत 1971 में, उम्मीदवारों की संख्या दोगुनी होकर आठ हो गई, जो बढ़ते राजनीतिक परिदृश्य को दर्शाता है।



■ 1971 में उम्मीदवारों की संख्या दोगुनी होकर आठ पहुंची थी

कांग्रेस और भारतीय जनसंघ के अलावा पहली बार पंजाब का राजनीतिक दल शिरोमणि अकाली दल भी मैदान में उतरा राजनीतिक भागीदारी का विस्तार हुआ, जिससे उधमपुर की संसदीय सीट में रुचि बढ़ी। इसी तरह से 1989 में उधमपुर से 24 उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने से चुनावी क्षेत्र का और विस्तार हुआ। निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या बढ़ गई, जिनमें अधिकांश दावेदार शामिल थे। कांग्रेस, जनता दल, भाजपा, पैंथर्स पार्टी और प्रोटिस्ट ब्लॉक ऑफ इंडिया ने भी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे। यह भी सच है कि 1996 में रिकॉर्ड तोड़ मतदान हुआ, जिसमें अभूतपूर्व 40 उम्मीदवार जीत के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। भाजपा, कांग्रेस, जनता दल, बसपा और पैंथर्स पार्टी जैसी प्रमुख पार्टियों ने 34 स्वतंत्र उम्मीदवारों के एक महत्वपूर्ण दल के साथ चुनाव लड़ा। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच भाजपा उम्मीदवार चमन लाल गुप्ता विजयी हुए, जो चुनावी उत्साह का उदाहरण है। पर 2004 में उम्मीदवारों की संख्या घटकर 20 हो गई, जो राजनीतिक भागीदारी में एकीकरण को दर्शाता है। निर्दलीय उम्मीदवार उल्लेखनीय रहे, जिनमें प्रतियोगियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा शामिल था। कम दावेदारों के बावजूद, विविध राजनीतिक विचारधाराओं के प्रतिनिधित्व के साथ चुनावी परिदृश्य जीवंत बना रहा।

इस वर्ष आगामी चुनाव में, 12 उम्मीदवार संसदीय प्रतिनिधित्व के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जो उम्मीदवारों की संख्या में गिरावट की प्रवृत्ति को जारी रखता है।

उल्टा पुल्टा

टीचर ने गधे के सामने एक दारू की और एक पानी की बाल्टी रख दी। गधा पानी पी गया। टीचर स्टूडेंट से : तुमने इससे क्या सीखा ?
स्टूडेंट्स : जो दारू नहीं पीता वो गधा होता है।

# केजरीवाल के साथ एकजुट आप विधायक

## सुनीता केजरीवाल से मिले आप विधायक व पार्षद कहा, जेल से चलेगी सरकार

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली के मंत्री, आम आदमी पार्टी के सभी विधायक व पार्षद पहली बार सुनीता केजरीवाल से मिले। मुख्यमंत्री आवास पर इस दौरान सभी ने दावा किया कि दिल्ली सरकार जेल से चलेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस्तीफा देने की जरूरत नहीं है। इस दौरान सभी विधायकों ने अरविंद केजरीवाल के साथ एकजुट खड़े रहने का दावा किया। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा नहीं देना चाहिए। भाजपा तो चाहती है कि वह इस्तीफा दें। इसके लिए भाजपा कैंपेन भी चलाएगी, लेकिन जब वो इस्तीफा दे देंगे तो यही भाजपा कहेगी कि वो भाग गए। सुनीता केजरीवाल विधायकों का यह संदेश अरविंद केजरीवाल तक पहुंचाएगी। बैठक के बाद मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि करीब दो दर्जन विधायकों ने अपनी बात सुनीता केजरीवाल के सामने रखी। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अब भाजपा द्वारा सबसे पहले नंबर एक पर उनकी गिरफ्तारी होगी। दूसरे नंबर पर आतिशी, तीसरे पर राघव चड्ढा और चौथे नंबर पर दुर्गेश पाठक को गिरफ्तार किया जाएगा। भाजपा पार्टी की तोड़ना चाहती है लेकिन पार्टी टूटेगी नहीं।



**आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश रच रही भाजपा : सौरभ भारद्वाज**

**विधायकों के बाद पार्षदों से मिली सुनीता**

मुख्यमंत्री आवास पर विधायकों के बाद आम आदमी पार्टी के सभी पार्षद पहुंचे। सभी पार्षदों ने कहा कि वें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ हैं। इस संकट के घड़ी में पार्षद आप के साथ खड़े हैं और भाजपा की कोशिश पूरी नहीं होने देंगे। भारद्वाज ने कहा कि ईडी और सीबीआई के जांच में डेढ़ साल पहले विजय नायर ने यह बयान दिया था कि वह मुख्यमंत्री केजरीवाल को नहीं सौरभ भरद्वाज और आतिशी को रिपोर्ट करते हैं। इस बयान को कोर्ट में मुख्यमंत्री के हवाले से ईडी ने पेश किया। इसके बाद सोशल मीडिया पर जमकर प्रचार प्रसार किया गया कि अरविंद केजरीवाल ने अपने दो मंत्रियों को फंसा दिया। इस तरह अरविंद केजरीवाल को भी बदनाम किया गया। आज भाजपा और ईडी एक है। ओछी राजनीति की की जा रही है। आज जो भी हो रहा है यह देश के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस्तीफे के लिए अभियान चलाएगी। इससे पहले लोकपाल बिल के समय पर जब वो पास नहीं हो पाया था, तब सीएम पर इस्तीफे का दबाव बनाया गया था। जब उन्होंने इस्तीफा दे दिया तो कहा गया कि वो भाग गए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में सत्ता हासिल करने का सपना देख रही भाजपा को अभी लंबा इंतजार करना होगा। पिछले 25 सालों भाजपा इसी कोशिश में लगी हुई है, लेकिन उसका सपना पूरा नहीं हुआ। आने वाले दिनों में भी यह सपना पूरा होना आसान नहीं है।

### जेल की सलाखें बढ़ाएगी भाजपा की मुश्किल : केजरीवाल



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा कि जेल की सलाखें भाजपा के लिए मुश्किल बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि ये बात हम सबको समझ आ रही है कि जब तक जेल में रहेंगे, भाजपा के लिए मुश्किलें और बढ़ती जाएंगी। दरअसल सुनीता केजरीवाल के माध्यम से सीएम केजरीवाल ने जेल से आप के सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संदेश भेजा है। इसमें कहा कि मेरी चिंता न करें। मैं ठीक हूं, मजबूत हूं और मेरे इरादे पहले से ज्यादा मजबूत हैं। सीएम केजरीवाल को इस बात पर गर्व है कि उनके जाने के बाद भी उनके विधायकों, पार्षदों और संगठन के लोगों ने मिलकर रामलीला मैदान में इतनी बड़ी रैली का आयोजन किया।

## दो भाइयों ने सगे बड़े भाई को छत से फेंका,मौत

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली के महेंद्र पार्क इलाके में बाल्टी चोरी करने की बात को लेकर हुए विवाद में दो भाइयों ने अपने सगे बड़े भाई के साथ मारपीट कर उन्हें पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया। पीड़ित को तुरंत पास के अस्पताल में ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

मृतक की शिनाख्त राजेश के रूप में हुई है। पुलिस ने राजेश की पत्नी के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपी दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर मामले की छानबीन कर रही है। राजेश अपनी पत्नी सविता और 12 साल के बेटे के साथ रामगढ़ गांव में अपने मकान में रहते थे। इसी मकान के भूतल पर इनके दो छोटे भाई पवन और सूरज भी अपने परिवार के साथ रहते थे।

राजेश बेलदारी का काम करते थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार रात साढ़े दस बजे एक महिला ने पुलिस को फोन कर बताया कि उसके देवरों ने पति को पहली मंजिल से नीचे फेंक दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घर के सामने खून बिखरा पड़ा था। पुलिस को पता चला कि घायल राजेश को परिवार वाले बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले गए हैं।

## संजय सिंह की वापसी से दोगुनी हुई ताकत : रोमी भाटी

### रिहाई पर नेता और कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डू

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पिछले छह महीने से तिहाड़ जेल में बंद संजय सिंह के जमानत पर आम आदमी पार्टी के नेता रोमी भाटी और दक्षिणी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी सही राम पहलवान ने आया नगर में कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ लड्डू बांटे और गुलाल लगाकर जश्न मनाया। इस उपलक्ष्य पर रोमी भाटी ने कहा कि संजय सिंह भारतीय राजनीति के शेर हैं, उन्होंने जोर-जोर से कई बार कहा है कि नरेंद्र मोदी उनके खिलाफ एक रुपए का भ्रष्टाचार साबित नहीं कर पाएंगे और आज यह बात सही साबित हो गई जब अदालत में ये कहा गया की संजय सिंह के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। भाटी ने कहा कि आज सारे कार्यकर्ता और दिल्ली की जनता के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। हम सब जानते हैं कि संजय सिंह ने अपना पूरा जीवन एक फक्कड़ की तौर पर पूरी सादगी से जिया है और उनके ईमानदारी पर किसी को कोई शक नहीं है। वहीं, राम पहलवान ने कहा कि आम आदमी पार्टी के चुनाव में एक नई जान आ जाएगी। दिल्ली की जनता केजरीवाल के साथ है और अब अदालत भी कह रहा है की कोई भी सबूत दिखाई नहीं दे रहा है।



सहीराम ने ये भी कहा कि कार्यकर्ताओं को अब और संगठित होकर भाजपा का सामना करना है और आगामी चुनाव पर केंद्र सरकार को मुंहतोड़ जवाब देना है। रोमी भाटी ने अंत में ये कहा कि हम जानते थे की संजय सिंह ईमानदार हैं, लेकिन अब इतनी गहन जांच करके श्रेष्ठ ने इस बात को साबित भी कर दिया है।

**सार संक्षेप**

### चुनाव आयोग से मिला कांग्रेस नेताओं का प्रतिनिधिमंडल

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को चुनाव आयोग से मिला। आयोग से मिलने के बाद कांग्रेस नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि चुनाव आयोग से मिलकर उन्होंने चार मुद्दों पर अपनी बात रखी है। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि ईसीआई के सामने उन्होंने आंध्र प्रदेश में हो रही सभी घोषणाओं में सीएम की तस्वीर के इस्तेमाल की बात रखी। उन्होंने बताया कि ईसी के समक्ष हमने इस पर चिंता जताई और इसे हटाए जाने की मांग की। इस पर ईसीआई ने बताया कि इस मामले में आयोग पहले ही निर्देश जारी कर चुका है। इसके अलावा आयोग के सामने कांग्रेस नेताओं ने कहा कि किसी भी तरह की नई योजनाओं को लागू न होने दिया जाए। इस पर आयोग ने कहा कि पुरानी योजनाओं में नए लाभार्थियों को नहीं जोड़ा जा सकता. साथ ही पार्टी ने दिल्ली में जगह-जगह होर्डिंग्स और कैरिकेचर लगाए जाने का भी मुद्दा उठाया. पार्टा प्रतिनिधिमंडल के अनुसार विपक्षी नेताओं पर आरोप लगाए जाने संबंधित पोस्टर राजधानी दिल्ली में लगाए गए हैं और उसपर इसे जारी करने वालों का जिक्र नहीं है. इसकी अनुमति नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने ऐसे ही एक पोस्टर, जिसमें जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस से का जिक्र है, पर चिंता जताई।

### सफदरजंग अस्पताल में घटेगा अल्ट्रासाउंड के लिए इंतजार

**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा का विस्तार होगा। अस्पताल को सीएसआर फंड की मदद से कई चिकित्सीय उपकरण प्राप्त हुए हैं। इनमें अल्ट्रासाउंड मशीन प्रमुख हैं। इसकी मदद से स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में महिलाओं की जांच में तेजी आएगी। इसके अलावा मरीजों के इलाज में विस्तार व गुणवत्ता के लिए अन्य उपकरण भी आए हैं। इसमें फेको इमल्सीफिकेशन जिसका इस्तेमाल मोतियाबिंद का इलाज के लिए, ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप, इलेक्ट्रॉनिक बेड, आरओ प्लांट, वॉटर एटीएम, वेन व्यूअर्स, पोर्टेबल मॉनिटर, व्हीलचेयर और ट्रॉलियां लाई गई हैं। इनकी मदद से मरीजों की सुविधाओं में विस्तार होगा। इस मौके पर अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. वंदना तलवार ने कहा कि ट्रॉली बेड मरीजों के साथ-साथ मेडिकल स्टाफ के लिए मददगार होगा। फेको इमल्सीफिकेशन प्रणाली एक उन्नत सर्जिकल उपकरण है। इसकी मदद से मोतियाबिंद का सटीक इलाज हो सकेगा। यह मोतियाबिंद के रोगियों को उनकी दृष्टि वापस पाने में मदद करने के लिए आवश्यक है। पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन को निदान, रोगी की देखभाल और सुविज्ञ चिकित्सा निर्णय लेने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण माना जाता है।

### युवक की हत्या कर शव घर के भीतर दफनाया, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आनंद पर्वत इलाके में युवक की पीटकर हत्या करने के बाद उसका शव घर की नाली में गड्ढा कर दफना दिया गया। परिजनों ने जब पुलिस से शिकायत की तो हत्याकांड की गुत्थी से पर्दा उठा। मृतक की शिनाख्त अलीगढ़ निवासी माधव सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या के मामले में दंपती समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**Name Change**

I, Ram Kishan & Ram Krushna Patel both name are mine. For all future purposes I shall be known as Ram Krushna Patel S/o Halke Ram R/o B-135, Gali No.-6, Chand Bagh Karawal Nagar Delhi-110094

# तिहाड़ में बेचैनी के बीच गुजरी केजरीवाल की पहली रात

## डायबिटीज के कारण मिलेगा घर का खाना, घर के बिस्तर पर सोएंगे

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। आबकारी मामले में ईडी की हिरासत खत्म होने के बाद एक अप्रैल को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तिहाड़ जेल में पहली रात बेचैनी के साथ बीती और इस कारण उनका शुगर लेवल कम हो गया। उन्हें जेल नंबर दो में रखा गया है। सुरक्षा के मद्देनजर सीएम को बैरक में अकेले रखा गया है और उनके बैरक के पास स्थित दो अन्य बैरक खाली रखे गए हैं। जेल नंबर दो में सीएम के अलावा करीब 650 अन्य कैदी बंद हैं। केजरीवाल ने जेल में पहली रात कोर्ट के आदेशनुसार घर से आया खाना खाया, लेकिन उनकी रात बेचैनी बेचैनी से गुजरी बिस्तर घर से मिला था लेकिन फिर भी ठीक से सो नहीं पाए। सीएम केजरीवाल को तिहाड़ में विचाराधीन कैदी संख्या 670 दी गई है। उन्हें सोमवार रात जेल में घर से आया हुआ खाना दिया गया। सूत्रों का कहना है कि सीएम केजरीवाल को जेल में बेचैनी हो सकती है, क्योंकि उनके लिए यहां एक नई जगह है। दरअसल, उन्हें तिहाड़ के जेल नंबर 2 के वार्ड नंबर 3 में रखा गया है। यहां एक छोटी सी बैरक है, जो लगभग 14 फूट लंबा और 8 फुट चौड़ा है। इसी में टॉयलेट भी बना हुआ है। ऐसे में वहां पर रहना, खाना और सोना इतना आसान नहीं होता है, इसलिए नींद भी सही तरीके से नहीं आ पाती है। केजरीवाल जब जेल पहुंचे तो जेल सुरक्षाकर्मियों ने उनकी और उनके सारे सामान की भी जांच की, जिसके बाद उन्हें तिहाड़ के जेल नंबर 2 में ले जाया गया। मंगलवार की सुबह छह बजे उनकी बैरक खोल दी गई। केजरीवाल ने पहले योगा किया फिर सात बजे उन्हें चाय और दलिया दिया गया । 10.30 से 11.00 बजे के बीच उन्हें घर से लाया गया भोजन मिला। दोपहर 03.30 बजे दोबारा जेल में बनी चाय और बिस्किट मिले और शाम 6 बजे बैरक बंद कर दी जाएगी। शाम 7 बजे उन्हें रात्रि का दोबारा घर से लाया गया भोजन दिया जाएगा। केजरीवाल को जेल नंबर दो में एक कुर्सी, टेबल के साथ टीवी भी दिया गया है। वह समाचार चैनल के साथ दूरदर्शन के कार्यक्रम देख सकेंगे। उन्हें कोर्ट के आदेश से मिलने वाली सुविधाओं के अलावा बाकी आम कैदियों की तरह की सुविधाएं मिलेंगी। हर दिन पत्नी-बच्चों सहित 6 लोगों से मिल सकेंगे केजरीवाल कोर्ट के आदेशनुसार उन्हें तिहाड़ जेल में प्रतिदिन 6 आगंतुकों से मिलने की इजाजत होगी।



### बैरेक के बाहर हर वक्त तैनात रहेंगे चार सुरक्षाकर्मी

बैरेक के बाहर 4 सुरक्षाकर्मी हर वक्त तैनात रहेंगे और बैरेक को 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में रखा जाएगा। जेल सूत्रों के मुताबिक, जेल नंबर 2 में सीएम केजरीवाल के बैरेक में सीमेंट का बनाया हुआ एक चबूतरा है, जिसमें उन्होंने घर से लाया अपना कंबल, गद्दा और तकिया लगाया। इसके अलावा उन्हें 2 बाल्टी दी गई है, एक बाल्टी में पीने का पानी रखा जाता है, जबकि दूसरी बाल्टी नहाने या कपड़ा धोने का पानी रखने के काम आती है। इसके अलावा एक जग भी दिया गया है। 24 घंटे स्पेशल क्यूआरटी टीम तैनात रहेगी जेल अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा में 24 घंटे स्पेशल क्यूआरटी टीम की तैनाती की गई है।

## केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है : गौरव भाटिया

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर आड़े हाथों लेते हुए मंगलवार को कहा कि अब भ्रष्ट आचरण से केजरीवाल की नैतिकता समाप्त हो चुकी है और दिल्ली की जनता उनसे मुक्ति चाहती है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए इंडिया समूह पर जमकर हमला बोला और भ्रष्टाचार के आरोप में संलिप्त दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा जेल से सरकार चलाने पर सवाल उठाए। भाटिया ने इंडिया समूह पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर सारे कट्टर बेईमान, पापी और भ्रष्टाचारी हैं तो दूसरी ओर एक ईमानदार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

देश की जनता इन भ्रष्टाचारियों से अपने पैसे का हिसाब मांग रही है। दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सबसे पहले प्रवर्तन निदेशालय के नौ समन पर उपस्थित नहीं हुए। केजरीवाल अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय गए, जहां उन्हें शराब घोटाले का प्रथम दृष्टया आरोपी ठहराया गया और राहत नहीं दी गई। केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय न्यायालय और फिर पुनः दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर की और दोनों ही जगह इनकी याचिका खारिज कर दी गई तथा अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गत 14 महीने से जेल में बंद मनीष सिसोदिया को प्रवर्तन निदेशालय, उच्च न्यायालय और शीर्ष न्यायालय सहित कहीं से कोई राहत नहीं दी गई। भाटिया ने केजरीवाल के दोहरे मापडंड पर सवाल पूछा कि केजरीवाल ने जब मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन की गिरफ्तारी पर उनसे इस्तीफा लिया था, तो श्री केजरीवाल स्वयं गिरफ्तार होने पर इस्तीफा क्यों नहीं दे रहे हैं आज दिल्ली की जनता ऐसी सरकार की हकदार है जो जनता के प्रति ईमानदार रहे, न कि एक ऐसी सरकार जिसका सीएम भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरा हो,जो सिर्फ अपनी जेब भरता हो और जो जेल के अंदर से सरकार चलाने की इच्छा रखता हो। दिल्ली की जनता आज कह रही है कि बहुत हो गया आपका भ्रष्टाचार अब 'साड्डा हक एथ्थे रख।

भाटिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नैतिकता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। यह अत्यंत चिंताजनक विषय है कि केजरीवाल जेल के अंदर से सरकार चलाने की बात कर रहे हैं, क्योंकि आम आदमी पार्टी में कोई ऐसा नेता नहीं है, जो दिल्लीवासियों की सेवा कर सके।

## भाजपा की पूरी साजिश धराशायी होगी : गोपाल राय

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी (आप) ने पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने पर मंगलवार को कहा कि वह दिन दूर नहीं जब आप के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूरी साजिश धराशायी होगी। पार्टी के नेता एवं दिल्ली के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा, आखिरकार सत्य की जीत हुई।

वो दिन दूर नहीं जब आप के खिलाफ भाजपा की पूरी साज़िश धराशायी होगी। संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से ज़मानत मिलने पर हार्दिक बधाई। देश की शीर्ष अदालत का हार्दिक धन्यवाद। इंक़लाब जिंदाबाद। आप ने एक्स पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से आज 'आप' का शेर संजय सिंह आज़ाद बाहर आ गया है।

## दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन पर सेवाओं में हुई देरी

### यात्रियों को असुविधा का करना पड़ा सामना

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन पर परिचालन में देरी के कारण मंगलवार को यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। यह लाइन गुड़गांव में मिलेनियम सिटी सेंटर और दिल्ली में समयपुर बादली के बीच चलती है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने छतरपुर और सुल्तानपुर के बीच लगाए गए अस्थायी गति प्रतिबंध के कारण सेवाओं में देरी के बारे में यात्रियों को सावधान करने के लिए एक्स पर जानकारी दी। डीएमआरसी ने एक्स पर पोस्ट किया, चरण 4 के एयरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर के लिए सुरंग के निर्माण के कारण येलो लाइन पर छतरपुर और सुल्तानपुर के बीच 20 किमी प्रति घंटे की अस्थायी गति प्रतिबंध लगाया गया है।



# दिल्ली विश्वविद्यालय में देशभर जुटेंगे नामचीन कवि

## खुशहाली फाउंडेशन द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। खुशहाली फाउंडेशन द्वारा बुधवार तीन अप्रैल को दिल्ली विश्वविद्यालय के नार्थ कैंपस के दिल्ली यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। किरोड़ीमल कॉलेज के पुर्व प्राचार्य प्रो. भीमसेन सिंह के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित इस कवि सम्मेलन में देशभर के नामचीन कवि अपनी प्रस्तुति देंगे। इस बात की जानकारी खुशहाली फाउंडेशन द्वारा दिल्ली के प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में दी गई। प्रेस वार्ता को कवि सम्मेलन के संयोजक व संचालक गजेंद्र सोलंकी, दिल्ली विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी व सांस्कृतिक परिषद दिल्ली विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन अनूप लाठर, खुशहाली फाउंडेशन के महासचिव डॉ. प्रभांशु ओझा, खुशहाली फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार डॉ. सौरभ, खुशहाली फाउंडेशन के अध्यक्ष सोनू सिंह ने संबोधित किया। खुशहाली फाउंडेशन के महासचिव डॉ. प्रभांशु ओझा ने कहा कि खुशहाली फाउंडेशन प्रो. भीमसेन सिंह के शिष्यों द्वारा उनके मार्गदर्शन में शुरु किया संस्था है। आज हम लोग जहां जिस जगह पर देश विदेश में हैं उन्हीं के आशिर्वाद एवं उनके बताए मार्ग पर चलकर पहुंचे हैं।



### कवि सम्मेलन में देशभर के जाने माने कवि हिस्सा लेंगे

कवि सम्मेलन के संयोजक व संचालक गजेंद्र सोलंकी ने बताया कि किरोड़ीमल कॉलेज के पुर्व प्राचार्य प्रो. भीमसेन सिंह के गरिमामयी यात्रा के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस विराट कवि सम्मेलन में देशभर के जाने माने कवि हिस्सा लेंगे। कवि सम्मेलन में पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, डॉ. वसीम बरेलवी, पद्मश्री अशोक चक्रधर, डॉ. हरिओम पंवार, डॉ. अनामिका जैन अंबर, श्री अरूण जैमिनी, शायरा अंजुम रहबर, राजेश रेड्डी, दिनेश रघुवंशी, जनाब ताहिर फराज, शंभू शिखर, प्रियांशु गजेंद्र एवं सूरज मणि अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को यादगार बनाएंगे।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी(एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार **दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली** निम्नलिखित ट्रेनों में **एसएलआर और पार्सल वान** (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को **02 वर्षों** के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के **ई-नीलामी** मॉडयूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है :

| क्रम संख्या | ई-नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 03.04.2024 को 10:30 बजे | 12463 (F1), 12584 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14212 (F1), 14521 (F1, F2 & R1), 14553 (R1), 22210 (F1), 22812 (F1) |
| 2. | 04.04.2024 को 10:30 बजे | 12191 (F1, F2 & R1), 12330 (F1), 12445 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 12908 (F1), 12918 (F1), 12963 (F1), 14041 (R1), 14316 (F1), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20502 (F1), 20914 (F1), 20946 (F1), 20958 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1) |
| 3. | 05.04.2024 को 10:30 बजे | 12066 (F1), 12428 (F1), 12646 (F1), 14731 (F1 & R1), 15060 (F1 & R1), 20408 (F1), 20473 (F1 & R1), 20488 (F1), 22168 (F1 & F2), 22950 (F1), 22986 (F1) |
| 4. | 08.04.2024 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12148 (R1), 12444 (F1), 12481 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 22421 (F1, F2 & R1) |
| 5. | 10.03.2024 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर **प्रत्येक गाडी में** - 12226/12225, 12236/12235, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12488/12487, 14033/14034, 22412/22411, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 तथा 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर **गाड़ी संख्या** : 22418/22417 |
| 6. | 12.04.2024 को 10:30 बजे | 12002 (F1), 12284 (F1), 12368 (F1), 12424 (F1), 12952 (F1), 14014 (F1) 14303 (F1 & R1), 14305 (F1 &R1), 14331 (F1, F2 & R1), 14545 (F1, F2 & R1), 22168 (R1) |
| 7. | 15.04.2024 को 10:30 बजे | 12011 (F1), 12017 (F1), 12029 (F1), 12040 (F1), 12148 (F1 & F2), 12425 (F1), 12455 (F1), 14041 (F1), 14553 (F2), 22454 (F1, F2 & R1) |
| 8. | 16.04.2024 को 10:30 बजे | 04304 (F1, F2 & R1), 12013 (F1), 12015 (F1), 12031 (F1), 12034 (F1), 12432 (F1), 12448 (F1), 12459 (F1), 12916 (F1), 12986 (F1), 15035 (F2), 20506 (F1), 22414 (F1), 22472 (F1, F2 & R1), 22654 (F1) |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई-नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी)**: नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का **5%** ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। **964/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में महिला संबंधी पारिवारिक विवादों को काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाते हुए टूटते परिवारों को बचाया जा रहा है। बीते साल एक महिला ने कमिश्नरेट पुलिस की महिला इकाई में ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग और उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। महिला की शादी पांच दिसम्बर 2021 को हुई थी और उसका एक बेटा भी है।

**प्रीति यादव, एडिशनल डीसीपी महिला सुरक्षा**

## जीडीए सचिव ने मधुबन बापूधाम आवासीय योजना का किया निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने मधुबन-बापूधाम योजना से सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता अभियंत्रण, विद्युत, उद्यान अधिकारी, नगर नियोजक एवं उनके अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ योजना का निरीक्षण किया गया। जिसमें मुख्यत: योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रहे अवरोधों एवं उनसे सम्बन्धित कारणों का संज्ञान लिया गया।



किसानों के विवादों से आ रही समस्या के निस्तारण पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही रिक्त सम्पत्तियों को भी संज्ञानित किया गया एवं इन सम्पत्तियों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को कार्ययोजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। मधुबन-बापूधाम योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बुनकर मार्ट में चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई एवं स्थल पर सम्बन्धित को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गए।

### जीडीए में समीक्षा बैठक आयोजित

## संपत्ति से सम्बंधित समस्याओं का होगा निस्तारण

**गाजियाबाद,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। बैठक में गत समीक्षा बैठक-1 के बिन्दुओं पर चर्चा की गई। भाउराव देवरस योजना, अम्बेडकर रोड योजना, चन्द्रशिला आवासीय योजना, गोविन्दपुरम आवासीय योजना में आवंटित सम्पत्तियों का प्रॉपर्टी मेनेजमेन्ट सिस्टम के अनुसार डेटा को सुव्यस्थित कर लिया जाए। इन योजनाओं की समीक्षा में लगभग 30 संपत्ति ऐसी पायी गई जिनकी प्रॉपर्टी आई डी बनाई गई थी परंतु आवंटित नहीं थी। इनके स्थलीय निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही संबंधित लिपिक से यह प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाए कि सभी संपत्ति का प्रॉपर्टी आई डी बना पोर्टल पर पंजीकरण कर दिया गया है।

- 30 संपत्तियों की बनाई गई प्रॉपर्टी आईडी
- संपत्ति का प्रॉपर्टी आईडी बना पोर्टल पर पंजीकरण

यदि भविष्य में कोई प्रॉपर्टी (भूखण्ड/भवन) संज्ञानित होता है जिसे छोड़ दिया गया तो इसमें लिपिक का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्रवाई की



जाएगी। यह भी सुनिश्चित करे कि किसी भी प्रॉपर्टी का दोहरीकरण न हो। उक्त योजनाओं में रिक्त/अनांवटित सम्पत्तियों का ले-आउट से परीक्षण कर सम्पत्तियों के निस्तारण के सम्बन्ध में प्रभारी सम्पत्ति एवं क्षेत्रीय अवर अभियन्ता द्वारा परीक्षण कर लिया जाए कि ले-आउट के अनुसार समस्त सम्पत्ति अध्यासित हो गई है, कोई सम्पत्ति स्थल पर रिक्त तो नहीं हैं, का पुन: मिलान कर, कार्य योजना तैयार कर अपेक्षित कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या के साथ सभी सम्बन्धित को आगामी समीक्षा बैठक दिनांक 16/04/2024 में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया।

### बाइक चोरी करने वाला गिरोह का पर्दाफाश

## तीन बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। ऑन डिमांड बाइक चोरी करने वाले एक गिरोह का नोएडा की थाना सेक्टर-142 पुलिस और स्वाट टीम-2 ने पर्दाफाश किया है। गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 17 बाइक बरामद की गई। ये दिल्ली एनसीआर में बाइक चोरी करते थे और कबाड़ियों को बेचते थे। मिले पैसों को आपस में बांटकर उससे मौज मस्ती करते थे। ये गैंग चार साल से सक्रिय था। पहले भी जेल जा चुके है।

- 17 बाइक बरामद, 4 साल से थे सक्रिय

एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इन तीनों को क्रॉस चौराहे के पास जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया। दो बाइक से तीन लोग थे। इनको रुकने का इशारा किया गया। बाइक सवार व्यक्तियों द्वारा रुकने के बजाय भागने का प्रयास किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्पर्ता दिखाते हुए भागने का मौके न देकर 03 बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान नईम उर्फ रहीम, इमरान, जुल्फिकार हुई है। इन तीनों पर पहले भी दिल्ली, गाजियाबाद एवं गौतमबुद्धनगर में गई चोरी एवं लूट के आपराधिक मुकदमे दर्ज है। उन्होंने बताया कि यह अन्तरराज्यीय गैंग मोटरसाइकिल एवं स्कूटी चोरी करने का गिरोह है। जिसका मास्टरमाईंड इमरान है।



यह गिरोह नोएडा, गाजियाबाद, हापुड, दिल्ली एवं एनसीआर क्षेत्र में घर के बाहर व बाजारों में खड़ी मोटरसाइकिल एवं स्कूटी को डिमांड के आधार पर चोरी करते थे। उक्त गैंग लगभग 04 सालों से एक्टिव है। यह गिरोह रैकी करके सेक्टरों, मार्केट और घरों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को चुराते थे। गिरोह चोरी की गई मोटरसाइकल एवं स्कूटी को अपने ही गैंग के सदस्य जुल्फिकार को बेचते थे और उनसे मिले पैसों से शौक पूरे करते थे। जुल्फिकार न्यू अशोक नगर दिल्ली में रहता है। जिसके द्वारा नईम एवं इमरान से लगभग 4 सालों से लगातार चोरी की मोटरसाइकिल को खरीदकर उन्हें पकड़े जानें के डर से काट कर स्पेयर पार्ट्स में बेच देता था।

## सार संक्षेप

### सीआएपीएफ में तैनात महिला के घर से घरेलू सहायिका ने की चोरी

**नोएडा।** सेक्टर 28 में रहने वाली वाली एक महिला ने उनके घर पर काम करने वाली घरेलू सहायिका पर सोने के चेन चोरी करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर उन्होंने सेक्टर-20 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में अनिता जोशी ने बताया कि वह परिवार के साथ साथ सेक्टर 28 में रहती हैं। इसके साथ ही वह केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में सहायक कमांडेंट के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि 18 मार्च को उन्होंने घरेलू कामकाज के लिए निठारी की रहने वाली पुष्पा को अपने घर पर नौकरी पर रखा था। उन्होंने बताया कि नौकरी पर रखने के बाद वह सिर्फ पांच दिन तक ही काम पर आई। इस 25 मार्च से वह उनके घर पर काम पर नहीं आ रही थी। इसके बाद उन्होंने उसको फोन लगाया तब इस दौरान लगातार उसका फोन बंद आने लगा। जिसके बाद उन्होंने अपनी अलमारी में जाकर देखा तो उनका सोने का चेन गायब था। पीड़िता महिला ने बताया कि उनको पूरा संदेह है, कि उनका चेन पुष्पा ने चुराया है। पीड़िता के मुताबिक चोरी हुए चेन की कीमत लाखों में है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत

**नोएडा।** बाजार से घर का सामान लेकर लौट रहे युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मारकर घायल कर दिया। राहगीरों की मदद से युवक को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने फेज दो थाने में अज्ञात चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया है। शिकायत में सेक्टर-87 निवासी रवि चौबे ने बताया कि उसका बड़ा भाई शिवम चौबे 29 मार्च 2024 की शाम किसी विशेष काम से सेक्टर-93 पैदल गया था। वापस लौटते समय बाजार से कुछ सामान लेकर घर वापस आ रहा था। इसी दौरान शिवम चौबे को तेजी से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल को अस्पताल पहुंचाने की बजाय आरोपी चालक मौके से वाहन समेत फरार हो गया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से वाहन और चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**नोएडा।** सेक्टर 51 में पान की दुकान करने वाले एक युवक की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर उसमें रखे हजारों का सामान चोरी करके फरार हो गए। इसको लेकर पीड़ित ने सेक्टर 49 थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में पिंटू चौरसिया ने बताया कि 17 मार्च की रात को वह अपनी दुकान में ताला लगा के घर चले गए। जिसके बाद जब दूसरे दिन सुबह आठ बजे वह दुकान खोलने के लिए पहुंचे दो उन्होंने देखा उनकी दुकान का ताला टूटा हुआ था।

### भाजपा ने इंडिया गठबंधन पर लगाई आरोपों की झड़ी

## ये घोटाले बाजों की बारात है, इनको सिर्फ झूठ बोलना : नितिन अग्रवाल

**नोएडा,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। हाल ही में दिल्ली में हुई इंडी गठबंधन की रैली को लेकर भाजपा सरकार ने जमकर हमला बोला। प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने तंज कसते हुए कहा कि हम सबने देखा की ये भ्रष्टाचारी सम्मेलन था। पीएम बोलते है भ्रष्टाचार हटाओ। ये कहते है भ्रष्टाचार बढ़ाओ। ये घोटाले बाजों की बारात है। इनसे भ्रष्टाचार पर बात न हो। पश्चिम बंगाल ने इनके साथ में चुनाव लड़ने के लिए माना कर दिया। यूपी में कांग्रेस को कोई भाव नहीं दे रहा। इनका काम सिर्फ झूठ बोलो, जानबूझकर घोटाले करो, विक्टिम कार्ड खेलो।

ये सारे चोर एक साथ एक मंच पर एकत्रित हो गए। पकड़े जाओ तो जोर जोर से बोलो। इनके नेता देश तोड़ने के बात करते हैं। ये रामचरित मानस के अपमान पर भी चुप रहते है। झूठे आरोप लगाते है और चुप रहते है। आप पार्टी के नेताओं को कोर्ट ने जमानत देने से इंकार कर दिया। लालू यादव पर कोर्ट से फैसला आने वाला है। भ्रष्टाचार इनके लिए शिष्टाचार बन गया है। हर राज्य में यूपी इंडी का गठबंधन है। आकाश से पाताल तक घोटाले तक कांग्रेस का नाम है।

कांग्रेस के नेता जिस पार्टी को बुरा कहते थे आज उन्ही के साथ है। सपा ने सिर्फ घोटाले किए। परिवारवाद से पीड़ित थी। सनातन धर्म मंदिर पर





स्वामी प्रसाद पर कोई कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस बताए की टैक्स चोरी की या नहीं। आप बताएं की उनकी पत्नी अघोषित सीएम है या नहीं। उनके मंत्री को जमानत क्यों नहीं मिल रही। ये सिर्फ भ्रष्टाचार की गारंटी ले सकते है। और मोदी जी की ये गारंटी है जिसने देश में भ्रष्टाचार किया है। जिसने देश का पैसा खाया है। उसे पैसा लौटाना ही होगा। उन्हें जेल जाना ही होगा। ये मोदी जी की गारंटी भी है। इसी गारंटी के साथ मोदी जी देश की जनता के सामने गए।

देश की 140 करोड़ की जनता इसी विश्वास के साथ मोदी जी के साथ खड़ी है। हम जिस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे है जनता हमे पूरा सहयोग देगा। हम तीसरी बार एक बार फिर से बहुमत की सरकार यानी अबकी बार 400 पार की लक्ष्य पूरा होगा।

## पुलिस ने काउंसलिंग कर अलग रह रहे पति-पत्नी को मिलाया

**नोएडा,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। अतिरिक्त दहेज की मांग करने के साथ ही जब ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला को शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ित करना शुरू किया तो वह बेटे के साथ पति से अलग रहने लगी। दंपती के बीच तल्खी इतनी बढ़ गई कि दोनों ने दूसरे से बात करना भी छोड़ दिया और परिवार टूटने की कगार पर आ गया। आखिर में पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों और पीड़ित महिला की काउंसलिंग की। इसके बाद पति-पत्नी कभी लड़ाई न करने की बात कहते हुए हमेशा साथ रहने के लिए राजी हो गए।

एडिशनल डीसीपी महिला सुरक्षा प्रीति यादव ने बताया कि पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में महिला संबंधी पारिवारिक विवादों को काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाते हुए टूटते परिवारों को बचाया जा रहा है। बीते साल एक महिला ने कमिश्नरेट पुलिस की महिला इकाई में ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज की मांग और उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। महिला की शादी पांच दिसम्बर 2021 को हुई थी और उसका एक बेटा भी है। बीते साल दिसंबर से पति-पत्नी अलग रहने लगे। प्रार्थना पत्र पर एफडीआरसी ग्रेटर नोएडा की टीम व शारदा यूनिवर्सिटी की प्रोफेशनल काउंसलर की मदद से काउंसलिंग कराई गई और सुलह समझौते के प्रयास किए गए। मंगलवार को शारदा यूनिवर्सिटी की प्रोफेशनल काउंसलर्स की टीम व एफडीआरसी नॉलेज पार्क की टीम के प्रयासों से पति-पत्नी में आपस में समझौता हो गया और दोनों प्रेम पूर्वक साथ रहकर जीवन व्यतीत करने पर सहमत हो गए। मध्यस्थता के जरिए उनकी टूटती हुई गृहस्थी को बिखरने से बचाया जा सका। एसीपी महिला सुरक्षा सौम्या सिंह ने बताया कि कई बार पारिवारिक वाद-विवाद इतने बढ़ जाते हैं कि रिश्तों में कटुता आने लगती है तथा परिवार टूट जाते हैं। परंतु महिला एवं बाल सुरक्षा द्वारा चलाए जा रहे मिडिएशन व काउंसलिंग सेंटर में रिश्तों में आए मतभेदो को दूर करवाते हुए परिवारों को जोडने का प्रयास किया जाता रहा है। 2023 में लगभग 3000 दर्ज प्रकरणों का समझौते के आधार पर निस्तारण कराया गया है।

## 18 माह की लापता बच्ची को परिजनों से मिलाया

**नोएडा,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हुई 18 माह की बच्ची को पुलिस ने परिजनों से मिला दिया। सेक्टर-39 थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को सलारपुर गांव के स्वरूपा गेट के पास एक 18 माह की बच्ची को लावारिस हालत में रोते हुए लोगों ने देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। बच्ची अपना नाम और पता बताने में असमर्थ थी। सूचना मिलते ही एक महिला पुलिसकर्मी के नेतृत्व में बच्ची को परिजनों से मिलाने के लिए टीम बनाई गई। उसकी फोटो को सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर साझा किया गया। सलारपुर गांव के दुकानों समेत अन्य जगहों पर मौजूद लोगों को बच्ची की तस्वीर दिखाई गई और उसके बारे में जानकारी करने का प्रयास किया गया। काफी प्रयास के बाद एक व्यक्ति ने बच्ची को पहचान लिया और उसके घर का पता दिया। इसके बाद पुलिस की टीम ने बच्ची के पिता से संपर्क किया और उनके सुपुर्द किया।

जानकारी करने पर पता चला कि बच्ची का नाम सोना है। वह महोबा के नितिन की बेटी है। बच्ची की मां का भंगेल स्थित एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। बच्ची को लेकर पिता नितिन बाजार गया था। वह वहीं से गायब हो गई। बच्ची को पाकर पिता के चेहरे पर मुस्कान लौट आई और उन्होंने पुलिस का आभार प्रकट किया।

## बीमार वृद्ध के साथ बेटे ने की मारपीट

**बुलंदशहर,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के गांव जोनचाना निवासी 75 वर्षीय बीमार वृद्ध भभूति सिंह ने बुलंदशहर एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वह काफी दिन से बीमार चल रहा



- एसएसपी से शिकायत कर लगाई सुरक्षा की गुहार

है। और ककोड कोतवाली क्षेत्र के कस्बा झाझर स्थित अपने एक परिचित राजकुमार के घर पर रह रहा है जो उसकी बुढ़ापे में उसकी नि:स्वार्थ सेवा कर रहा है वह अब अपने घर जाना नहीं चाहते लेकिन उसका बेटा संपत्ति के लालच मै उसे अपने अपने साथ घर ले जाना चाहता है और उसके साथ मारपीट करता है लेकिन अब वह घर नहीं जाना चाहता है। और बताया कि वह अपने बेटे से आतंकित होकर डर कर करीब 20 वर्ष से भी ज्यादा समय से गैर जनपदों में आश्रम में रहकर अपना समय काटा और गुजारा किया। वृद्ध का आरोप है कि उसका बेटा आवारा किस्म का इंसान है उससे पहले भी वह संपत्ति को बीचवा दिया और ऐसे ही उड़ा दी अभी भी उसका बेटा जमीन के लालच में ही मेरे साथ इस तरह का दुर्व्यवहार कर रहा है। और बताया की कई वर्ष पूर्व भभूति अपने परिचय राजकुमार के पास झाझर आया और अपनी आपबीती सुनाई तो झाझर निवासी राजकुमार ने पीड़ित भभूति सिंह को अपने घर में रखा और निष्पक्ष सेवा भाव से उसकी पिछले 4 वर्षों से सेवा कर रहा है। लेकिन यह बात उसके बेटे और परिजनों को पता चली तो उसका बेटा और भतीजा पीड़ित को अपने साथ लें जाने को उसके पास झाझर पहुंचे और अपने साथ लें जाने लगे लेकिन वह नहीं गया तो वो लोग मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित ने इसकी शिकायत कोतवाली ककोड में की लेकिन वहा पर कोई सुनवाई नहीं हुई तो 75 वार्षिय पीड़ित वृद्ध भभूति सिंह ने एसएसपी बुलंदशहर को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## कारोबारी की गला घोंटकर हत्या करने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। लूट का विरोध करने पर युवक की हत्या करने वाले एक ऑटो चालक के हेल्पर को गिरफ्तार किया है। मृतक का शव टीला मोड़ थाना इलाके में मिला था। जबकि वह कश्मीरी गेट दिल्ली का निवासी था। उसके कब्जे से एक ऑटो भी बरामद किया गया है।

डीसीपी ट्रांसहिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि 9 अक्टूबर 2023 को टीला मोड़ थाना इलाके में एक युवक का शव बरामद हुआ था। जिसकी पहचान उसकी राजू श्रीवास्तव के रूप में हुई थी। जो कश्मीरी गेट पर ऑटो पार्ट्स की दुकान चलाते थे। उनकी पत्नी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 7 अक्टूबर 2023 को मेरे पति शाम को 8.00 बजे अपनी ऑटो पार्टस की दुकान बन्द करके घर पर आ रहे थे परन्तु मेरे पति घर नही पहुंचे। मैंने अपने पति को सभी रिश्तेदारी और मिलने-जूलने वाले व्यक्तियों से काफी पता किया। लेकिन मेरे पति का कुछ पता नहीं चला। शव मिलने के बाद पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में राजू की मृत्यु दम घोटने के कारण होना पाया गया है।

पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया। थाना टीला मोड़



- लूट का विरोध करने पर दी थी हत्या

पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इनपुट, सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व मुखबिर की सूचना के आधार पर घटना में संलिप्त शुभम चौहान निवासी ए-1/163 प्रेम विहार शिव विहार करावल नगर दिल्ली को भोपुरा तिराहे से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त शुभम ने बताया कि मेरा दोस्त जितेन्द्र उर्फ जीतू प्रेम विहार शिव विहार करावल नगर थाना करावल नगर दिल्ली 94 किराये का ऑटो चलाता था तथा मुझे भी अक्सर अपने साथ सवारियो से किराया लेने के लिये ले जाया करता था। 7 अक्टूबर 2023 की शाम को जीतू ने ऑटो मालिक बब्लू से किराये पर लिया था तथा हम लोग कश्मीरी गेट युधिष्ठिर फ्लाई ओवर के पास पहुंचे तो वहां एक व्यक्ति नशे की हालत मे वाहन की प्रतीक्षा मे खड़ा था। उसने हमारे ऑटो को हाथ दिया तो हम लोगो ने उसे नशे मे देखकर लूटने के इरादे से अपने ऑटो मे पीछे वाली सीट पर बैठा लिया और दूसरे पुस्ते पर निर्माणाधीन दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे के नीचे ओयो ग्रान्ड रेजीडेन्सी होटल के सामने पहुंच गए। इसके बाद ऑटो को सड़क के किनारे बायीं तरफ सुनसान जगह पर रोक लिया। तब हम दोनो ने उसके रुपए और मोबाइल फोन लूटने का प्रयास किया तो वह व्यक्ति हमारे साथ झगड़ा करते हुए चिल्लाने लगा।

इस पर मेरे साथी जितेन्द्र उर्फ जीतू ने उसे जान से मारने की नीयत से उसकी गर्दन को अपने हाथो की एलबो से दबाते हुए चोक लगाई एवं मैने उसके हाथ पकड़ते हुए उसके मुंह एवं नाक को हाथ से दबा लिया ताकि वह सांस ना ले सके जिसके कारण कुछ ही समय में ही उसकी मृत्यु हो गई और उस व्यक्ति के शव को छिपाने के उद्देश्य से उसी ऑटो में पीछे वाली सीट के पीछे डालकर गाजियाबाद में भोपुरा तिराहे से आगे ओक्सी होम्स सोसाईटी के थोड़ा आगे रोड़ के किनारे छोटी-छोटी झाड़ियो में फैक गए थे।

## भाजपा व रालोद की समन्वय बैठक सम्पन्न

**गाजियाबाद,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल की समंवय बैठक का आयोजन लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में किया गया। बैठक का

- भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प

उद्देश्य दोनों दलों और कार्यकर्ताओं के समंवय को स्थापित करना था ताकि भाजपा प्रत्याशी को जिताया जा सके। गाजियाबाद लोकसभा की जीत को ऐतिहासिक बनाने का रहा। इस महत्वपूर्ण बैठक के संयोजक पूर्व महापौर आशु वर्मा थे।

राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव त्रिलोक त्यागी ने अपने संबोधन में कहा



देश के प्रधानमंत्री मोदी ने स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह का सम्मान करके हम सभी के दिलों को जीता है हम अपने आप को एनडीए का मजबूत हिस्सा साबित करने के लिए अतुल गर्ग की जीत को ऐतिहासिक बनाने का काम करेंगे हमारे पार्टी के कार्यकर्ता और नेता की उपयोगिता आपके साथ पूरे लोकसभा क्षेत्र में जहां चाहे वहां उपयोग में तत्पर रहेगी। भाजपा के प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि एनडीए गठबंधन इस बार 400 पार के नारे को साकार करने की शुरुआत गाजियाबाद की ऐतिहासिक जीत के साथ करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक आशु वर्मा ने कहा दालों की मजबूरी कभी-कभी राजनीतिक पृष्ठभूमि में हो सकती है। बैठक में आरएलडी जिलाध्यक्ष अमित त्यागी, महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, विधायक अजीत पाल त्यागी लोकसभा एनडीए प्रत्याशी अतुल गर्ग, पूर्व चेयरमैन मनोज धामा, इंद्रजीत सिंह टीटू, अमरजीत बिड्डी, धर्मपाल, मनवीर चौधरी, अजय वीर चौधरी, ओडी त्यागी, कमल जाटव, बलदेव राज शर्मा, अशोक मोंगा, पृथ्वी सिंह, भूपेंद्र, अनिल स्वामी, राजेंद्र त्यागी, सरदार एसपी सिंह, महामंत्री पप्पू पहलवान गोपाल अग्रवाल सुनील यादव राजेश्वर प्रसाद संदीप त्यागी, प्रदीप चौधरी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता दोनों दलों से मौजूद रहे।

## आईपीएल पर सट्टा खिलाने वाले दो सटोरिए गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना नन्दग्राम पुलिस ने आईपीएल मैच में सट्टा लगाते हुए दो सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक लैपटॉप, दो मोबाइल फोन व तीन लाख 65 हजार रुपए बरामद किये गए हैं। आरोपियों में बन्टी त्यागी निवासी सद्दीक नगर सिहानीगेट थाना नन्दग्राम व नरेश निवासी जीतमल एमसी वाली गली नियर सदर थाना भटिंडा पंजाब हैं। बन्टी त्यागी ने पूछताछ में बताया कि जब वह डासना जेल में निरुद्ध था तो जेल में ही दिल्ली के रहने वाले अजय छक्कन नाम के व्यक्ति से



- लैपटॉप, मोबाइल फोन व तीन लाख नगद बरामद

मिला था। जो काफी दिनों से सट्टा चला रहा है और वही अब ग्राहक लाकर देता है और सारे रुपये पैसों का हिसाब किताब भी वही रखता है। हम दोनो बैटिंग असिस्टेंट आई बुक की सहायता से सहायता से ग्रहकों को जुआ खिलवाते है।

उवाच

मतदाताओं को जागरूक करने में स्कूली बच्चों का भी बहुत ही अहम रोल है उनके माध्यम से रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया जाए। स्वीप कार्यक्रम के तहत डोर-टू-डोर अभियान चलाकर घर-घर 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' स्लोगन के स्टीकर चस्पा करते हुए घर के सभी सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है एवं साथ ही उनको उनके बूथ संख्या एवं मतदाता सूची में नाम होने की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।
**मनीष कुमार वर्मा, जिला निर्वाचन अधिकारी**



# यमुना शहर के सेक्टर-20 में 14 एकड़ में विकसित किया जाएगा सेंट्रल पार्क

- 37 नए पार्क विकसित किए जाने की तैयारी, यीडा सिटी में पार्कों की संख्या हो जाएगी 100
- पार्कों के रखरखाव, हरियाली और सौंदर्यीकरण पर खर्च किए जाएंगे 75.23 करोड़
- गलगोटिया विवि के पास बनेगा गोल चक्कर, एयरपोर्ट जाने वालों को होगा अलग एहसास
- पहले से विकसित किए गए 63 पार्कों में बच्चों के लिए झूले लगाने का काम शुरू





**ग्रेटर नोएडा,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण के आवासीय सेक्टर-20 में 14 एकड़ में सबसे बड़ा सेंट्रल पार्क विकसित किया जाएगा। सेक्टर के बी-ब्लॉक में जगह चिन्हित कर इसका लेआउट प्लॉन तैयार कर लिया गया है। जल्द ही निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

इसके अलावा 37 नए पार्क और विकसित किए जाएंगे। वहीं पहले से विकसित किए गए 63 पार्कों में झूले लगाने व बाउंड्रीवॉल का काम शुरू कर दिया गया है। पार्कों के रखरखाव, सौंदर्यीकरण व हरियाली के लिए इस वित्तीय वर्ष में उद्यान विभाग का बजट 75.23 करोड़ रुपए रखा गया है,जो गत वित्तीय वर्ष से दोगुना है।

> **यीडा सिटी के सेक्टरों में 37 नए पार्क विकसित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है इसके साथ पार्कों की संख्या 100 हो जाएगी। सेक्टर-20 के ब्लॉक बी में 14 एकड़ में सेंट्रल पार्क विकसित किया जाएगा, जो सबसे बड़ा होगा।**
> **डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ यमुना प्राधिकरण**

दरअसल नोएडा एयरपोर्ट से आगामी सितम्बर माह में प्रस्तावित उड़ान शुरू होने के बाद यीडा सिटी के आवासीय सेक्टरों में बसावट शुरू हो जाएगी। सेक्टर-18 व 20 में अब तक लगभग 16,800 आवंटियों को कम्प्लीशन सर्टिफिकेट जारी किए जा चुके हैं। इसको देखते हुए प्राधिकरण ने मूलभूत सुविधाओं के साथ पार्कों को विकसित करने और बाउंड्रीवॉल का काम शुरू कर दिया है,जिससे कि यहां रहने वाले लोगों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। सेक्टर-18, 20 व 22डी सहित विभिन्न सेक्टरों में 37 नए पार्क विकसित किए जाने की तैयारी चल रही है, जबकि 63 पार्क पूर्व में विकसित किए जा चुके हैं। सेक्टर-20 के ब्लॉक-बी में 14 एकड़ में सेंट्रल पार्क विकसित किया जाएगा, जो शहर का सबसे बड़ा पार्क होगा। इसका लेआउट प्लॉन तैयार कर लिया गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही निविदा प्रक्रिया जारी पार्कों को विकसित करने और सौंदर्यीकरण का काम शुरू कर दिया जाएगा।

### 106 वाटर बॉडी का किया जाएगा सौंदर्यीकरण

यमुना प्राधिकरण अधिसूचित क्षेत्र में स्थित तालाब व झील सहित 106 वाटर बॉडी का सौंदर्यीकरण करेगा। इसके सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। व्हिल फाउंडेशन और माता अमृतानंद संस्था द्वारा 27 तालाबों का सौंदर्यीकरण किया गया है।

### इस साल रोपित किए जाएंगे 1.55 लाख पौधे

यमुना प्राधिकरण साल 2024- 25 में 1 लाख 55 हजार पौधे रोपित करेगा, जबकि शासन द्वारा 69 हजार का लक्ष्य दिया गया है। इस मानसून सत्र में 1.55 लाख पौधे रोपित कर प्राधिकरण रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। इससे पहले 2023-24 में 1 लाख 20 हजार पौधे रोपित किए गए थे।

### सुंदरता व हरियाली का होगा अलग एहसास

नोएडा एयरपोर्ट और यीडा सिटी में जाने वाले लोगों को सुंदरता व हरियाली को लेकर एक अलग एहसास होगा। प्राधिकरण क्षेत्र के प्रमुख इंट्री प्वाइंट गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पास चौराहा और दनकौर के पास तिरंगा चौक विकसित किया जाएगा। जीरो प्वाइंट से जेवर तक 40 किमी लंबी सर्विस रोड को चमकाने के साथ हरियाली के मामले में अव्वल बनाया जाएगा। इस पर लगभग 10- 11 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

# यमुना प्राधिकरण में संपत्तियों की बढ़ी नई आवंटन दरें लागू

- आवासीय व औद्योगिक सहित सभी श्रेणी के भूखंडों की आवंटन दरों में 5.2 फीसदी की वृद्धि
- 12 मार्च को हुई प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में आवंटन दरों में की गई थी वृद्धि
- लॉन्च की गई योजनाओं पर भी लागू होगी नई दर
- भूखंड आवंटन पत्र जारी होने के दिन की मानी जाती है दर

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण द्वारा आवासीय व औद्योगिक सहित सभी श्रेणी के भूखंडों की आवंटन दरों में की गई वृद्धि एक अप्रैल से लागू हो गई है। अब नई दरों पर भूखंड आवंटित किए जाएंगे। अहम बात यह है कि पूर्व में लॉन्च की गई उन योजनाओं पर भी नई दर लागू होगी, जिनमें अभी भूखंड आवंटित नहीं किए गए हैं। आवंटन पत्र जारी होने की तिथि मानी जाती है। आचार संहिता की वजह से जून में भूखंड आवंटित किए जाएंगे।

दरअसल यमुना प्राधिकरण ने बीते माह 12 मार्च को हुई बोर्ड बैठक में जमीनों की आवंटन दरों में 5.2 फीसदी की वृद्धि की थी। नई आवंटन दर 1 अप्रैल 2024 से लागू हो गई है। इससे यीडा सिटी में मकान बनाना और उद्योग लगाना और अधिक महंगा हो गया है।

पिछले करीब दो माह के दौरान प्राधिकरण द्वारा अलग-अलग श्रेणी में लॉन्च की गई 11 योजनाओं में जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। इस बीच लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई। योजनाओं में आवेदन करने वाली कंपनियों और शैक्षणिक संस्थानों को भूखंडों का आवंटन नई दर पर लोकसभा चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जून में किया जाएगा। हालांकि इनमें आवासीय प्लॉटों की कोई योजना नहीं है।

बता दें कि प्राधिकरण ने व्यवसायिक डाटा पार्क, संस्थागत, ग्रुप हाउसिंग, पेट्रोल पंप, मिक्स लैंड यूज, मिल्क बूथ व अन्य श्रेणी में भूखंडों की योजना लॉन्च की है अब इन सभी का आवंटन जून में होगा।

- श्रेणी 2023- 24 की आवंटन दर 2024- 25 की आवंटन दर
- आवासीय 24,600 वर्गमीटर 25,900 वर्गमीटर
- वाणिज्यिक 49200 वर्गमीटर 51,800 वर्गमीटर
- ग्रुप हाउसिंग 30,750 वर्गमीटर 32,375 वर्गमीटर

### मेडिकल डिवाइस पार्क की आवंटन दर में भी 5 फीसदी की बढ़ोत्तरी

मेडिकल डिवाइस के आवंटन दरों में भी 5 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई है। अब 4000 वर्गमीटर तक के भूखंड के लिए 7,360 प्रति वर्गमीटर की दर से निर्धारित की गई है। यीडा सिटी के सेक्टर- 28 में केंद्र सरकार की योजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में अब तक 74 कंपनियों को भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं।

# गौशाला कर्मचारियों पर गौवंश को खुले में छोड़ने का आरोप

**जेवर,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गांव गोविंदगढ़ रोड स्थित गौशाला के दरवाजे पर पंचायत का आयोजन कर कर्मचारियों पर गौवंश को खुले में छोड़ने व भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने 15 दिन में समस्या का समाधान किये जाने की मांग की और मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।



- बीकेयू ने पंचायत कर जताया आक्रोश

भारतीय किसान यूनियन के नेता रहीश ठाकुर ने बताया कि गांव गोविंदगढ़ रोड पर स्थित गौशाला के कर्मचारी भ्रष्टाचार कर रहे हैं तथा गौवंश को खुले में छोड़ देते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि तीन दिन के अंदर गौशाला से करीब 100 गौवंश को छोड़ दिया है। जिसकी वजह से किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल को नष्ट कर दिया है जिससे किसानों का भारी नुकसान हुआ है। पंचायत में पहुचे यमुना प्राधिकरण के सक्षम अधिकारियों संजय सिंह को ज्ञापन सौंपा तथा उनके आश्वासन पर पंचायत को समाप्त किये जाने की घोषणा की। इस मौके पर धीरज चौधरी, चौधरी पवन सिंह चौरोली, गौरव पंडित, मुस्तकीम राजपूत आदि सेंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोसाइटी की 8वीं मंजिल से गिरकर घरेलू सहायिका की हुई मौत

- पुलिस विभिन्न पहलुओं पर कर रही है जांच
- परिजनों का दुष्कर्म व हत्या का आरोप

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट की गौड सिटी सोसाइटी की आठवीं मंजिल से मंगलवार को एक नौकरानी संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिरने मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद की विजय नगर निवासी आंचल गौड सिटी-2 में काम करती थी। वह सोसाइटी की आठवीं मंजिल पर एक फ्लैट में काम करने के लिए पहुंची थी। उसी दौरान वह रेलिंग से संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गई। सूचना मिलने पर मृतका के परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

परिजनों ने आरोप लगाया है कि दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई है। विरोध में परिजनों ने सोसाइटी में इक्ट्ठा हो गए। उसके बाद इन्होंने सड़क जाम कर पुलिस के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। मृतका के चाचा संजीव ने अपनी भतीजी की हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने पूरे मामले में निष्पक्ष तरीके से जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। उधर, घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर परिजनों को शांत करया। साथ ही उन्हें जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया है। बिसरख थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस की जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर देखा कि युवती फ्लैट में काम करने के बाद बाहर निकली और वह सही सलामत थी। उसके बाद उसने फोन पर किसी से बात की जिसके बाद उसने ऊपर से कूद कर जान दे दी। पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि जिस शख्स से वह बात कर रही थी वह कौन है और उसे क्या बात कर रही थी।

# महिला को नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म

- अदालत ने दिया मामला दर्ज करने का आदेश

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। नौकरी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने के मामले में जिला न्यायालय ने मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पुलिस को निर्देशित किया है कि मामले में 20 दिन के अंदर स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। अधिवक्ता वीरेंद्र नागर बादलपुर ने बताया कि बताया कि वह ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र में रहती है। उसकी पड़ोस में ही रहने वाले रवि शेखर से जान पहचान थी। बीते 19 जनवरी की दोपहर रवि पीड़िता के घर पर आया। उसने महिला को नौकरी लगवाने का झांसा दिया और महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने इसकी वीडियो भी बना ली। वीडियो के दम पर आरोपी ब्लैकमेल करता रहा और उसको धमकी देता कि पुलिस से शिकायत की तो वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर देगा। हिम्मत करके पीड़िता ने मामले में कोर्ट में अर्जी दाखिल की और साक्ष्य वीडियो के बारे में बताया। कोर्ट ने मामले में सुनवाई कर कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

# बच्चे बनेंगे स्वीप कार्यक्रम के ब्रांड एम्बेस्डर



- अभिभावकों व पड़ोसियों को करेंगे प्रेरित
- पीटीएम में बच्चों व अभिभावकों को बताया जाएगा लोकतंत्र का महत्व

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के निजी एवं सरकारी विद्यालयों में आयोजित होने वाली पी.टी.एम. में बच्चों तथा अभिभावकों को बताया जाएगा लोकतंत्र के महत्व में के विषय में बताया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में सम्पन्न स्वीप कमेटी की बैठक में बताया कि जनपद के स्कूल/कॉलेज के छात्र-छात्राओं को ब्रांड एम्बेस्डर बनाया जाएगा, जो अपने सहपाठियों, अभिभावकों तथा पड़ोसियों को मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि पी.टी.एम. में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को मतदान की शपथ दिलायी जाएगी। साथ मतदान के उपरांत बच्चें स्कूलों में यह भी अवगत कराएंगे की उनके अभिभावकों ने मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप कार्यक्रम के नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिए कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में पीटीएम कराते हुए अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए शत-प्रतिशत जागरूक किया जाए।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने में स्कूली बच्चों का भी बहुत ही अहम रोल है उनके माध्यम से रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया जाए। स्वीप कार्यक्रम के तहत डोर-टू-डोर अभियान चलाकर घर-घर 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' स्लोगन के स्टीकर चस्पा करते हुए घर के सभी सदस्यों को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है एवं साथ ही उनको उनके बूथ संख्या एवं मतदाता सूची में नाम होने की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि मतदान के दिन किसी भी मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करने में किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप कार्यक्रम के नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान से पूर्व 24 अप्रैल तक घर-घर 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' स्लोगन के स्टीकर चस्पा करने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारीध्नोडल अधिकारी स्वीप जनार्दन सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार तथा स्वीप कार्यक्रम से जुड़े अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# जीबीयू व योट्टा डी वन डेटा सेंटर के बीच आरएंडडी सेन्टर व एआई एआई एप्लिकेशन के लिए समझौता

- गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति के नेतृत्व में एक टीम ने डेटा सेन्टर का किया दौरा





**ग्रेटर नोएडा,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय से एक प्रतिनिधिमंडल, कुलपति रवींद्र कुमार सिन्हा के नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा में प्रसिद्ध योट्टा डी1 डेटा सेंटर का दौरा किया, जिससे शैक्षणिक प्रबंधन को क्रांति लाने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के एक उन्नत एआर एंड डी केंद्र की स्थापना के दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। योट्टा, भारत में अग्रणी हाइपरस्केल डेटा सेंटर ऑपरेटर और क्लाउड सेवा प्रदाता है। इस दौरान डॉ. संदीप सिंह राणा, डॉ. अनुराग सिंह बघेल, डॉ. राजू पाल, डॉ. अरुण सोलंकी, राजकुमार शामिल हुए। इस दौरे में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय और योट्टा के बीच सहयोगात्मक रास्तों की खोज करना था, जिसमें एक नवाचारिक और अनुसंधान प्रक्रिया में उन्नत तकनीक का सहारा लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और एमएल क्षेत्र में शैक्षणिक और अनुसंधान प्रक्रियाओं को सुधारने पर ध्यान केंद्रित था। दौरे के दौरान, योट्टा की एप्लिकेशन सेवा टीम, जिसका नेतृत्व राजेश गर्ग और आशीष श्रीवास्तव ने किया, प्रतिनिधिमंडल को एडयूनिवर्स के माध्यम से परिचित कराया।

एडयूनिवर्स भारतीय शैक्षणिक संस्थानों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है, जो विश्वविद्यालय प्रशासन को सुगम बनाने के लिए एक सदाबहार समाधान प्रदान करता है। इस दौरान गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय और योट्टा के बीच सहयोगी पहल के संभावित उपक्रमों पर प्रकाश डाला गया, जो योट्टा डेटा सेंटर के समर्थन के साथ जीबीयू में एक आर एंड डी सेंटर स्थापित करने के लिए सहयोगी पहलों की संभावना जताया गया है। गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय की दल ने भी उच्च गति की कंप्यूटिंग सुविधाओं का उपयोग कर उनके कैम्पस में एक एआई लैब स्थापित करने की योजना खोली। जीबीयू के कुलपति रवींद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि हम एडयूनिवर्स और योट्टा के उन्नत तकनीकों के द्वारा हमारे विश्वविद्यालय के ऑपरेशन को बदलने और हमारे छात्रों और स्टेकहोल्डर्स के लिए एक उत्कृष्ट शैक्षिक अनुभव प्रदान करने के संभावनाओं से उत्साहित हैं।

# स्कॉर्पियों सवार ने मारी टक्कर, हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 2 मार्च (देशबन्धु)। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र के साकीपुर गोलचक्कर के पास स्कॉर्पियों ने सड़क पर खड़े एक शख्स को टक्कर मार दी। बताया गया है कि स्कॉर्पियों सवार ने दो बार उन्हें टक्कर मारी। उनकी मौत हो जाने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, साकीपुर शराब के ठेके के पास सर्विस रोड पर मूलरूप से सैनिक कॉलोनी काशीपुर निवासी गोकुल प्रसाद शर्मा खड़े हुए थे। उसी दौरान वहां से गुजर रही एक स्कॉर्पियों कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

आरोप है कि कुछ दूरी पर जाने के बाद स्कॉर्पियों सवार रुका और फिर वापस कार को मोड़कर लेकर आया। बाद में उसने पीछे से कार को गोकलपुर शर्मा के उपर चढ़ा दी। मौके पर उनके दोस्त भी वहां खड़े हुए थे। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घायल को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन चालक के खिलाफतेजी व लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि कानूनी कार्रवाई की जा रही है। शीघ्र ही घटना कारित करने वाली अज्ञात स्कॉर्पियो गाड़ी व चालक की जानकारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रौनीजा में उप जिलाधिकारी, जेवर द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 04 /एस.टी.-एस.डी.एम/2020 दिनांक 26.11.2020 से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र के अनुसार निम्न प्रकार मृतक भगवानी पत्नी साहबराम निवासी ग्राम रौनीजा के स्थान पर उनके वारिसानों/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रौनीजा | 362<br>634<br>642 | श्रीमती भगवानी पत्नी साहबराम निवासी ग्राम रौनीजा, परगना जेवर, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | जयचन्द | पुत्र | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सतवीर | पुत्र | 27 वर्ष | विवाहित |
| | | | | बलेश्वरी | पुत्री | 45 वर्ष | विवाहित |
| | | | | कविता | पुत्री | 35 वर्ष | विवाहित |
| | | | | राजेश | पुत्री | 30 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सीमा | पुत्री | 28 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अट्टा गुजरान में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 579 /एस.टी.-एस.डी.एम/2023 दिनांक 08.06.2023 श्री डिप्टी प्रसाद शर्मा पुत्र नत्था राम शर्मा नि0 ग्राम निलौनी शाहपुर, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु 04.08.2011 को हो चुकी है उनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज कर दिया जायेगा।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| निलौनी शाहपुर | 11,<br>68,<br>299 | श्री डिप्टी प्रसाद शर्मा पुत्र नत्था राम शर्मा नि0 ग्राम निलौनी शाहपुर, परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती रामवती देवी | पत्नी | 75 वर्ष | |
| | | | श्री तोताराम | पुत्र | 59 वर्ष | |
| | | | श्री तेजराम | पुत्र | 52 वर्ष | |
| | | | श्री राकेश कुमार शर्मा | पुत्र | 48 वर्ष | |
| | | | श्री सतीश कुमार शर्मा | पुत्र | 45 वर्ष | |
| | | | श्री संजय कुमार शर्मा | पुत्र | 32 वर्ष | |
| | | | श्रीमती पुष्पा शर्मा | पुत्री | 52 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती उषा देवी शर्मा | पुत्री | 34 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 3 अप्रैल 2024

*संस्थापक-सम्पादक :* स्व. मायाराम सुरजन

# सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव को पिलाया कानून का काढ़ा

योग गुरु के रूप में मिली लोकप्रियता के सहारे आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण एवं बिक्री का पतंजलि के नाम से बड़ा व्यवसायिक साम्राज्य खड़ा करने वाले बाबा रामदेव तथा उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट ने कानून के महत्व तथा ताकत का एहसास कराया। शीर्ष अदालत ने उनके खिलाफ दायर एक मामले की सुनवाई के दौरान उनके द्वारा कोर्ट के आदेशों की अवहेलना के लिये जमकर फटकार तो लगाई ही, उन्हें इसके परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहने को भी कहा। सुप्रीम कोर्ट ने चेताया कि उनके खिलाफ झूठी गवाही का मामला भी बनता है। अदालत ने केन्द्र को भी नहीं बख्शा जो पतंजलि के झूठे विज्ञापनों की ओर से आंखें बंद किये बैठी रही। सुप्रीम कोर्ट का लहज़ा इतना सख्त था कि भारतीय जनता पार्टी के संरक्षण में बढ़े रामदेव एवं बालकृष्ण दोनों ही माफी मांगते नज़र आये।

मामला इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से पिछले वर्ष एक याचिका दायर की गई थी जिसमें पतंजलि के इस दावे को गलत बताया था कि योग अस्थमा व डायबिटीज़ को पूरी तरह से ठीक कर सकता है। इसके मद्देनज़र सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को निर्देश दिया था कि वह कोई भी भ्रामक विज्ञापन प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित न करे। नवम्बर, 2023 में पतंजलि की ओर से दायर शपथ पत्र में ऐसा करने का आश्वासन दिये जाने के बावजूद कंपनी की ओर से विज्ञापन दिये जाते रहे। उस सुनवाई में कंपनी के वकील द्वारा भी निर्देशों के पालन का भरोसा जताया गया था। इतना ही नहीं, रामदेव-बालकृष्ण की ओर से इस विषय पर प्रेस कांफ्रेंस भी की गई। यह बात कोर्ट के संज्ञान में आई और पतंजलि को जारी नोटिस की मंगलवार को हुई सुनवाई में दोनों को फटकार लगाई गई। कोर्ट ने नाराजगी जतलाई कि एक ओर तो पतंजलि अपने दायर हलफनामे में माफी मांग रही है, वहीं वह भ्रामक विज्ञापन भी जारी कर रही है। इतना ही नहीं, उसकी ओर से मीडिया कांफ्रेंस भी की जाती है। यह माफी मांगने का तरीका बिलकुल नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने अगली सुनवाई 10 अप्रैल को मुकर्रर की है जिसमें दोनों को फिर से उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। साथ ही केन्द्र को भी नोटिस जारी की गई है।

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस हिमा कोहली एवं जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने इस बात पर भी नाराज़गी व्यक्त की कि अपने हलफनामा में पतंजलि ने कुछ ऐसे दस्तावेज जोड़े हैं जो सुनवाई के बाद की तारीखों के हैं। इसलिये इसे झूठी गवाही और गलत हलफनामा दायर करने का भी मामला बतलाते हुए दोनों को आगाह किया कि वे इसके परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहें। देखना यह है कि आगामी सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट क्या फैसला लेता है। अपने हलफनामे में पतंजलि के इस कथन से भी कोर्ट नाराज़ था जिसमें कहा गया था कि ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स (मैजिक रेमेडीज़) एक्ट काफी पुराना हो गया है। इसे लेकर भी कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की कि हर विद्यमान कानून का सम्मान होना चाहिये, चाहे वह किसी भी अदालत का हो। न्यायालय ने कहा कि दोनों ने (रामदेव-बालकृष्ण) हर सीमा लांघ दी है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि दोनों को अदालत में दिये गये आश्वासनों का पालन करना ही होगा। सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी की गाज केन्द्र पर भी गिरी। अदालत ने आश्चर्य जताया कि जब पतंजलि कोविड के दौरान बाजार में यह कह रही थी कि उसका (कोरोना) एलोपैथी में कोई इलाज नहीं है तब केन्द्र क्यों आंखें बंद रखे हुई थी।

उल्लेखनीय है कि 2011 के अन्ना हजारे के नेतृत्व में हुए लोकायुक्त आंदोलन में और भी ज्यादा लोकप्रियता बटोरकर तथा भाजपा सरकार की शह पाकर एक बड़ा कारोबारी साम्राज्य खड़ा करने वाले रामदेव अपने विवादास्पद बयानों एवं गतिविधियों के लिये जाने जाते हैं। कांग्रेस के डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाले कार्यकाल में रामदेव भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़े झंडाबरदार बन गये थे। उन्होंने ही दावा किया था कि विदेश में रखा काला धन आने पर लोगों को टैक्स लेने की ज़रूरत नहीं होगी और पेट्रोल 35 रुपये प्रति लीटर मिलने लगेगा। यह अलग बात है कि पिछले दस वर्षों से योगाचार्य इस मामले में मौन धारण किये हुए हैं। स्वदेशी उत्पादों तथा परंपरागत चिकित्सा पद्धति का राग अलापने वाले रामदेव ने बाजार के रूझान को देखते हुए वे सारी चीजें बनानी व बेचनी शुरू कर दीं जो आधुनिक जीवन पद्धति के हिस्से हैं। इनमें तरह-तरह के सौंदर्य प्रसाधनों से लेकर खाद्य सामग्रियां शामिल हैं। इतना ही नहीं, कंपनी मैगी जैसे पदार्थ भी बनाने लगी जो विदेशी व्यंजन तो है ही, स्वास्थ्य के लिये बेहद खतरनाक भी हैं। आज भारत का शायद ही कोई शहर होगा जहां पतंजलि उत्पादों की बिक्री न होती हो और कोई गांव ऐसा नहीं मिलेगा जहां पतंजलि द्वारा निर्मित किसी न किसी उत्पाद के उपभोक्ता न हों। वैसे यह भी जानना ज़रूरी है कि पतंजलि के ज्यादातर उत्पाद गुणवत्ता के मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं।

सुप्रीम कोर्ट में आज जो रामदेव अपने सहयोगियों के साथ कानून के सामने शीर्षासन करते नज़र आये, उन्होंने भारत के लोगों का कोरोना काल में बड़ा अहित किया था। एक तो उनके कारण बड़ी संख्या में लोगों का भरोसा वैज्ञानिक तरीकों से तैयार की गई संक्रमणरोधी दवाओं पर से विश्वास उठ गया तथा उसके एवज में पतंजलि ने आनन-फानन में तैयार की गई दवा का बड़े पैमाने पर निर्माण कर बाजार में खूब पैसा कमाया। पर्याप्त प्रयोगों व उनके परिणामों की वैज्ञानिक जांच के बिना कोई भी दवा लाभ की बजाय नुकसानदेह ही होती है पर रामदेव ने अंग्रेजी दवाओं को बेकार बतलाते हुए लोगों को बरगलाया भी था।

# इलेक्टोरल बॉन्ड्स पर मोदी का बयान कितना विश्वसनीय ?

मीडिया के ही नहीं, अमूनन सभी तरह के सवालों से बचकर रहने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को एक तमिल न्यूज़ चैनल को साक्षात्कार देकर सभी को चौंका दिया। लोग आश्चर्यचकित इसलिये तो हैं ही कि मोदी ने मीडिया से बात की, इस बात से कहीं अधिक चकित हैं कि उन्होंने ऐसी योजना पर अपनी पीठ थपथपाई है जिसे देश के सर्वोच्च न्यायालय ने 'असंवैधानिक' करार दिया है। कायदे से ऐसी योजना पर तो किसी भी देश के पीएम को शर्मिंदगी होनी चाहिये और देश से माफी मांगनी चाहिये थी कि उन्होंने ऐसी योजना लाई जिसके बारे में न्यायपालिका का सर्वोच्च मंच ऐसा मानता है। बहरहाल, अपने दस वर्षीय कार्यकाल की समापन बेला में खड़े मोदी की केवल इस बात के लिये तारीफ़ नहीं करनी चाहिये कि उन्होंने एक विवादास्पद योजना इलेक्टोरल बॉन्ड्स पर बात की है क्योंकि अब तक देश ने उनके आम खाने के तरीके, जेब में बटुवा रखने या न रखने, 18-18 घंटे काम करने के बावजूद न थकने का रहस्योद्घाटन करने, पसीने से चेहरे को चमकाने का राज बताने या फिर मगरमच्छ पकड़कर घर ले आने जैसे अपने हैरतअंगेज़ कारनामे बतलाते हुए ही देखा-सुना है। अपवादस्वरूप सुप्रीम कोर्ट के दबाव में मणिपुर की घटना पर कुछ मिनटों का बयान या अमेरिका की मीडिया कांफ्रेंस में पत्रकार बिरादरी से एकमात्र सवाल लेने वाले मोदी अगर किसी ज्वलंत विषय पर लम्बी बात करते हैं तो स्वाभाविकत: उसके मायने समझने की ज़रूरत है।

मोदी के साक्षात्कार की कुछ बातें जो रेखांकित किये जाने योग्य हैं, उनमें से पहला तो उनका यह कहना कि 'जो लोग आज इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर नाच रहे हैं वे कल पछताएंगे।' सवाल यह है कि उनका इशारा किसकी ओर है ? क्या सुप्रीम कोर्ट की ओर उनका संकेत है या फिर उसे चेतावनी ? ऐसा इसलिये क्योंकि इस योजना से भाजपा को छोड़कर कोई भी नाच नहीं रहा था। विपक्षी दलों से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सभी नाराज़ थे, सो उनमें से किसी के नाचने का सवाल ही नहीं। उल्टे, इसे लेकर लोगों की चिंता यही थी कि यह योजना काले धन को सफेद करने तथा अपने कारोबार के लिये शासकीय कृपा पाने का माध्यम बन गई थी। अब तो इस बाबत जो जानकारियां सामने आ रही हैं वे भी यही बतलाती हैं कि योजना एक तरह से सरकारी वसूली का तंत्र बन गया था। फिर, इसमें पैसा इकट्ठा करने के लिये जांच एजेंसियों को भी लगा दिया गया था।

यह भी आश्चर्य की बात है कि अगर चुनावी बॉन्ड्स की यह ऐसी ही शानदार योजना थी तो उसका विवरण देने में आनाकानी क्यों की जा रही थी ? सुप्रीम कोर्ट के मांगने पर भारतीय स्टेट बैंक ने चार माह का समय मांगा था। फटकार पड़ने पर वही जानकारी दो-तीन दिनों में ही उपलब्ध हो गई और केन्द्रीय चुनाव आयोग ने उसे अपनी वेबसाइट पर डाल भी दिया। यह अलग बात है कि अब एक से बढ़कर एक किस्से सामने आ रहे हैं जिनसे पता चलता है कि कैसे उद्योगपतियों एवं कारोबारियों को जांच एजेंसियों के माध्यम से धमकाकर या जेलों का डर दिखलाकर उनसे चंदा लिया गया। यह भी पता चलता है कि जिन लोगों ने भाजपा को चंदा दिया उन्हें ठेके या छूटें दी गयीं। उसी साक्षात्कार में मोदी का दावा था कि 'इस योजना के कारण आज चंदे के स्रोत पता चले हैं जबकि पहले की सरकारों में पता ही नहीं चलता था कि किनसे सियासी दलों को चंदा मिलता था।' मोदी का अगर ऐसा पुनीत उद्देश्य था तो आखिर स्टेट बैंक के साथ व्यवसायिक महासंघों को क्या आपत्ति थी कि उन लोगों की जानकारी न दी जाये जिन्होंने ये बॉन्ड्स खरीदे हैं। अगर मोदी पारदर्शिता के इतने ही हिमायती हैं तो वे क्या वे पीएम केयर फंड की भी सारी जानकारी को सार्वजनिक करेंगे ? लोग इस बात को कैसे भूल सकते हैं कि इसी सरकार ने चुनावी फंड्स की ही तरह केयर फंड सम्बन्धी जानकारी को भी लोगों से अछूता रखने के प्रावधान कर रखे हैं। वैसे अब तो सूचना के अधिकार और उसके साथ संस्थाओं के अधिकारियों को इतना कमजोर कर दिया गया है कि कोई सामान्य सी जानकारी लेने में भी पापड़ बेलने पड़ते हैं। यह भी नहीं भूलना चाहिये कि चुनावी बॉन्ड्स खरीदकर राजनीतिक दलों को आर्थिक मदद देने वालों के बाबत यानी धन के स्रोत जो पता चले हैं उसका श्रेय मोदी या उनकी सरकार को नहीं वरन उच्चतम न्यायालय को जाता है जिसने सम्बन्धित पक्षों के कान पकड़कर उनसे जानकारी ली और जनता तक उसके पहुंचने के प्रबन्ध किये हैं।



डॉ. दीपक पाचपोर

**आश्चर्य की बात है कि अगर चुनावी बॉन्ड्स की यह ऐसी ही शानदार योजना थी तो उसका विवरण देने में आनाकानी क्यों की जा रही थी ? सुप्रीम कोर्ट के मांगने पर भारतीय स्टेट बैंक ने चार माह का समय मांगा था। फटकार पड़ने पर वही जानकारी दो-तीन दिनों में ही उपलब्ध हो गई और केन्द्रीय चुनाव आयोग ने उसे अपनी वेबसाइट पर डाल भी दिया।**

इंटरव्यू में मोदी से पूछा गया कि 'क्या उन्हें इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना लाने का पछतावा है और भाजपा को इससे शर्मसार होना पड़ा है ?' मोदी कहते हैं कि 'आखिर मैंने ऐसा क्या किया है कि जिसका मुझे पछतावा हो या जिसके चलते भाजपा को शर्मिंदगी उठानी पड़े ?' उनके इस जवाब से स्पष्ट हो जाता है कि मोदी न तो पारदर्शिता के प्रति गम्भीर हैं, न उन्हें लोकतांत्रिक तकाज़ों का एहसास है, न वे नैतिकता के हिमायती हैं और न ही चुनावी सुधार में उनकी दिलचस्पी है। अब तो साफ तौर पर यह भी सामने आ गया है कि सरकारी जांच एजेंसियों और निर्वाचन आयोग के बल पर भाजपा न सिर्फ मालामाल हुई है बल्कि उनके बल पर उसने बड़ी संख्या में दलबदल करा कर देश भर में राजनैतिक अराजकता फैलाई है। निर्वाचित विरोधी दलों की राज्य सरकारों को 'ऑपरेशन लोटस' के नाम पर गिराने या अल्पमत होने के बाद भी अपनी सरकारें बनाने वाले मोदी चाहे इसी साक्षात्कार में कहते रहें कि 'सरकार अपनी एजेंसियों को कभी निर्देशित नहीं करती,' पर अब हर कोई जानता है कि लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया यानी कि चुनाव ही गहन संदेहों के घेरे में है। उसका आयोजन करने वाले केन्द्रीय निर्वाचन आयोग की कार्यपद्धति पर भी कई सवालिया निशान हैं। भाजपा की सुविधा के अनुरूप चुनावी कार्यक्रम बनाने से लेकर अपनी सभी तरह की कार्रवाइयों में भाजपायी व गैर भाजपायी दलों के बीच भेदभाव करने के चलते निर्वाचन आयोग ने भी देश में लोकतंत्र को कमजोर किया है। सरकार के ईवीएम के प्रति प्रेम का कारण सभी जानते हैं।

यह भी सवाल है कि आखिर मोदी ने दक्षिण भारत के एक चैनल से ही संवाद करना क्यों पसंद किया जबकि उसका पिछलग्गू मीडिया तो दिल्ली में बैठा हुआ है और उनके समर्थकों का प्रमुख क्षेत्र 'हिन्दी हार्ट लैंड' कहलाने वाला प्रखंड तकरीबन एक दर्जन राज्यों में फैला है। इसकी बजाये दक्षिण भारत में बैठकर मोदी अपने लोकतांत्रिक कृत्यों को ऐसे वक्त पर तर्कसंगत बतला रहे हैं जब तमाम तरह के अनुमान, विश्लेषण एवं ओपिनियन पोल कह रहे हैं कि दक्षिण भाजपा का सूपड़ा साफ होना लगभग तय है। इसके विपरीत भाजपा की उम्मीद है कि उसका 370 तथा गठबन्धन (एनडीए) के साथ मिलकर 400 पार का नारा वह दक्षिण के बल पर हासिल करेगी। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी इस बात को कह चुके हैं कि दक्षिण भारत के बल पर भाजपा का लक्ष्य पूरा होगा और मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इसलिये सम्भवत: मोदी उन राज्यों को अधिक महत्व देना चाहते होंगे। जो हो, असली बात यह है कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर मोदी ने जो कहा है वह जनता जानती है कि सत्य नहीं है; और खुद मोदी भी जानते ही होंगे।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# सबसे खराब नकारात्मक विज्ञापन का गवाह बन सकता है 2024 का चुनाव अभियान

■ कल्याणी शंकर

2024 भारत, अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ, मैक्सिको और दक्षिण अफ्रीका जैसे 64 देशों में चुनावी वर्ष है। दुनिया भर में राजनीतिक विज्ञापन बढ़ रहा है। राजनीतिक दल और उम्मीदवार अक्सर खुद को बेहतर और अपने विरोधियों को कमजोर दिखाने के लिए नकारात्मक अभियानों का इस्तेमाल करते हैं।

1828 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बाद से पार्टियों ने नकारात्मक प्रचार का उपयोग किया है। इतिहासकारों का कहना है कि जॉनक्विंसी एडम्स/एंड्रयूजैक्सन प्रतियोगिता सबसे घटिया थी। 1964 में, लिंडनजॉनसन ने 'डेज़ी विज्ञापन' सहित रेडियो विज्ञापनों का उपयोग करके अपने प्रतिद्वंद्वी बैरी गोल्डवाटर को बदनाम किया।

डोनाल्ड ट्रम्प ने एक विज्ञापन प्रसारित किया जिसमें उनकी प्रतिद्वंद्वी हिलेरी क्लिंटन को 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति अभियान के दौरान सार्वजनिक रूप से गिरते हुए दिखाया गया था। 2020 के चुनाव में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप और जो बाइडेन नकारात्मक प्रचार में लगे हुए हैं। ट्रम्प ने बाइडेन की मानसिक क्षमताओं की आलोचना की, जबकि बाइडेन ने ट्रम्प के कोविड-19 से निपटने में घटिया कार्यनिष्पादन और उनके चरित्र पर हमला किया। 2024 में भी नकारात्मक विज्ञापन जारी रहेंगे।

कंजर्वेटिव पार्टी ने 2019 यूके आम चुनाव के दौरान जेरेमीकॉर्बिन को एक महत्वपूर्ण सुरक्षा खतरे के रूप में चित्रित किया। 2021 के जर्मन संघीय चुनाव में, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते समय हँसते हुए आर्मिनलाशेट की छवियों का उपयोग करके उन पर निशाना साधा।

2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय परिदृश्य पर उभरने के बाद से, चुनाव अभियान के दौरान प्रौद्योगिकी का उपयोग और विज्ञापन खर्च में भारी वृद्धि हुई है। नेताओं को अब खुद को प्रस्तुत करने, प्रभावी ढंग से संवाद करने और प्रभावी भाषण देने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। बसपा प्रमुख मायावती को बताया गया कि उन्हें क्या पहनना है। क्षेत्रीय नेताओं ने विदेशी एजेंसियों को भी नियुक्त किया है। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन को मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए जींस और टी-शर्ट पहनने को कहा गया।

दिवंगत कांग्रेस नेता राजीव गांधी 1989 का चुनाव 'गली-गली में शोर है, राजीव गांधी चोर है' जैसे शत्रुतापूर्ण प्रचार नारों के कारण हार गये। बोफोर्स घोटाले ने उन्हें पद से हटा दिया क्योंकि विपक्षी दलों ने उन्हें हथियार बनाने वाली कंपनी से रिश्वत लेने के रूप में पेश करने का माहौल बनाया था।

'पहले मारो, जोर से मारो और मारते रहो' दृष्टिकोण अपनाने वाले उम्मीदवार व्यक्तिगत हमलों और डर की रणनीति में शामिल होते हैं। दस साल के शासन के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सभी समस्याओं के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराना बंद नहीं किया है।

चुनाव आयोग उम्मीदवारों के खर्च को सीमित करता है, लेकिन कई राजनीतिक दल और उम्मीदवार तय राशि से कहीं ज्यादा खर्च करते हैं। वे मतदाताओं का समर्थन जीतने के लिए फोन, नकदी और अवास्तविक वायदे जैसे रिश्वत की पेशकश करते हैं। तमिलनाडु के एक स्वतंत्र उम्मीदवार ने प्रत्येक गृहिणी को चंद्रमा की यात्रा और एक रोबोट देने का भी वादा किया, लेकिन वह जीत नहीं सके।

भारत के 2024 के लोक सभा चुनावों के लिए विज्ञापन की लागत 2000 करोड़ रुपये से 13000 करोड़ रुपये के बीच हो सकती है। अनुमान है कि राजनीतिक दल और उम्मीदवार विज्ञापन पर .14.4अरब (12 खरब रुपये) से अधिक खर्च कर सकते हैं, जो 2019 के चुनावों के दौरान खर्च की गई राशि से दोगुना है।

राजनीतिक उम्मीदवार अपने अभियान के लिए धन कहां से प्राप्त करते हैं ? आमतौर पर, कुछ धनी उम्मीदवार स्व-वित्तपोषण करते हैं, जबकि पार्टी दूसरों के लिए खर्च करती है। पार्टियों की कोई खर्च सीमा नहीं है। हालांकि, समय के साथ काला धन भी मैदान में आ गया है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पारदर्शिता की कमी के कारण चुनाव बांड पर प्रतिबंध लगा दिया है। भाजपा को कुल बेचे गये बांड का 57फीसदी मिला, जिसकी कीमत 1.1 अरब डॉलर थी, जबकि कांग्रेस को केवल 10फीसदी मिला, जिसका मूल्य 1880 लाख डॉलर था।

हालांकि पार्टियां सत्ता में आने के लिए कोई भी तरीका अपनाती हैं, लेकिन कुछ अभियान सफल होते हैं जबकि अन्य विफल हो जाते हैं। किसी नकारात्मक अभियान विज्ञापन की प्रभावशलिता उसकी सामग्री, संदर्भ और दर्शकों की विशेषताओं पर निर्भर करती है। प्रधानमंत्री वाजपेयी का 2004 का 'इंडिया शाइनिंगध करोड़ों रुपये का अभियान एक असफल अभियान का उत्कृष्ट उदाहरण है। कांग्रेस का 2019 का 'चौकीदार चोर है' अभियान का नारा विफल रहा, और राफेल घोटाले पर राहुल गांधी का मोदी पर हमला भी सफल नहीं हुआ। हालांकि, 2004 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी का 'आम आदमी' अभियान सफल रहा।

**चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के बावजूद, 2024 के चुनावों में संभवत: अधिक नकारात्मक अभियान रणनीतियां दिखाई देंगी। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को नकारात्मक अभियानों के बजाय सकारात्मक विज्ञापन बनाने चाहिए। इससे लोकतंत्र की रक्षा करने और चरित्र हनन रोकने में मदद मिलेगी। एक समाधान यह है कि पार्टियों को राज्य निधि से धन दिया जाये जैसा कि कई चुनाव आयोगों ने सलाह दिया है। अभियानों में शालीनता एवं मर्यादा बनाये रखना भी आवश्यक है।**

2014 में नरेंद्र मोदी ने खुद को एक राष्ट्रीय ब्रांड के रूप में पेश करके खुद को एक मजबूत राष्ट्रवादी नेता में बदल लिया। उन्होंने 3डी रैलियों, चाय पे चर्चा, साक्षात्कार और अभियान यात्राओं सहित जनसमूह को संगठित करने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया। यूट्यूब ने राजनीतिक दलों को 30-सेकंड के टीवी विज्ञापनों और लंबे ऑनलाइन वीडियो का उपयोग करके विज्ञापन देने में सफलतापूर्वक सक्षम बनाया है। संक्षेप में, वह कांग्रेस को कोसने से मतदाताओं को आकर्षित करने में सफल रहे।

आम आदमी पार्टी, एक नई राजनीतिक पार्टी, 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान एक मजबूत दावेदार के रूप में उभरी। उन्होंने मोहल्ला अभियान, सोशल मीडिया और आप प्रमुख केजरीवाल वाले रेडियो विज्ञापन का इस्तेमाल किया। आज यह पार्टी पंजाब और दिल्ली दोनों जगह सत्ता में है।

2019 के राजनीतिक अभियान में सभी दलों ने नकारात्मक रणनीति का इस्तेमाल किया। विपक्ष ने भाजपा के हिंदुत्व से प्रेरित कार्यक्रमों की आलोचना की। फिर भी, भगवा पार्टी बढ़ी हुई सीटों के साथ सत्ता में वापस आ गई। मोदी 2024 में 400 से अधिक सीटें जीतने की आकांक्षा रखते हैं।

पिछले साल, भाजपा ने मोदी के प्रचार का एक एआई-जनरेटेड वीडियो तैयार किया था। कांग्रेस पार्टी ने फुटेज का मज़ाक उड़ाया और जवाबी कार्रवाई के लिए अपनी डिजिटल छवि का इस्तेमाल किया। यह वीडियो, जिसमें एक बिजनेस टाइकून को संसाधनों की चोरी करने का प्रयास करते हुए दिखाया गया है, जिसे 15लाख से अधिक बार देखा गया है।

चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के बावजूद, 2024 के चुनावों में संभवत: अधिक नकारात्मक अभियान रणनीतियां दिखाई देंगी। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को नकारात्मक अभियानों के बजाय सकारात्मक विज्ञापन बनाने चाहिए। इससे लोकतंत्र की रक्षा करने और चरित्र हनन रोकने में मदद मिलेगी। एक समाधान यह है कि पार्टियों को राज्य निधि से धन दिया जाये जैसा कि कई चुनाव आयोगों ने सलाह दिया है। अभियानों में शालीनता एवं मर्यादा बनाये रखना भी आवश्यक है। इससे सभी उम्मीदवारों के लिए एक निष्पक्ष, सम्मानजनक माहौल और समान अवसर बनाने में मदद मिलेगी।

## पावन प्रसंग

# अतिचिंतन से कैसे बचें

अतिचिंतन या ओवरथिंकिंग मन की नकारात्मक दिशा में कल्पना करने व सोचने का अतिवादी स्वरूप है, जिसके कारण हम किन्हीं परिस्थितियों की प्रतिक्रियास्वरूप सीमा से अधिक सोचते हैं या भूत और भविष्य के बारे में सोचकर परेशान हो जाते हैं। कोई चीज बुरी लग जाती है, तो उसके बारे में बारम्बार सोचने लग जाते हैं। यह जहां व्यक्ति की कार्यक्षमता को प्रभावित करती है तो वहीं बढ़ने पर तन-मन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है और क्रमश: जीवन की सुख-शांति के लिए एक खतरा बन जाती है। इसके प्रभावों को देखते हुए इसके कारण तथा निवारण पर विचार अभीष्ट हो जाता है।

यह कोई रोग नहीं, बल्कि एक नकारात्मक आदत है जो व्यक्ति के शारीरिक और भावनात्मक संतुलन को बिगाड़कर एक सामान्य व स्वस्थ जीवन को दुष्कर बना देती है। इसको यदि संभाला नहीं गया तो यह उद्विग्नता. अवसाद और पैनिक अटैक जैसी मानसिक अवस्थाओं की ओर ले जाती है जिनके साथ अनिद्रा, उच्च रक्तचाप तथा तनाव जैसी समस्याएं जीवन में घर कर सकती है। इसके दुष्परिणाम कुछ इस प्रकार से परिलक्षित हो सकते हैं-निर्णय लेने में कठिनाई होना, क्रोध तनाव की अवस्था में रहना, अकेलेपन का भाव तथा दूसरों के दृष्टिकोण को न समझ पाना, बार-बार नकारात्मक विचारों को दोहराना व उनका मन मस्तिष्क पर हावी हो जाना तथा कार्य में ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होना।

निस्संदेह इस अवस्था के स्थायी होने पर तन-मन पर इसका दुष्प्रभाव पड़ता है तथा व्यक्ति का व्यवहार एवं सामान्य जीवन दुष्कर हो जाता है। प्रभावित व्यक्ति की भूख कम हो जाती है, सही ढंग से नींद नहीं आ पाती। चिंता बढ़ जाती है, घबराहट होती है, उच्च रक्तचाप की समस्या उत्पन्न हो जाती है तथा व्यक्ति तनाव न अवसाद का शिकार हो जाता है।

अतिचिंतन या ओवरथिंकिंग के निवारणार्थ कई उपाय किए जा सकते हैं। जिस चीज या व्यक्ति को लेकर आप अत्यधिक चिंतन कर रहे हों, उसके बारे में विचार करें, समाधान सूत्र ढूंढे और फिर तय रणनीति पर दृढ़ता से अमल करें। इस तरह जो चीज या व्यक्ति एक समस्या का रूप लेकर आपके मन पर हावी हो रहे हैं, उन पर कार्य करना शुरू कर दें। देखेंगे कि आप अतिचिंतन के कुचक्र से बाहर आ रहे हैं। थोड़ा मन में झांकें कि जिस चीज या व्यक्ति के बारे में आप अतिचिंतन या ओवरथिंकिंग कर रहे हैं, उसके आपके जीवन में क्या मायने हैं ? यदि वह आपके जीवन में किसी तरह की गुणवत्ता में बढ़ोतरी नहीं कर रहे, तो उनके बारे में सोचना बंद कर दें और जो कार्य आपके लिए महत्वपूर्ण हैं, उन्हीं पर अपना ध्यान केंद्रित करें।

यदि आपसे कोई गलती हो गई है, जिसको लेकर आप दुखी-परेशान हैं तथा अपराधबोध से ग्रसित हैं, तो उस गलती से मिले सबक को गांठ बांधकर आगे बढ़ें। इसके परिमार्जन के भाव के साथ मन को माफ कर दें व आगे से अधिक सजग रहें। इसी तरह यदि किसी दूसरे ने आपसे गलत व्यवहार किया है, तो उससे मिले सार-सबक को ग्रहण करते हुए उसे क्षमा कर दें और अपने जीवन के सृजन-अभियान पर आगे बढ़ चलें। जीवन में अप्रत्याशित हानि, वियोग-विछोह आदि की घटनाएं व्यक्ति को अंदर से बुरी तरह से हिला देती है, रह-रहकर उनके जुड़े प्रसंग याद आते हैं और लोग अतिचिंतन के शिकार होकर अवसाद में चले जाते हैं।

अतिचिंतन से बाहर निकलने का एक सरल व्यावहारिक तरीका यह भी है उस स्थान से बाहर निकलें. कहीं नई जगह या मनपसंद स्थान पर घूमने निकल जाएं। इससे अतिचिंतन का क्रम टूटेगा। मन का बोझ हलका होता है और साथ ही समस्या के प्रति एक नया दृष्टिकोण विकसित होता है तथा इससे निपटने के प्रभावी सूत्र हाथ में लग जाते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# देश की बौद्धिकता की जड़ों को खोखला करता अज्ञानता, अंधविश्वास

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी हैद्य यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात है। यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है।

शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं। उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए। इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा। इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता है। उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती है और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक है। शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती है शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है। ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहां बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर इतना ऊंचा हो जाना चाहिए कि इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिए। बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है, किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौआं बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना-इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है। यह भी अशिक्षा का एक बहुत बड़ा परिणाम है।

शिक्षा विज्ञान तथा तकनीकी ज्ञान समाज में तर्कसंगत बातों का विश्वास करने पर भरोसा दिलाता है और धीरे-धीरे अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता से मनुष्य को परे ले जाता है। मूलत: अंधविश्वास को दूर करने के लिए हमें शिक्षा जैसे अस्त्र का इस्तेमाल तीव्र गति से किया जाना चाहिए। अंधविश्वास, तंत्र मंत्र के अधीन होकर पशुओं की बलि देना भी एक प्रकार से अंधविश्वास को बढ़ावा देना ही है, तंत्र मंत्र के विश्वास में आकर मानव न केवल पशुओं की बलि देते बल्कि बच्चों की बलि देने से भी नहीं परहेज करता है। भारत में अशिक्षा के कारण इसकी जड़ें थोड़ी गहरी व्याप्त हैं। शिक्षा के प्रचार-प्रसार तथा मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अंधविश्वास को जनमानस से दूर किया जा सकता है किंतु मूल रूप से प्राथमिक शिक्षा को एक सशक्त माध्यम रखकर अंधविश्वास एवं धार्मिक कट्टरता के विरोध में बातें रखी जाए तो देश एक अंधविश्वास मुक्त राष्ट्र बन सकता है।

**संजीव ठाकुर**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## उत्तर कोरिया ने जापान के समुद्र की ओर दागी मिसाइल

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने जापान के समुद्र की ओर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। दक्षिण की कोरिया समाचार एजेंसी योनहाप ने दक्षिण कोरिया के सेना का हवाला देते हुये यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य प्रमुख ने बताया कि उत्तर कोरिया ने कम दूरी की मारक क्षमता वाली तीन बैलिस्टिक मिसाइलें दागी। इन मिसाइलों ने जापान के समुद्र में गिरने से पहले 350 किलोमीटर ( 217 मील) की दूरी तय की।

# इजराइल ने सीरिया की राजधानी में ईरानी वाणिज्य दूतावास की इमारत पर दागी मिसाइलें

**दमिश्क,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। इजराइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी दूतावास परिसर में स्थित वाणिज्य दूतावास की इमारत पर मिसाइलों से हमला किया। हमले में इमारत जमींदोज हो गई और कई लोग हताहत हुए। यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई। सोमवार को हमले के बाद दमिश्क के पश्चिम में माज़ेह राजमार्ग पर स्थित इमारत से धुएं का गुबार उठते देखा गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ रिपोर्ट के अनुसार, ध्वस्त इमारत ईरानी दूतावास का हिस्सा है। इसके मलबे के बीच एक ईरानी झंडा लगा हुआ है। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हमला सोमवार शाम करीब पांच बजे हुआ। इज़राइल ने कब्जे वाले सीरियाई गोलान हाइट्स की दिशा से हमला किया। इसमें कहा गया है कि सीरिया की वायु सेना ने कुछ मिसाइलों को रोक दिया। हमले में अनेक लोग मारे गए और घायल हो गए। मौके पर पहुंचे सीरिया के विदेश मंत्री फैसल मेकदाद ने हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि इजराइली हमले से सीरियाई-ईरानी संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।



### इज़राइली हवाई हमले में वरिष्ठ ईरानी जनरल की मौत

तेल अवीव। सीरिया की राजधानी दमिश्क में कथित तौर पर इजराइली हवाई हमले में एक वरिष्ठ ईरानी जनरल की मौत हो गई। मृतक ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रज़ा ज़ाहेदी ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक वरिष्ठ जनरल थे। सोमवार देर रात अरब मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि इजराइल द्वारा किए गए हवाई हमले में ब्रिगेडियर जनरल ज़ाहेदी एक लेफ्टिनेंट और पांच अन्य अधिकारियों के साथ मारे गए। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीराब्दुल्लाहियान ने एक बयान में कहा कि हमले के लिए इज़राइल जिम्मेदार है। इजराइली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के

### ईरानी राजदूत ने दूतावास पर इजराइली हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई का लिया संकल्प

दमिश्क। सीरिया में ईरानी राजदूत हुसैन अकबरी ने सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी दूतावास पर इजराइली हमले का जवाब देने की बात कही है। ईरानी दूतावास के वाणिज्य दूतावास भवन पर इजराइली मिसाइल हमले के बाद, अकबरी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा कि हमले में उनके पांच सहयोगियों की जान चली गई, जबकि दूतावास के दो गार्ड घायल हो गए। उन्होंने कहा, इज़राइल ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी राजदूत ने चेतावनी दी है कि ईरान इजराइल के हमले का समुचित जवाब देगा। अकबरी ने कहा, 'इजराइल को अपने कार्यों के परिणाम भुगतने होंगे।' मिसाइल हमले के बाद घटनास्थल पर पहुंचे सीरिया के विदेश मंत्री फैसल मेकदाद ने घटना निंदा की।

## बेरोजगार युवाओं को मुसलमानों को निशाना बनाने के लिए उकसा रही है भाजपा : महबूबा

**श्रीनगर,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर देश में असंतुष्ट बेरोजगार युवाओं को मुसलमानों पर आक्रोश निकालने के लिए उकसाने का आरोप लगाया। सुश्री मुफ्ती ने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में मस्जिद के एक इमाम पर लोगों के समूह के कथित हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा कि भाजपा का दावा है कि उसने कश्मीर में पत्थरों को लैपटॉप से बदल दिया है, लेकिन देश के बाकी हिस्सों में जो हो रहा है, उस पर एक नजर डालने से ही इस बात का पर्याप्त सबूत मिल जाता है कि उन्होंने असंतुष्ट बेरोजगार युवाओं को केवल अपना गुस्सा निकालने के लिए मुसलमानों पर लाठियां और डंडे चलाने के लिए उकसाया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने युवाओं को दो करोड़ नौकरी देने का वादा किया था लेकिन इसकी बजाय युवाओं को दंगाई और गुंडा बना दिया। इससे अधिक दुखद बात यह है कि इन युवाओं को अपना भविष्य बर्बाद होने से कोई दिक्कत नहीं है, जब तक कि उन्हें मुसलमानों को दंडित और अपमानित करने का मौका मिलता रहेगा।



## सुडोकू 6513

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 6 | 2 | | 3 |
| | 8 | | 3 | 7 | 5 | | | 1 |
| | 1 | | 8 | | | | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | | | | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | 9 | | | 8 |
| 2 | | | | | | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | | | | 8 | | 3 | |
| 7 | | | 4 | 5 | 3 | | 6 | |
| 8 | | 3 | 9 | | 7 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 3 अप्रैल, 2024 चैत कृष्ण पक्ष 10

### राशिफल

मेष - परिवार की तरफ से आप खुशी और संतोष प्राप्त कर सकेंगे। आज आप मित्रों और सगे- सम्बंधियों से घिरे रहेंगे। काम या बिजनेस के लिए बाहर जाने की संभावना है। आगामी यात्रा लाभदायक रहेगी।

वृषभ - विदेश गमन के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। विदेश बसने वाले स्नेही या मित्रों का समाचार मिलेगा। व्यापारियों को व्यापार में धन लाभ होगा। नए आयोजन हाथ में ले सकेंगे।

मिथुन - गुस्से की भावना आपको हानि पहुंचा सकती है। बीमार व्यक्ति नई चिकित्सा या ऑपरेशन न कराएं। बदनामी न हो इसका ध्यान रखें। कम बोलकर वाद-विवाद या मनमुटाव दूर कर सकेंगे। खर्च की मात्रा बढ़ेगी।

कर्क - संवेदनशीलता और प्रेम की भावनाओं से हरा-भरा मन आज नए लोगों की ओर अधिक आकर्षित होगा। वैभवी मौज-शौक की वस्तुएं वस्त्राभूषण तथा वाहन आदि की खरीदारी होगी। उत्तम दांपत्यजीवन का साथ मिलेगा।

सिंह - किसी बात को लेकर संदेह की भावना आपके मन को बेचैन बनाएगी। दैनिक काम विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम तो अधिक करेंगे, परंतु फल कम मिलेगा। नौकरी में संभलकर रहें।

कन्या - आज आपके मन में चिंता और भय का माहौल रहेगा। आपको स्वास्थ्य और संतान की चिंता हो सकती है। पेट में अपच की शिकायत होगी। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल नहीं है। अचानक खर्च हो सकता है।

तुला - आज सावधानी बरतें। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी। माता और स्त्रीवर्ग की चिंता सताएगी। आज के दिन यात्रा स्थगित रखें।

वृश्चिक - कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि का योग है। भाई-बहनों के साथ पारिवारिक चर्चा और आयोजन होगा। तन-मन में स्फूर्ति और आनंद अनुभव होगा।

धनु - परिजनों के साथ होने वाली गलतफहमी से बचें। व्यर्थ में धन खर्च होगा। मानसिक उचाट और दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। काम में निर्धारित सफलता नहीं प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - ईश्वर भक्ति और पूजा-पाठ से दिन की शुरूआत करें। परिवार में मंगलकारी वातावरण रहेगा। दोस्तों और सगे- संबंधियों से भेंट- उपहार मिलने से आनंद का अनुभव होगा। कार्य सरलता से पूरे होंगे।

कुंभ - पैसे की लेन-देन आपको नुकसान में डाल सकते हैं। एकाग्रता का अभाव मानसिक अस्वस्थता बढ़ाएगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पैसे का निवेश गलत जगह न हो, इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ अनबन होगा।

मीन - समाज में अग्रिम स्थान प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक काम में भाग लेने का मौका मिलेगा। बुजुर्गों और मित्रों का सहयोग मिलेगा। मित्रमंडल में नए मित्र जुड़ेंगे। नौकरी- व्यवसाय में वृद्धि का योग है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## मेक्सिको ने हिंसाग्रस्त हैती से 34 नागरिकों को निकाला

**मेक्सिको सिटी,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। मैक्सिको ने कैरेबियाई देश हैती में बढ़ती हिंसा के बीच वहां से अपने 34 नागरिकों को निकाल लिया। विदेश मंत्रालय और नौसेना के सचिवालय ने एक संयुक्त बयान में कहा कि राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर ने मेक्सिको लौटने के इच्छुक मैक्सिकन नागरिकों को वापस लाने के लिए एक हेलीकॉप्टर के साथ एक नौसैनिक जहाज का आदेश दिया। निकाले गए इन 24 पुरुषों और 10 महिलाओं को हैती की राजधानी पोर्ट-औ-प्रिंस से हेलीकॉप्टर द्वारा जहाज तक पहुंचाया गया और उन्हें मेक्सिको के दक्षिण-पूर्व युकाटन राज्य में प्रोग्रेसो बंदरगाह की ओर ले जाया गया। जहां से बाद में उन्हें उनके निवास वाले शहरों में ले जाया जाएगा। बयान के अनुसार निकासी अभियान हैती में संगठित अपराध समूहों द्वारा फैलाई गई और हिंसा, भोजन और बुनियादी उत्पादों की कमी, बदहाल आर्थिक स्थिति और सार्वजनिक सेवाओं के बंद होने के कारण बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के जवाब में था।

# मिस्र में अल सिसी ने ली राष्ट्रपति पद की शपथ

**काहिरा,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। मिस्र में श्री अब्देल फतेह अल सिसी ने मंगलवार को लगातार 2030 तक के तीसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद की शपथ ली। सरकार की ओर से संचालित नीले टीवी ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। मिस्र की नई प्रशासनिक राजधानी अल-इमा अल-इदारिया अल-गदिदा स्थित संसद मुख्यालय में आयोजित समारोह में श्री अल सिसी ने 'गणतांत्रिक प्रणाली की रक्षा करने, संविधान और कानून का सम्मान करने, लोगों के हितों की रक्षा करने तथा राष्ट्र की स्वतंत्रता और एकता को बनाए रखने की शपथ ली।' श्री अल सिसी ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद अपने संबोधन में कहा कि मैं राष्ट्र-निर्माण की यात्रा जारी रखने और आधुनिक लोकतांत्रिक राज्य के निर्माण में देश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता हूं। उन्होंने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता राष्ट्र की सुरक्षा की रक्षा करना और 'हिंसाग्रस्त क्षेत्रीय स्थित में' विकास और प्रगति हासिल करना है। उन्होंने कहा कि 'संकट की स्थिति में मिस्र के आर्थिक संसाधनों में वृद्धि करने के लिए' सरकार रणनीति तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि हम विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों में निजी क्षेत्र के योगदान को बढ़ाने पर काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री अल सिसी ने दिसंबर 2023 में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की थी। उन्हें 89.6 फीसदी मत मिला था। वर्ष 2014 में निर्मित और 2019 में संसोधित मिस्र के संविधान के मुताबिक श्री अल सिसी छह साल तक यानी 2024 से 2030 राष्ट्रपति पद पर बने रहेंगे। वह पहली बार 2014 में चार वर्ष के लिए राष्ट्रपति चुने गए थे।



> मैं राष्ट्र-निर्माण की यात्रा जारी रखने और आधुनिक लोकतांत्रिक राज्य के निर्माण में देश के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता हूं : श्री अल सिसी, राष्ट्रपति

# मेघालय सीएम ने कहा, एनडीए के साथ एनपीपी का रिश्ता मजबूत

**शिलांग,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा का कहना है कि नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के बीच संबंध कई चुनौतियों के बावजूद पिछले दशक में मजबूत हुए हैं।

मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने शिलांग लोकसभा सीट पर पार्टी उम्मीदवार के लिए प्रचार करने के दौरान कहा कि एनडीए और एनपीपी के बीच दस साल का मजबूत गठबंधन है। अनेक बाधाओं का सामना करने के बावजूद, हमने हमेशा अपने सभी निर्णयों में नागरिकों की जरूरतों को पहले स्थान पर रखा है। सीएम ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए और उसके सहयोगी एकजुट रहेंगे। दरअसल, एनडीए में शामिल सभी दलों का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत प्रगति करेगा। सीएम ने कहा कि 2028 तक भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में तीसरे स्थान पर होगी और 2047 तक यह एक विकसित देश होगा। पिछले साल के विधानसभा चुनाव में भाजपा और एनपीपी ने सरकार चलाने के लिए गठबंधन में होने के बावजूद अलग-अलग चुनाव लड़ा था। चुनाव के बाद दोनों दल मेघालय में गठबंधन सरकार बनाने के लिए एक साथ आए। इस बार भाजपा ने मेघालय की दो संसदीय सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने इस फैसले के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद दिया। सीएम संगमा ने यह भी कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में मेघालय सहित पूर्वोत्तर में भारी विकास हुआ है।



## तुर्की में नाइट क्लब में आग लगने से 29 लोगों की मौत

**अंकारा,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। तुर्की में इस्तांबुल के एक नाइट क्लब में आग लगने से कम से कम 29 लोगों की मौत हुई है। इस्तांबुल के गवर्नर दावुत गुल कार्यालय ने मंगलवार को बताया है कि शहर के बीचों बीच स्थित एक नाइट क्लब में मरम्मत के दौरान आग लग गई। इस आग में 29 लोगों की मौत हुई है और एक व्यक्ति जख्मी हुआ है। कार्यालय ने कहा कि आग में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 29 हो गई है। बयान में कहा गया, 'आग में जख्मी एक व्यक्ति का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है।' प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार यह नाइट क्लब गेरेटेपे जिले में स्थित 16 मंजिला इमारत के भूतल पर स्थित है। मीडिया में प्रसारित वीडियो में इमारत की ऊपरी मंजिल की खिड़कियों से आग की लपटें और घने धुएं का गुबार निकलता हुआ दिखाई दे रहा है।

## वर्ग पहेली 6513

**बायें से दायें:-**

१. उन्नति की ओर जाना, जिसकी आंखें ऊपर की ओर उठी हों
३. 'एजेंट'
५. पति (उर्दू)
६. ईश्वर. परमात्मा, जो सभी को अपने नियंत्रण में रखता हो
७. किसी गणतंत्र का प्रधान
९. वास्तव में (उर्दू)
१०. तकलीफदेह
१२. नकद रकम, जमा, पूंजी
१३. पढ़ने वाला, पठन करने वाला
१४. शिकायत
१६. स्वामी, पति
१८. देखना, टकटकी बांधे देखना
२०. भावी कार्यपद्धति की रूपरेखा, मंसूबा
२१. परिधान, वेशभूषा
२३. मनोभिलाषा, मन की चाह

**ऊपर से नीचे:-**

१. पूजा, आराधना
२. जैसा निर्देश दिया गया हो
३. आम का बागीचा
४. कछुआ
५. अपराधी, दोषी (उर्दू)
८. छलमय, चतुराई
१०. लक्ष्मी
११. धनोपार्जन करना
१२. रुकावट डालना
१३. अग्नि
१४. इस्तेमाल
१५. एक जैसे नाम वाला (उर्दू)
१७. कांपना, दहलना, थरथराना
१८. अभिनेत्री
१९. किसी मापदंड के अनुसार किसी वस्तु की लंबाई-चौड़ाई जानना
२२. सरस्वती, स्वर, वचन, शब्द

### वर्ग पहेली-6512

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ गि | द्ध | २ दृ | ष्टि | ■ | ■ | ३ उ | प | ४ रो | कत |
| रि | ■ | ढ़ | ■ | ५ व | र्णि | ज | ■ | ध | ■ |
| ६ ध | र्म | सं | क | ट | ■ | ७ र | त्ना | क | ८ र |
| र | ■ | क | ■ | ९ वृ | त्तां | त | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० क | ल्प | ११ वृ | क्ष | ■ | ■ | १२ ज | न | नी |
| ■ | सै | ■ | श्चि | ■ | १३ वं | च | ना | ■ | गं |
| १४ क | ला | १५ प | क | ■ | श | ■ | १६ ब | १७ हु | धा |
| लं | ■ | रि | ■ | १८ अ | ज | १९ र | ■ | लि | ■ |
| २० वि | वि | धा | ■ | पा | ■ | २१ ज | ल | या | २२ न |
| त | ■ | २३ न | ग | र | ज | न | ■ | ■ | दी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1325 – चिश्ती सम्प्रदाय के चौथे संत निज़ामुद्दीन औलिया का निधन।
1680 – मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी का निधन।
1834 – स्वतंत्रता के ग्रीक युद्ध में जनरलों ने देशद्रोह पर मुकदमा शुरू किया।
1885 – गॉटलिब डेमलर को अपने इंजन डिजाइन के लिए जर्मन पेटेंट दिया गया।
1914 – भारत के पहले फील्ड मार्शल एस.एच.एफ.जे. मानेकशॉ का जन्म।
1918 – प्रसिद्ध उक्रेनी लेखक तथा उपन्यासकार ओलेस गोनचार का जन्म।
1922 – जोसेफ स्टालिन को सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी का पहला महासचिव घोषित किया।
1929 – साहित्यकार निर्मल वर्मा का जन्म ।
1931 – साहित्यकार मन्नू भंडारी का जन्म।
1955 – गायक हरिहरन का जन्म।
1958 – बॉलीवुड अभिनेत्री जया प्रदा का जन्म।
1968 – मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने अपने आई टू बीन टू दी माउंटिनेट भाषण दिया।
1975 – बॉबी फिशर ने अनातोली कार्पोव के खिलाफ शतरंज मैच में खेलने से इनकार के बाद कर्पोव को विश्व चैंपियन का खिताब डिफ़ॉल्ट रूप से दिया गया।
1981– एडम ओसबोर्न द्वारा तैयार पहले पोर्टेबल कंप्यूटर का नमूना पेश किया गया।
1999 – भारत ने पहला वैश्विक दूरसंचार उपग्रह इनसैट 1 ई का प्रक्षेपण किया।
2007– नयी दिल्ली में 14वां सार्क सम्मेलन शुरू।
2009 – जिवरली एंटरर्स वोंग ने बिंगहैटन, न्यूयॉर्क में अमेरिकन सिविक एसोसिएशन के आव्रजन केंद्र पर गोलीबारी की, जिसमें आत्महत्या करने से पहले तेरह लोग मारे गए और चार घायल हुए।
2010 – एप्पल ने पहली पीढ़ी के आईपैड और एक टैबलेट कंप्यूटर को लॉन्च किया।
2010 – भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के छह संस्थापक सदस्यों में से एक अनंत लागू का निधन।

**हमला** *अस्पताल की अधिकांश इमारतों को इजराइली सेना ने नष्ट कर दिया*

# गाजा के अल-शिफा अस्पताल से इजराइली सेना हटी

**गाजा, 2 अप्रैल (एजेंसियां)। फिलिस्तीनी सुरक्षा चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि दो सप्ताह के सैन्य अभियान के बाद इजराइली सेना गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल से हट गई है। सेना के अभियान के दौरान दर्जनों लोग मारे गए। सुरक्षा सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ बताया कि अस्पताल की अधिकांश इमारतों को इजराइली सेना ने नष्ट कर दिया। इससे यहां मरीजों का इलाज थम गया है। सुरक्षा सूत्रों के हवाले से कहा कि अस्पताल के प्रांगण से बच्चों, महिलाओं और चिकित्सा कर्मचारियों सहित दर्जनों क्षत-विक्षत शवों को बाहर निकाला गया।**



> सेना को अस्ताल के प्रसूति वार्ड में राइफलें, पिस्तौल, विस्फोटक सामग्री और दर्जनों मोर्टार के गोले मिले : अद्राई

सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि अस्पताल के जल्द चालू होने की संभावना कम है। क्योंकि इजराइली सेना ने यहां के चिकित्सा उपकरणों को नष्ट कर दिया है। इजराइली सेना ने 18 मार्च को गाजा के सबसे बड़े शिफा अस्पताल पर बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किया था। सेना का आरोप था कि हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) के सदस्यों ने अस्पताल में शरण ले रखी है। इज़रायली सेना के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने एक प्रेस बयान में कहा कि सेना ने शिफ़ा में अपना सैन्य अभियान समाप्त कर दिया। इस दौरान हमास और पीआईजे के कई नेताओं सहित दर्जनों को मार डाला गया और गिरफ्तार किया गया। अद्राई ने कहा कि सेना को अस्ताल के प्रसूति वार्ड में राइफलें, पिस्तौल, विस्फोटक सामग्री और दर्जनों मोर्टार के गोले मिले। हमास द्वारा संचालित मीडिया कार्यालय ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजराइली सेना ने शिफा अस्पताल में अपने सैन्य अभियान के दौरान कम से कम 400 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 900 से अधिक को गिरफ्तार कर लिया।

### पाकिस्तान, हमास ने की ईरानी दूतावास पर इजरायली हमले की निंदा

**इस्लामाबाद/यरूशलम।** पाकिस्तान और फिलस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने सीरिया में ईरानी दूतावास पर इजरायली हमले की निंदा की है, जिसमें कम से कम पांच लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि यह हमला सीरिया की सम्प्रभुता के खिलाफ अस्वीकार्य उल्लंघन है और उसकी स्थिरता और सुरक्षा को कमजोर करता है। यह अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र के प्रावधान के खिलाफ है।

## दुनिया को जानें

### पेइचिंग की केंद्रीय धुरी की कुल लंबाई लगभग 7.8 किलोमीटर

**बीजिंग,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। पेइचिंग की केंद्रीय धुरी की कुल लंबाई लगभग 7.8 किलोमीटर है। यह 13वीं शताब्दी के बाद से चीनी इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्मारकों, औपचारिक इमारतों और ऐतिहासिक इमारतों को एक साथ लाता है। यह चीनी सभ्यता के अनोखे गवाह के साथ-साथ दुनिया की सबसे लंबी और सबसे प्राचीन शहरी धुरी भी है। केंद्रीय धुरी की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए पेइचिंग ने केंद्रीय धुरी के ऐतिहासिक मूल स्वरूप को बहाल करने के लिए कई उपाय किए हैं। पेइचिंग के केंद्रीय धुरी के सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, विरासत और उपयोग में नई जीवन शक्ति का संचार जारी रखने और नए परिणामों को लागू करने के लिए 2024 पेइचिंग केंद्रीय धुरी सांस्कृतिक विरासत और नवाचार प्रतियोगिता हाल ही में शुरू हुई। यह प्रतियोगिता तीन बार सफलतापूर्वक रूप से आयोजित की गई है, जिसने देश और विदेश में 4 लाख से अधिक प्रत्यक्ष प्रतिभागियों को आकर्षित किया है ।



# प्रादेशिकी

## लाहौल स्पीति में भूकंप के हल्के झटके

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के बर्फ़ से घिरे लाहौल स्पीति जिले में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के मुताबिक कल रात 10.37 बजे महसूस किये गये, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.5 मापी गयी। भूकंप का केंद्र राजधानी शिमला से लगभग 300 किलोमीटर दूर बर्फ से घिरे आदिवासी जिले में 32.73 डिग्री अक्षांश और 76.61 डिग्री देशांतर पर जमीन की सतह से पांच किलोमीटर की गहराई में था। अब तक मिली सूचनाओं के मुताबिक भूकंप से किसी जान-माल को कोई क्षति नहीं पहुँची है। इस समय में पूरा लाहौल स्पीति जिला बर्फ की मोटी परत से ढ़का हुआ है ।

# रुद्रपुर से मोदी का उत्तराखण्ड में चुनावी शंखनाद

## आज उत्तराखंड हर प्रकार की आधुनिक कनेक्टिविटी से जुड़ रहा

■ अमरनाथ तिवारी

**बोले- ये प्रचार सभा है या विजय सभा**



**रुद्रपुर,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड में अपनी पहली रैली करने के लिए पहुंचे। पहाड़ी लोकगीतों और धुनों के साथ पीएम का स्वागत-सत्कार किया गया। सीएम धामी ने पीएम मोदी को बहुत बड़ा शंख देकर स्वागत किया। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मंच पर पीएम मोदी को पहाड़ी टोपी पहनाकर उनका सम्मान किया। मां नंदा देवी, बाबा गोलज्यू, श्री राज राजेश्वरी को प्रणाम करने के साथ पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत। कुमाऊंनी बोली में वहां मौजूद सभी लोगों का अभिवादन किया। पीएम ने कहा कि सभा स्थल पर मौजूद लोगों को देखकर वो हैरान हैं कि ये प्रचार सभा है या विजय सभा। इसके साथ ही पीएम ने सभा स्थल पर धूप में खड़े लोगों से माफी मांगते हुए कहा कि पंडाल छोटा पड़ गया इसलिए काफी लोगों को धूप में खड़ा रहना पड़ रहा है लेकिन 'ये तपस्या बेकार नहीं जाना दूंगा, इसे विकास करके लौटाउंगा' ।पीएम ने आगे कहा कि, हमें उत्तराखंड को विकसित बनाना है, सबसे आगे लेकर जाना है और इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रही है। बीते 10 सालों में जितना विकास उत्तराखंड का हुआ है उतना आजादी के बाद के 60-65 सालों में भी नहीं हुआ है। आज उत्तराखंड हर प्रकार की आधुनिक कनेक्टिविटी से जुड़ रहा है। उत्तराखंड में भाजपा ने गरीबों को 85 हजार पक्के घर बना कर दिए हैं। उत्तराखंड में भाजपा ने 12 लाख घरों तक पानी का कनेक्शन पहुंचा है, साढ़े 5 लाख से ज्यादा शौचालयों का निर्माण करवाया है, 5 लाख से ज्यादा महिलाओं को उज्जवला मुफ्त गैस कनेक्शन दिया है, 3 लाख लोगों को स्वामित्व योजना के तहत उनकी प्रॉपर्टी के कार्ड दिए गए हैं, 35 लाख लोगों के पास पहले बैंक में खाता तक नहीं थे लेकिन अब इन 35 लाख लोगों को बैंकों से जोड़ा है।

■ उत्तराखंड में भाजपा शासन में 12 लाख घरों तक पानी का कनेक्शन पहुंचा

■ वन रैंक-वन पेंशन से सैनिकों को दी बड़ी राहत

### प्रधानमंत्री ड्रोन दीदी योजना से बहने बन रही 'ड्रोन पायलट'

**रुद्रपुर।** पीएम ड्रोन योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूह को लाखों रुपए का ड्रोन दिया जा रहा है, गांव-गांव की बहनें 'ड्रोन पायलट' बन रही है। उत्तराखंड की महिलाएं भी इस दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 10 साल में जो विकास हुआ है वो केवल ट्रेलर है, अभी तो बहुत कुछ करना बाकी है। इसके लिए न रुकना है ना थकना है। मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ है मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है।

### मोदी सूर्य योजना से अब जीरो बिल

रुद्रपुर। अब तीसरे टर्म में एक और बड़ा काम करने का लक्ष्य है। ये लक्ष्य है देश के लोगों को 24 घंटे बिजली मिले, बिजली का बिल जीरो हो और बिजली से कमाई भी हो। इसके लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। इसके तहत छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए सरकार मदद दे रही है। इससे मध्यमवर्गीय परिवार को 300 यूनिट तो मुफ्त मिलेगी ही और जरूरत से ज्यादा जो बिजली होगी उसकी सरकार खरीदेगी और उससे लोगों की कमाई होगी।

## प्रधानमंत्री का उत्तराखण्ड में चुनावी दौरा : कांग्रेस ने भाजपा की कार्यप्रणाली पर किए सवाल खड़े

**देहरादून,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुद्रपुर में रैली कर चुनावी हुकार भरी तो वहीं उत्तराखंड कांग्रेस की प्रदेश सह प्रभारी दीपिका पांडे ने देहरादून में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी और पीएम मोदी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। दीपिका पांडे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड दौरे पर आए हैं। इसलिए बेहतर होगा कि वह जनता के सामने इन 6 सवालों का जवाब जरूर देकर जाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री हिम्मत जुटाते हुए कांग्रेस और उत्तराखंड की जनता को इन सवालों के जवाब अवश्य देंगे। कांग्रेस ने सबसे पहले अंकिता भंडारी हत्याकांड का मुद्दा उठाया। इस मामले पर दीपिका पांडे ने कहा कि पीएम मोदी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था, लेकिन पीएम मोदी से जनता यह जानना चाहती है कि वह इस परिवार (बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ) का हिस्सा है या नहीं। दीपिका पांडे ने कहा कि प्रदेश की जनता पीएम मोदी से अपेक्षा कर रही है कि वह अंकिता हत्याकांड में वीआईपी का नाम जरूर उजागर करेंगे और बताएंगे की क्या वीआईपी भाजपा परिवार का हिस्सा है या नहीं है।कांग्रेस ने दूसरा मुद्दा केदारनाथ गर्भ गृह में सोने की परत का उठाया। दीपिका पांडे का आरोप है कि केदारनाथ गर्भ गृह से 230 किलो सोने की चोरी हो गई और वो चोरी करने वाला कौन है। दीपिका पांडे का कहना है कि भाजपा सरकार मंदिर की सुरक्षा भी नहीं कर पा रही है और उन्हें उम्मीद है कि वह इस सवाल का जवाब भी प्रधानमंत्री जरूर देंगे कि 230 किलो सोने की चोरी का दोषी कौन है। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रदेश की जनता को यह बताना चाहिए कि उत्तराखंड में बढ़ती बेरोजगारी, पेपर लीक मामले और भर्ती घोटालों का दोषी कौन है। साथ ही दीपिका पांडे ने अग्नि वीर योजना पर भी सरकार को लपेटा। दीपिका पांडे ने कहा कि सैनिक बाहुल्य क्षेत्र उत्तराखंड में युवाओं के भविष्य के साथ अग्नि वीर योजना के नाम पर खिलवाड़ का दोषी कौन है। क्योंकि इस योजना के तहत युवाओं को 4 साल सेवा का मौका मिलेगा, जबकि खुद के लिए 15 साल का मौका चाहते हैं। दीपिका पांडे ने बढ़ते महिला अपराधों पर भी सरकार को घेरा है। उनका कहना है कि लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति प्रदेश में खराब है और यहां भ्रष्टाचार की नई ऊंचाइयों को छूने का काम हो रहा है।



'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रदेश की जनता को यह बताना चाहिए कि उत्तराखंड में बढ़ती बेरोजगारी, पेपर लीक मामले और भर्ती घोटालों का दोषी कौन है : दीपिका पांडे, प्रदेश सह प्रभारी'

**सार संक्षेप**

### राजनीतिक स्वार्थ के लिए विपक्षी नेता किसानों को कर रहे गुमराह : बरसट

**चंडीगढ़।** पंजाब मंडी बोर्ड के अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी पंजाब के महासचिव हरचंद सिंह बरसट ने मीडिया के कुछ वर्गों में दी जा रही गलत जानकारी का जोरदार खंडन किया है, जिसमें कहा जा रहा है कि 26 मार्केट कमेटियों को भंग कर दिया गया है और उनका प्रबंधन निजी साइलो को दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी मार्केट कमेटी भंग नहीं हुई है और न ही ऐसी कोई योजना है। श्री बरसट ने मगंलवार को बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने निजी साइलो को मंडी यार्ड में बदलने का फैसला रद्द कर दिया है। किसानों की मांगों को ध्यान में रखते हुये यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि साइलो को मंडी यार्ड बनाने का फैसला 2013 में अकाली-भाजपा सरकार ने लिया था और तब वे साइलो को खरीद केंद्र बनाते थे, लेकिन इस साल सीएम मान ने इस फैसले को डी-नोटिफाई कर दिया। मंडी बोर्ड चैयरमेन ने कहा कि जहां तक खरीद केंद्रों की संख्या का सवाल है तो किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हर साल नए खरीद केंद्र स्थापित किए जाते हैं।

### आतंकी हारिस फारूकी को लेकर देहरादून पहुंची एनआईए की टीम

**देहरादून।** पिछले दिनों असम पुलिस ने आतंकी संगठन आईएसआईएस के भारत प्रमुख हारिस फारूकी समेत दो आतंकियों को गिरफ्तार किया था। दोनों आतंकियों को बांग्लादेश सीमा से उस समय गिरफ्तार किया था, जब दोनों अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। हारिस फारूकी का उत्तराखंड कनेक्शन सामने आया था। क्योंकि हारिस फारूकी देहरादून का ही रहने वाला है। सोमवार सुबह को एनआईए (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) हारिस फारूकी को लेकर देहरादून पहुंची थी। बताया जा रहा है कि यहां एनआईए की टीम ने हारिस फारूकी के परिवार वालों से पूछताछ की। इसके बाद देर रात को ही हारिस फारूकी को एनआईए की टीम वापस ले गई। हारिस फारूकी करीब 10 साल बाद देहरादून आया था। हारिस फारूकी का परिवार पिछले 20 सालों से देहरादून के डालनवाला में रहता था। फारूकी के पिता देहरादून में यूनानी दवाखाना चलाते हैं।

### नव अधिनियमित आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन हो : सक्सेना

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने मंगलवार को यहां नव अधिनियमित आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के कार्यान्वयन के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में एक जुलाई 2024 से नए कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और सभी संबंधित विभागों में उचित प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाएंगे।

### सुडोकू 6513 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

## कांग्रेस प्रदेश में लोकसभा व विधानसभा उप चुनावों को बड़ी मजबूती के साथ लड़ेगी : रोहित ठाकुर

**शिमला,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रदेश में लोकसभा व विधानसभा उप चुनावों को बड़ी मजबूती के साथ लड़ेगी। पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों को फील्ड में उतरकर भाजपा के किसी भी दुष्प्रचार का मुहतोड़ जवाब देना होगा।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में शिमला संसदीय क्षेत्र के विधायकों, पूर्व विधायको,इस संसदीय क्षेत्र से विधानसभा प्रत्याशी रहें नेताओं ,शिमला नगर निगम के महापौर, उप महापौर, जिला परिषद शिमला के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की एक बैठक को सम्बोधित करते हुए शिमला संसदीय क्षेत्र के चुनाव प्रभारी शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिये सभी पार्टी नेताओं को एकजुटता के साथ प्रचार में डटना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रत्याशी की घोषणा के साथ ही सभी नेताओं को भाजपा के खिलाफ आक्रामक रुख अपना कर चुनाव मैदान में उतरना होगा। उन्होंने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के तीन दिवंगत मुख्यमंत्री रहें है। प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ.यशवंत सिंह परमार पच्छाद से थे,जबकि ठाकुर रामलाल जुब्बल कोटखाई से व वीरभद्र सिंह रोहडू के साथ साथ शिमला ग्रामीण व अर्की से रहें। उन्होंने कहा कि शिमला संसदीय क्षेत्र शुरू से ही कांग्रेस का एक मजबूत किला रहा। रोहित ठाकुर ने कहा कि दुर्भाग्य से पिछले लोकसभा चुनावों में शिमला संसदीय क्षेत्र में पार्टी को सफलता नही मिली,जबकि आज भी इस क्षेत्र के 17 हलकों में से 13 हलकों में कांग्रेस के विधायक है,शेष 4 हलकों में भी कांग्रेस मजबूत स्थिति में है । उन्होंने कहा कि इस बार शिमला संसदीय क्षेत्र में पार्टी की जीत के लिये सभी को एकजुटता के साथ कार्य करना होगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने इस दौरान कहा कि सभी कांग्रेस नेताओं को प्रदेश सरकार के 15 महीने की उपलब्धियां जिसमें कर्मचारियों की ओल्ड पेंशन बहाल करना प्रमुख रहा है इसी के साथ महिलाओं को 1500 रुपए देने की गारंटी पूरी की है को प्रमुख तौर पर प्रचारित करना होगा। बैठक में मौजूद सभी नेताओं ने भाजपा की दमनकारी नीतियों व निर्णयों के साथ साथ जन विरोधी कार्यो को जनता के बीच प्रमुखता से उठाने को कहा उन्होंने कहा कि पार्टी प्रत्याशी घोषित होते ही सभी कांग्रेस जन पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव मैदान में डट जायेंगे।



■ दुर्भाग्य से पिछले लोकसभा चुनावों में शिमला संसदीय क्षेत्र में पार्टी को सफलता नहीं मिली

## ईडी ने डॉ हरक सिंह और अनुकृति गुसाईं की पूछताछ की तारीख आगे बढ़ाई

**देहरादून,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की राडर पर आए उत्तराखंड के पूर्व कैबिनेट मंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता हरक सिंह रावत से मंगलवार दो अप्रैल को पूछताछ होनी थी, लेकिन ईडी के सहायक निदेशक अभय कुमार ने हरक सिंह को भेजे ईमेल में आज की पूछताछ की तारीख आगे बढ़ा दी है। मेल में कहा गया है कि कुछ अन्य ऑफिसियल कार्य की अधिकता की वजह से आज दो अप्रैल को पूछताछ नहीं हो पाएगी। वहीं कल तीन अप्रैल को हरक सिंह रावत की पुत्रवधू अनुकृति गुसाईं से ईडी पूछताछ करने वाली थी, लेकिन अनुकृति गुसाई की भी पूछताछ की तारीख आगे बढ़ा दिया है। बता दे कि ईडी ने कांग्रेस नेता हरक सिंह को 23 मार्च को भेजे समन भेजा था, जिसमें दो अप्रैल को उनके और तीन अप्रैल को उनकी बहु अनुकृति गुसाई को ईडी कार्यालय देहरादून में पूछताछ के लिए बुलाया था। दरअसल, हरक सिंह रावत और कुछ पूर्व आईएफएस अधिकारियों पर कॉर्बेट नेशनल पार्क की पाखरो रेंज में टाइगर सफारी के नाम पर अवैध पेड़ कटान और निर्माण का आरोप लगा था।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा 4 को आएंगे उत्तराखण्ड

**देहरादून,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। रुद्रपुर में पीएम मोदी की रैली के साथ ही बीजेपी ने अपने मेगा कैंपेन की शुरुआत कर दी है। वहीं अब पीएम मोदी के बाद बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी चुनावी प्रचार के लिए उत्तराखंड आ रहे है। हालांकि उनके कार्यक्रम में कुछ परिवर्तन किया गया है। पहले जहां जेपी नड्डा तीन और चार अप्रैल को उत्तराखंड आ रहे थे, तो वहीं अब जेपी नड्डा चार और पांच अप्रैल को उत्तराखंड आएंगे। बीजेपी से मिली जानकारी के अनुसार जेपी नड्डा अब पहले चार अप्रैल को पिथौरागढ़ में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे और उसके बाद उसी दिन देहरादून जिले के विकासनगर में भी रोड शो करेंगे। चार अप्रैल शाम को ही जेपी नड्डा देहरादून में बीजेपी कोर कमेटी की बैठक में शामिल होगे, जिसमें बीजेपी के वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री आदित्य कोठारी ने बताया कि जेपी नड्डा चार अप्रैल को उत्तराखंड में ही रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद पांच अप्रैल को हरिद्वार में एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगे। इसके अलावा जेपी नड्डा अलग-अलग स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी करेंगे और लोकसभा चुनाव को लेकर के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने का काम करेंगे। 6 अप्रैल को बीजेपी का स्थापना दिवसरू आगामी 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी अपना स्थापना दिवस भी मनाने जा रही है, जिसको लेकर उत्तराखंड भाजपा ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। बीजेपी के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी जिलों में कार्यकर्ताओं को विशेष टास्क दिए गए है।



## सीपीएस की नियुक्तियों को चुनौती वाली याचिकाओं पर 22 अप्रैल को सुनवाई

**शिमला,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश हाईकोर्ट ने सीपीएस की नियुक्तियों को चुनौती देने वाली याचिकाओ पर आगामी सुनवाई 22 अप्रैल के लिए निर्धारित की है। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर व न्यायाधीश बीसी नेगी की खंडपीठ ने सभी पक्षकारों की ओर से कुछ देर बहस सुनने के पश्चात मामले को आगामी बहस के लिए 22 अप्रैल की तारीख निर्धारित कर दी। कोर्ट ने अगली तारीख निर्धारित करते हुए स्पष्ट किया कि आगामी तारीख से इस मामले पर सुनवाई रोजाना आधार पर होगी। कोर्ट ने इस मामले में सभी सीपीएस को मंत्रियों वाली सुविधाएं लेने और मंत्रियों वाले कार्य करने पर रोक लगा रखी है। अब उनके सीपीएस बने रहने से जुड़े मुद्दे पर सुनवाई हो रही है। कोर्ट में सरकार की ओर से बताया गया कि सभी सीपीएस कानून के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं। सरकार ने पहले ही स्पष्ट किया था कि कोई भी सीपीएस मंत्रियों वाली सुविधाएं भी नहीं ले रहे है। गौरतलब है कि भाजपा नेता सतपाल सत्ती सहित 12 भाजपा विधायकों ने सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती दी है। याचिका में अर्की विधानसभा क्षेत्र से सीपीएस संजय अवस्थी, कुल्लू से सुंदर सिंह, दून से राम कुमार, रोहडू से मोहन लाल ब्राक्टा, पालमपुर से आशीष बुटेल और बैजनाथ से किशोरी लाल की नियुक्ति को चुनौती गई है।

## भाजपा का ऑपरेशन लोट्स फ्लॉप : हर्षवर्धन चौहान

**शिमला,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि भाजपा का ऑपरेशन लोट्स फ्लॉप हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिस प्रकार प्रदेश कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की है उसमें उसे मुंह की खानी पड़ी। कांग्रेस प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों के साथ साथ छह के छह विधानसभा उप चुनावो में अपनी जीत का परचम लहरायेगी।

आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के पास पूर्ण बहुमत है और सुक्खू सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने 15 माह की उपलब्धियों पर यह चुनाव जीतेगी। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने अपनी पहली मंत्रिमंडल की बैठक में कर्मचारियों की ओपीएस की गारंटी को पूरा कर एक इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि दूसरी गारंटी महिलाओं को 1500 रुपए लाहुल स्पीति जिला से शुरू की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसकी प्रकिया शुरू कर दी थी,पर भाजपा ने इसे रुकवा दिया है। इससे साफ है कि भाजपा महिला हितेषी नही है। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने 15 माह के कार्यकाल में 22 हजार पद स्वीकृत किये है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक लाख नौकरियां देने की गारंटी दी है जिसे वह अपने इस कार्यकाल में पूरा करेगी।

हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में डे बोर्डिंग स्कूल खोलने की जो गारंटी दी थी उसमें भी अब तक 68 मे से 45 विधानसभा क्षेत्रों में कार्य प्रगति पर है। इसी तरह प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार करते हुए आदर्श अस्पताल खोल दिये गए है जहां विशेषज्ञ सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी सभी गारंटियों को हर हाल में पूरा करेगी। हर्षवर्धन ने कहा कि प्रदेश में पहली बार राजस्व अदालतों में एक लाख से अधिक राजस्व मामले सुलझाए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनहित को सर्वोपरि मानते हुए जन आकांक्षाओं को पूरा कर रही है। हर्षवर्धन चौहान ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि कांग्रेस का कोई भी विधायक अब भाजपा में जाने वाला नही। उन्होंने कहा कि जिन कांग्रेस विधायकों ने पासा पलटा है उन्होंने प्रदेश की जनता विशेष तौर पर अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के विश्वास को तोड़ा है जिन्होंने उन्हें कांग्रेस के टिकट पर अपना वोट देकर विधानसभा में भेजा था।



ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने अपनी पहली मंत्रिमंडल की बैठक में कर्मचारियों की ओपीएस की गारंटी को पूरा कर एक इतिहास रचा है : हर्षवर्धन चौहान

## पंजाब पुलिस, अर्ध-सैनिक बलों ने राज्य भर के रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों पर चलाया तलाशी अभियान

**चंडीगढ़,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। लोक सभा मतदान के मद्देनज़र, पंजाब पुलिस ने मंगलवार को राज्य भर के सभी रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों और इनके आसपास एक विशेष घेराबन्दी और तलाशी अभियान (कासो) चलाया। यह तलाशी अभियान पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक सभी 28 पुलिस जिलों में एक ही समय चलाया गया, जिसके अंतर्गत पुलिस टीमों और केंद्रीय हथियारबंद पुलिस बलों ( सी. ए. पी. एफ.) की टीमों ने रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों पर आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली। पुलिस टीमों ने उक्त आपरेशन के दौरान वाहन एप के प्रयोग के द्वारा रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों की पार्किंग में खड़े दोपहिया/ चार पहिया वाहनों की चेकिंग भी की। स्पेशल पुलिस महानिदेशक लॉ एंड आर्डर अर्पित शुक्ला, जो इस राज्य स्तरीय कार्रवाई की निजी तौर पर निगरानी कर रहे थे, ने कहा कि इस अभियान को पूरा करने के लिए सभी सीपीज़/ ऐसऐसपीज़ को, हरेक रेलवे स्टेशन/ बस स्टैंड पर गजटिड अधिकारी की निगरानी में कम से कम दो-दो पुलिस टीमें तैनात करने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा कि हमने सभी पुलिस मुलाजिमों को सख्ती से हिदायत की थी कि वह इस कार्यवाही के दौरान हर हरेक व्यक्ति के साथ विनम्रता के साथ पेश आयें। उन्होंने कहा कि लोगों की कम से कम असुविधा को यकीनी बनाने को ध्यान में रखते हुए राज्य के अलग- अलग रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर संदिग्ध व्यक्तियों की खोज करने के लिए, 2000 से अधिक पुलिस कर्मियों की गिनती वाली 221 पुलिस टीमें तैनात की गयी। उन्होंने बताया कि राज्य के 193 रेलवे स्टेशनों और 162 बस अड्डों पर चलाए गए इस तलाशी अभियान के दौरान 3851 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गयी और वाहन एप का प्रयोग करके पुलिस टीमों ने रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों की पार्किंग में खड़े 3002 वाहनों की चेकिंग भी की। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ने अंतरराज्यीय सरहदों पर अपराधियों, गैर- कानूनी शराब और नशा तस्करों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की है।



### अब तक हुए इतने गिरफ्तार

पंजाब पुलिस ने आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से लेकर अब तक 433 प्राथमिकी दर्ज करके 618 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 37.65 किलो हेरोइन, 60 किलो अफ़ीम, 10.81 क्विंटल भुक्की, 40 किलो गांजा और 11 लाख रुपए ड्रग मनी बरामद की गई है।

## राजेश रस्तोगी ने भी छोड़ा हाथ

**लक्सर,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। लंबे समय से कांग्रेस की राजनीति करने वाले राजेश रस्तोगी ने भी कांग्रेस को बॉय-बॉय कह दिया है। कभी पूर्व मुख्यमंत्री हरिश रावत के करीबी रहे राजेश रस्तोगी ने कांग्रेस से इस्तीफा देते हुए को कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाया है। उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश महासचिव राजेश रस्तोगी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखते हुए कहा कि वह कांग्रेस में लगातार बढ़ते परिवार वाद से दु:खी होकर उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पद समेत अन्य सभी पार्टी पदों से इस्तीफा दे रहे हैं। राजेश रस्तोगी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि यदि कांग्रेस ने साल 2017 के चुनाव में साफ छवि के नेता प्रीतम सिंह को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया होता तो आज उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार होती। साल 2022 में भी कांग्रेस ने लक्सर से टिकट नहीं दिया और हरीश रावत के इशारे पर कांग्रेस ने टिकट बंटवारा किया। अब लोकसभा चुनाव में भी हरिद्वार से स्थानीय नेता को टिकट न देकर कांग्रेस ने हरीश रावत के बेटे को टिकट दिया है। यह परिवारवाद का सबूत है।वहीं इस बाबत राजेश रस्तोगी के मोबाइल फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं लगा। बता दें कि कांग्रेस पार्टी को लगातार झटके पर झटका लग रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस में भगदड़ का दौर जारी है। पार्टी के कई नेताओं ने कांग्रेस का दामन छोड़ दिया है और बीजेपी ज्वाइन कर ली है। वहीं अब कांग्रेस प्रदेश महासचिव राजेश रस्तोगी ने भी कांग्रेस छोड़ दी है। उन्होंने कांग्रेस पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।



# प्रादेशिकी

## झोपड़ी से गृहस्थी राख, दो जानवर व नकदी भी जली

**फर्रुखाबाद,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। गर्मी बढ़ते ही आग की घटनाएं शुरू हो गई हैं। झोपड़ी में अचानक लगी आग से गृहस्थी के सामान के साथ ही दो बकरे और नकदी भी जल गई। ग्रामीणों नें पंपिंग सेट की मदद से आग पर काबू पा लिया। दमकल को सूचना नही दी गई। थाना क्षेत्र के ग्राम मंझा निवासी मातादीन पुत्र बालक राम की झोपड़ी में अचानक आग लग गई। आग की जानकारी होनें पर गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर ग्रामीण एकत्रित हुए देखते ही देखते आग नें बिकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों नें पंपिग सेट से आग पर काबू पाया। मातादीन नें बताया कि आग में गृहस्थी के सामान के साथ ही अनाज, सरसों, आटा, साइकिल, सिलेंडर, बक्सा, दो चारपाई, कम्बल-रजाई के साथ ही दो बकरे व 15 हजार रूपये की नकदी जलकर धुंआ हो गई।

# विकास की नई बुलंदियों को छू रहा देश : योगी



- मुख्यमंत्री ने बरेली में प्रबुद्ध सम्मेलन को किया संबोधित
- बरेली से छत्रपाल सिंह व आंवला से धर्मेंद्र कश्यप के लिए मांगे वोट

**लखनऊ/बरेली,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। देश की छवि को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया गया इसलिए प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए भारतवासी एक स्वर में यह वाक्य बोल रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है। 2024 का चुनाव मोदी के प्रति भारत वासियों के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। इस चुनाव में एक तरफ स्वार्थ का परिवार है तो दूसरी तरफ मोदी का परिवार है। पूरे देश में एक ही आवाज है फिर एक बार मोदी सरकार, लेकिन यह गूंज अचानक नहीं सुनाई दे रही है। इसके पीछे दस वर्ष तक लगातार की गई मोदी की मेहनत है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने बरेली से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार व आंवला से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में मंगलवार को प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ दंगा व कर्फ्यू पॉलिसी देने वाले लोग हैं तो दूसरी तरफ बेहतर सुरक्षा का वातावरण देने वाली मोदी सरकार है। एक तरफ माफियाराज को प्रश्रय देने वाले हैं तो दूसरी तरफ कानून का राज स्थापित करने वाली भाजपा सरकार है। एक तरफ चुनाव में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले इंडी गठबंधन के लोग हैं तो दूसरी तरफ भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति पर कार्य करने वाली मोदी सरकार है। एक तरफ स्वार्थ का परिवार है तो दूसरी तरफ 140 करोड़ का मोदी का परिवार है। एक तरफ जातिवाद है तो दूसरी तरफ कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर गरीब को शासन की योजनाओं का लाभ देने वाले लोग हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गरीब कल्याणकारी योजनाओं का कोई सानी नहीं है। कृषि सिंचाई योजना, कृषि बीमा योजना, किसान सम्मान निधि के माध्यम से अन्नदाता किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन हुआ। पीएम स्टार्ट अप, पीएम स्टैंड अप, रोजगार के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना चलाई गई। हस्तशिल्पी व कारीगरों के उन्नयन के लिए योजनाएं चलीं। महिलाओं के कल्याण के लिए मातृ वंदना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से लेकर सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं के माध्यम से परिवर्तन देखने को मिला है। मुख्यमंत्री ने सांसद संतोष गंगवार की तारीफ की। बोले कि लंबे समय तक बरेली ने उनका नेतृत्व देखा है। उनके नेतृत्व में बरेली, प्रदेश व देश में विभिन्न कार्य आगे बढ़े। उनका आशीर्वाद यहां के कार्यकर्ताओं को मिला और मिलेगा। संतोष गंगवार ने अपना आशीर्वाद छत्रपाल गंगवार व धर्मेंद्र कश्यप को दिया है। संतोष गंगवार के नेतृत्व में पूरा बरेली भाजपा के प्रत्याशियों को विजयी बनाने का आकांक्षी है। प्रबुद्ध सम्मेलन में बरेली के सांसद संतोष गंगवार, प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह, डॉ. अरुण सक्सेना, महापौर उमेश गौतम आदि मौजूद रहे।

### देश-प्रदेश के हर एक क्षेत्र में परिवर्तन हुआ : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश-प्रदेश के हर एक क्षेत्र में परिवर्तन हुआ है। मोदी ने विकसित भारत का संकल्प दिया है। विकसित भारत का मतलब हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली, हर नौजवान को रोजगार, हर किसान के खेत में पानी, हर व्यापारी को सुरक्षा हो। विकसित भारत ग्लोबल लीडर के रूप में दुनिया को नेतृत्व देने वाला हो। विकसित भारत के लिए तीसरी बार मोदी को अवसर दिया जाना है। विकसित भारत के लिए विकसित उप्र, विकसित उप्र के लिए विकसित बरेली और विकसित बरेली के लिए भाजपा आवश्यक है।



## निर्पेंद्र कुमार रस्तोगी की सेवानिवृत्ति पर विदाई सम्मान समारोह आयोजित

**मवाना,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर स्थित ए एस इंटर कॉलेज में मंगलवार को इतिहास का विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक विद्यालय की प्रबंध समिति के प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी तथा प्रधानाचार्य डॉ मेघराज सिंह ने अंग वस्त्र माला एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने बताया की निर्पेंद्र कुमार रस्तोगी ने लगभग 37 वर्ष की सेवा विद्यालय को दिए। इसे पूर्व इनके पिता कृष्ण अवतार रस्तोगी विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर कार्य कर चुके है। निर्पेंद्र कुमार रस्तोगी ने लंबे समय विद्यालय की परीक्षा प्रभारी के रूप में तथा वेतन भोगी ऋण समिति के सचिव के रूप में भी कार्य किया।

## विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने की कला सिखाई

**मवाना,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। मेरठ रोड स्थित महालक्ष्मी डिग्री कॉलेज में बीएड विभाग के छात्र-छात्राओं के लिए मंगलवार को दो दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कॉलेज चेयरमैन डॉ. प्रवीण मित्तल, कॉलेज निदेशक डॉ. मोहित यादव और कॉलेज रजिस्ट्रार संदीप कुमार ने संयुक्त रूप से स्काउट गाइड ध्वजारोहण कर किया गया।



- दो दिवसीय स्काउट गाइड शिविर शुरू

सर्वप्रथम स्काउट गाइड संस्थापक बाइडेन पॉवेल को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्पित कर उनको याद किया गया। शिविर संचालक सचिन शर्मा और अमरदीप ने छात्र-छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने की कला को सिखाया। साथ ही उन्होंने तम्बू बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की गांठों के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी छात्र- छात्राओं को स्काउट और गाइड को अलग-अलग टोली में विभाजित कर उनको शिविर के द्वितीय दिवस के महत्वपूर्ण दायित्व के बारे में समझाया। कॉलेज निदेशक डॉ. मोहित यादव ने कहा कि यह कैम्प बेहतर तभी साबित होगा जब उसको पूरे समर्पण भाव के साथ पूरा करेंगे। इस अवसर पर ज्योति त्यागी, प्रीति शर्मा, कमलेश शर्मा, अरुण गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

**सार संक्षेप**

### विपक्षी पार्टियों में मची हुई है खलबली : केशव मौर्य

**मेरठ।** डिप्टी सीएम ने समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा, डिप्टी सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी को अपना नाम बदलकर अदला-बदली पार्टी रख लेना चाहिए, डिप्टी सीएम बोले कि मेरठ के मौजूदा संसद को भाजपा में जल्द बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी। कहा की इस बार यूपी की जनता भाजपा को 80 सीटों का तोहफा देने जा रही है। देश में भाजपा 400 सीटों के आंकड़े को पार करेगी। वहीं डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा के प्रति जनता के प्रेम को देखते हुए विपक्षी पार्टियों में खलबली मची हुई है। मंगलवार को मेरठ पहुंचे यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बड़ा बयान दे दिया उन्होंने समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी बदलने के सवाल पर कहा कि सपा को अपना नाम बदलकर अदला-बदली पार्टी रख लेना चाहिए, इस दौरान उन्होंने कहा 2024 भाजपा का है भाजपा यूपी में 80 की 80 सीटों पर परचम लहराएगी और देश में 400 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि अरुण गोविल को मेरठ की जनता का भरपूर प्यार मिल रहा है, और भाजपा को पूरे देश के लोग प्यार दे रहे है।

### चाय की दुकान में लगी आग बाल बाल बचा मालिक

**मेरठ।** नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित प्रीत विहार में मौजूद लाला टी स्टाल की दुकान में सोमवार देर रात अचानक भीषण आग लग गई। वही दुकान में मोजूद सिलेंडर ने भी आग पकड़ ली। जिसके बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। वही दुकान में सो रहा दुकान मालिक बाल बाल बच गया। आसपास के लोगों द्वारा जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और घंटों की मश्क्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

प्रीत विहार के रहने वाले राकेश की मकान से थोड़ी दूरी पर चाय की दुकान मौजूद है। राकेश रात को काम खत्म करने के बाद दुकान में सो गया था। मंगलवार सुबह करीब 5:00 बजे दुकान में अचानक आग लग गई आग ने दुकान में मौजूद सिलेंडर को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिसके बाद आसपास के लोगों में भगदड़ मच गई। किसी तरह दुकान के मालिक राकेश ने दुकान से भागकर अपनी जान बचाई और मामले की जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना पाकर एक दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंच गई, और आसपास के लोगों की मदद से घंटों की मशक्क त के बाद आग पर काबू पा लिया।

### हत्या के मामले में दो सगे भाई गिरफ्तार, तीन फरार

**फर्रुखाबाद।** भूमि बिक्री करनें के विवाद में ग्रामीण को लाठी-डंडो से पीटकर मौत के घाट उतारा गया था। पुलिस नें सोमवार को दो आरोपियों को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार किया। जबकि घटना के 6 दिन बाद भी तीन आरोपी फरार हैं। विदित है कि बीते 27 मार्च 2024 को ग्राम नकटपुर निवासी सत्यपाल कुबेरपुर मौजे के खेत पर गया था। उसी दौरान उसकी लाठी-डंडो से पीटकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के आरोप में मृतक के भाई नेत्रपाल नें गांव के ही आरोपी संजीब, कुलदीप, कमलप्रताप पुत्र रामनिवास, शेर सिंह पुत्र दयाराम व भूरे पुत्र महिपाल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मौके से ही आरोपी संजीब को भीड़ नें पकड़ लिया था। जिसकी पिटाई भी कर दी गई थी।

## डीएवी में पारंपरिक यज्ञ से हुआ सत्र 2024-25 का प्रारंभ

**मेरठ,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। शास्त्री नगर स्थित डी ए वी स्कूल के प्रांगण में नए सत्र का प्रारंभ वैदिक यज्ञ के द्वारा किया गया। सत्र 2024- 25 में मां सरस्वती की अनुकंपा प्राप्त करने के लिए यज्ञ का



आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों का सफलता प्रदायक तिलक लगाकर स्वागत किया गया। यजमान विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण करते हुए यज्ञ की पवित्र अग्नि प्रज्जवलित की। वैदिक ऋचाओं से सारा वातावरण गुंजायमान व सुगंधित हो उठा। विद्यालय की प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने सभी छात्रों को आगामी सत्र की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद दिया तथा भविष्य में सभी के सर्वांगीण विकास की मंगल कामना करते हुए पुष्प वर्षा की।

## दरियापुर में मंदिर गिराने के मामले में ग्रामीण सीओ से मिले

**मवाना,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। हस्तिनापुर क्षेत्र के दरियापुर गांव मे मीवा जाने वाले मार्ग पर स्थित खेत में बने मंदिर को गिराने के मामले में मंगलवार को अनेक ग्रामीण तहसील परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिले और उनसे इस मामले में कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। सीओ सौरभ सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि इस मामले में जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जायेगी। दरियापुर स्थित श्री झारखंडी महादेव की कमेटी के राजेन्द्र, बालू, संदीप, मनिश मावी, सचिन, राजू, दिनेश, रामपाल, राजवीर, रामचरण, अभिषेक, विशेष, सुभाष, प्रिंस, विकल, दीपांशु समेत अनेक ग्रामीण मंगलवार को तहसील परिसर पहुंचे और सीओ को शिकायती पत्र दिया कि हस्तिनापुर क्षेत्र के दरियापुर गांव से मीवा जाने वाले मार्ग पर बाबा मोहन राम काली खोली वालो का मंदिर है। जिसमे भगवान शिव व बाबा मोहनराम काली खोली वालों प्रतिमा भी स्थापित थी। मंदिर दरियापुर निवासी किसान यशपाल के खेत में बना हुआ था। किसान यशपाल ने लगभग 12 वर्ष पूर्व खेत में से कुछ जमीन मंदिर के लिए दान दे दी थी। जिस पर आपसी सहयोग से वहां पर मंदिर बना हुआ है।



### मंदिर को लोगों की आस्था का केंद्र बताया

यशपाल ने बताया कि उन्होने मंदिर की जगह को छोड़कर बाकी खेत की भूमि के गांव के सनोज को चार वर्ष पहले बेच दिया था। मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र है तथा वहां पर श्रद्वालु पूजा अर्चना करने आते थे। मंदिर के देखरेख व पूजा पाठ धनवीर भगत जी करते थे। सभी ग्रामीणों ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग तीन बजे जेसीबी से मंदिर गिरा दिया गया। ग्रामीण दीपांशु के अनुसार सीओ ने इस मामले में जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी पुर्ननियुक्ति हेतु करें आवेदन

**मेरठ,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन ने बताया कि उच्च न्यायालय के परिपत्र के अनुपालन में जनपद न्यायालय मेरठ में आशुलिपिक ग्रेड-3 के 10 पद, वरिष्ठ सहायक के 25 पद पर जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण की पुर्ननियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र दिनांक 10 अप्रैल 2024 की सांय 05.00 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय जिला न्यायाधीश मेरठ में प्राप्त किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि उपरोक्त पदो पर पुर्ननियुक्त सेवानिवृत्त कर्मचारीगण का कार्यकाल, कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नई नियुक्तिध्पदोन्नति होने तक अथवा एक वर्ष के लिए जो भी न्यूनतम हो, तथा 65 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक की अवधि के लिए मानी जायेगी। अन्य जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने पिछले पांच वर्षों की चरित्र पंजिका की प्रविष्टि आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगे।

## निर्वाचन प्रेक्षकों ने परखी जनपद की तैयारियों की व्यवस्था

- नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

**मेरठ,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। मेरठ-हापुड़ लोकसभा चुनाव के लिए व्यव व पुलिस प्रेक्षक ने विकास भवन सभागार में नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने जनपद की तैयारी की व्यवस्था देखते हुए सुधार के निर्देश दिए। उनका कहना है कि चुनाव में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। जिले के कर्मचारी गाजियाबाद व हापुड़ में भी चुनाव कराएंगे। लोकसभा निर्वाचन को पारदर्शी, निष्पक्ष, सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए विधानसभा क्षेत्र सरधना जो कि मुजफ्फरनगर-3 लोकसभा क्षेत्र में आता है। प्रेक्षक राजेश मीणा, व्यय प्रेक्षक शिवा कुमार व पुलिस प्रेक्षक दिव्या गोपीनाथ ने विकास भवन में नोडल अधिकारियो के साथ बैठक की। प्रेक्षकों ने बचत भवन में कंट्रोल रूम, एमसीएमसी के कार्यों, विक्टोरिया पार्क पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल और सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। प्रेक्षको ने निर्वाचन से संबंधित मतदान, मतगणना कार्मिक व्यवस्था, माइक्रोआब्र्जवर, कार्मिको की नियुक्ति व प्रशिक्षण, प्रेक्षक व्यवस्था, वीडियोग्राफी, वेबकास्टिंग, ईवीएम, वीवीपैट, राजनैतिक दलो को जानकारी उपलब्ध कराना, निर्वाचन तैयारी का रिकॉर्ड सुरक्षित रखना, कमिशनिंग, रेन्डेमाईजेशन, निर्वाचन सामग्री, मतपत्र व्यवस्था संबंधी कार्य, बैलेट पेपर प्रिन्टिंग, सीसीटीवी कैमरा, रूट चार्ट, सुरक्षा, शस्त्र लाईसेंस जमा, कम्युनिकेशन प्लॉन, क्रिटीकल बूथ, बैरियर, वाहन अधिग्रहण, पोस्टल बैलेट प्लॉन, मीडिया ब्रीफिंग, एपिक, पोलिंग बूथ, पोस्टल बैलेट, आदर्श आचार संहिता, स्वीप, एमसीएमसी आदि कार्यों से संबंधित नोडल अधिकारियों कों कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए.प्रेक्षक ने सी-विजिल ऐप, एनजीएसपी, मीडियाध्सोशल मीडिया सैल का भी निरिक्षण किया।

## अतुल प्रधान ने पूर्व महापौर के नाम से खरीदा पर्चा

**मेरठ,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। मेरठ-हापुड़ लोकसभा संसदीय सीट के लिए अभी तक 51 उम्मीदवारों ने नामांकन फर्म खरीदा है। इनमे से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल समेत तीन उम्मीदवार नामांकन कर चुके हैं। नामांकन के लिए आज के बाद दो दिन शेष रह जाएंगे। ऐसे में सपा की गुटबाजी थमने का नाम नहीं ले रही हैं। समाजवादी पार्टी से अतुल प्रधान को आधिकारिक तौर पर प्रत्याशी घोषित किया गया है। उसके बावजूद भी महापौर सुनीता वर्मा के नाम से पर्चा खरीदा गया। जो शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। बीती 28 मार्च को नामांकन की अधिसूचना जारी होने के बाद प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। गुरुवार को नामांकन का आखिरी दिन है। ऐसे में समाजवादी पार्टी ने मेरठ हापुड़ लोकसभा संसदीय सीट पर भानु प्रताप सिंह को प्रत्याशी घोषित किया था। लेकिन स्थानीय नेताओं ने भानु प्रताप सिंह को बाहरी प्रत्याशी बताते हुए विरोध शुरू कर दिया था। समाजवादी पार्टी का आला कमान अखिलेश यादव ने भानु प्रताप सिंह का टिकट काटकर सोमवार देर रात समाजवादी पार्टी से सरधना विधायक अतुल प्रधान को प्रत्याशित घोषित कर दिया था।

## खनन माफियाओं पर चल प्रशासन का चाबुक

**मवाना,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। धरती का सीना चीरने वाले माफ्यिाओं के खिलाफ आखिरकार पुलिस व प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। देर रात थाना पुलिस ने खनन माफिया पर बड़ी कार्रवाई करते हुए छह डंपर व दो जेसीबी को सीज कर दिया। उपजिलाधिकारी की कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मच गया। बता दे कि तहसील क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों के हौसले बुंलद है रात के अधेरे में खनन माफिया दर्जनों जगहों पर धरती का सीना छलनी करना शुरू कर देते है। कई बार लोगों ने इस मामले को पुलिस और तहसील प्रशासन के सामने उठाया। लगातार शिकायत मिलने के बाद एसडीएम ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर सोमवार देर रात संयुक्त अभियान चलाया। संयुक्त टीम ने खनन को रोकने के लिए छापेमारी की। भनक लगते ही खनन कर रहे लोगों में अफरा तफरी मच गई। खनन माफिया जेसीबी मशीन और डंपर छोड़कर से भाग खड़े हुए। देर रात



- छह डंपर और दो जेसीबी सीज

एसडीएम अंकित कुमार ने खनन में लिप्त दो जेसीबी मशीन और छह डंपरों को सीज कर दिया। वहीं खनन में लिप्त माफियाओं की तलाश के लिए पुलिस को निर्देशित किया। एसडीएम ने कहा कि नदियों में अवैध रूप से खनन करने की शिकायत लगातार मिल रही है।

# लू की आपदा से बचने के लिए जनहित में जारी किए गए उपाय

- जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें और सूर्य के सम्पर्क से बचें
- आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें

**मेरठ,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सूर्य कान्त त्रिपाठी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में हीटवेव (लू) की आपदा से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मेरठ द्वारा जनहित में उपाय जारी किए गए है।



घर से बाहर निकलते समय गमछा, टोपी, चश्मा एवं छाते का प्रयोग करें, हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें तथा कड़ी धूप से बचें, पर्याप्त मात्रा में तरल पेय पदार्थ जैसे छांछ, लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू का पानी एवं आम के पने का सेवन करें, प्यास की इच्छा न होने पर भी पानी बार-बार पिएं, निर्जलीकरण से बचने के लिए ओआरएस घोल का प्रयोग करें, यात्रा करते समय पानी हमेशा साथ में रखें, संतुलित हल्का व नियमित भोजन करें, खाना बनाते समय खिड़की, दरवाजे एवं रात को खिड़कियाँ खुली रखें, जिन खिड़कियों और दरवाजों से गर्म हवा आती है उन पर रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमिनियम पन्त्री, गत्ते या काले पर्दे लगायें। वृद्धों, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें, अधिक परिश्रम के बीच में आराम भी करें, घर की छत पर चूने सफेद रंग का पेन्ट करें, जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें और सूर्य के सम्पर्क से बचें, स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें, लू लगने के लक्षणों को पहचानें। यदि कमजोरी लगे, सिर दर्द हो, उल्टी महसूस हो, मांसपेशियों में ऐंठन हो और चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर को दिखाएं, लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाकर सूती गीले कपड़ों से पोछे या शरीर के ऊपर पानी का स्प्रे करें।

### क्या न करें

अधिक गर्म चाय-काफी एवं शराब जैसे पेयपदार्थ का सेवन न करें, अधिक तेज धूप में बाहर न निकलें, अधिक गर्मी धूप में व्यायाम न करें, धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें, अधिक प्रोटोन वाले तथा बासी खाद्य पदार्थों का सेवन न करें।

## सद्भाव के साथ सभी को साथ लेकर चलना जरूरीः चौधरी विजेन्द्र



**मेरठ,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। बसपा प्रत्याशी चौधरी विजेंन्द्र सिंह का प्रचार अभियान हस्तिनापुर विधानसभा पहुंचा जहाँ मीवा, मक्खानगर, बटावली, शाहपुर, छोटा मवाना, पहाड़पुर, निलोहा, तिगरी, बहसूमा व भोडूपुर इत्यादी में जनसंपर्क किया और जनता ने भी गरमजोशी से स्वागत किया। चौधरी विजेंन्द्र सिंह ने अपने वक्तव्य में सर्वधर्म सदभाव बनाने व सबको साथ लेकर चलने की बात की। जिसकी जितनी भागीदारी है उसकी उतनी हिस्सेदारी हो की आवाज बुलंद की। विडंबना है की ऐतिहासिक पांडवो की नगरी कहलाने वाली हस्तिनापुर से विकास का कोई लेना देना ही नहीं रहा, एक तरफवन्दे भारत और बुलेट ट्रैन आ रही है और यहाँ आज तक रेल नहीं पहुंची, सड़कों का हाल अतिबदतर है। यहाँ ना तो चिकित्सा है ना शिक्षा है और ना ही किसानों के अधिकारों की बात सोची जाती है। मैं यहीं का हूं तो विश्वास रखें आपके दर्द का निवारण मैं बेहतर तरीके से कर सकता हूं क्यूंकि आपकी ही तरह यहां की दिक्कतों से रूबरू हुआ हूं।




देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 3 अप्रैल, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# पूर्वांचल से चुनावों में किस्मत आजमा चुके हैं कई दिग्गज

**लखनऊ,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। पूर्वांचल से चुनावी भाग्य आजमाने वालों में ऐसे भी राजनेता रहे, जिनका कद उनकी पार्टी या दल से नहीं बल्कि व्यक्तित्व से रहा। इनमें से कुछ लोग पूर्वांचल की माटी से थे तो कुछ बाहरी। इसके बावजूद इन सबकी खूबियां लगभग एक समान रहीं। अपने-अपने क्षेत्र के दिग्गज रहे इन लोगों की कभी पूर्वांचल की राजनीति में धाक रही। लेकिन, इन्हें भी हार-जीत का खट्टा-मीठा स्वाद मिलता रहा। अब भी चुनावों के समय उन्हें याद किया जाता है। यहां जानते हैं इन शख्सियतों के बारे में

**सुचेता कृपलानी :** देश के किसी सूबे की पहली महिला मुख्यमंत्री सुचेता कृपलानी 1952 में गोरखपुर मध्य से संसदीय चुनाव लड़ी थीं, उन्हें जीत का स्वाद नहीं मिला। उन्होंने वर्ष 1962 में मेहदावल से विधानसभा चुनाव में भाग्य आजमाया और सफलता हासिल की। उन्होंने संघ के चंद्रशेखर सिंह को शिकस्त दी। 2 अक्टूबर 1963 से 13 मार्च 1967 तक वह सूबे की सीएम भी रहीं। अंबाला के एक बंगाली परिवार में 25 जून 1908 में पैदा हुईं सुचेता मजूमदार सर्वश्रेष्ठ संस्थान इंद्रप्रस्थ और स्टीफेंस से पढ़ी-लिखीं। बीएचयू में अध्यापन कर चुकी सुचेता प्रसिद्ध समाजशास्त्री आचार्य जेबी कृपालानी से शादी करने के बाद स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय हुईं। भारत छोड़ो आंदोलन में अरुणा आसफ अली व ऊषा मेहता जैसी भूमिका निभाने वाली सुचेता देश के विभाजन के बाद नोआखाली के दंगों में गांधीजी के साथ रहीं। वह संविधान सभा की सदस्य भी रहीं।

**मोहसिना किदवई :** 14 साल (1960-1974) तक एमएलए व दो बार सांसद रह चुकीं किदवई का शुमार कभी कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में था। केंद्र व प्रदेश में वह कई मंत्रालयों का प्रभार संभाल चुकी हैं। राष्ट्रपति चुनाव में अपनी किस्मत आजमा चुकी किदवई पर पूर्वांचल के लोगों ने भरोसा नहीं किया। मूलत: बाराबंकी की रहने वाली मोहसिना किदवई ने वर्ष 1991 और 1996 में डुमरियागंज संसदीय सीट से



बतौर कांग्रेस उम्मीदवार भाग्य आजमाया, लेकिन उन्हें 1991 में दूसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा। वर्ष 1996 में तो आलम यह रहा कि उनकी जमानत तक नहीं बच सकी।

**बाबू गेंदा सिंह :** अविभाजित देवरिया जिले में गन्ना किसानों के संघर्ष के प्रतीक रहे बाबू गेंदा सिंह के नाम पर स्थापित वर्तमान कुशीनगर जिले के सेवरही गन्ना शोध संस्थान उनके सम्मान का प्रतीक है। 17 अगस्त 1965 से 31 मार्च 1957 तक वे विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता रहे। वह एक अच्छे राजनेता के रूप में ख्यातिलब्ध रहे। वर्ष 1957 व 1962 में उन्होंने पडरौना पूर्व, वर्ष 1967 व 1969 में सेवरही विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। कांग्रेस के टिकट पर वे 1971 में पडरौना से सांसद चुने गए, लेकिन 1977 के चुनावों में जनता पार्टी की आंधी में धड़ाम हो गए।

**महंत दिग्विजयनाथ :** दिग्विजयनाथ चित्तौड़ मेवाड़ ठिकाना ककरहवां में पैदा हुए और 5 साल की अल्पायु में गोरखपुर आए और यहीं के होकर रह गए। वे जिस गांधीजी से प्रभावित होकर अपनी पढ़ाई छोड़कर 1920 में असहयोग आंदोलन में शामिल हुए थे, वे ही उनकी हत्या में आरोपित हुए थे। यह बात अलग है कि सबूतों के अभाव में बरी हो गए। नाम तो उनका चौरीचौरा कांड में भी आया, लेकिन इस कांड में भी उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। वर्ष 1931 में कांग्रेस तुष्टीकरण की नीति पर चलते हुए कम्यूनल अवॉर्ड से सहमत हो गयी तब उनका कांग्रेस से मोह भंग हो गया और वे हिंदू महासभा में शामिल हो गए। वर्ष 1962, 1967, 1969 में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र मानीराम का प्रतिनिधित्व किया। 1967 में गोरखपुर संसदीय सीट से सांसद बने। वैशाख पूर्णिमा 1894 में पैदा हुए दिग्विजयनाथ ने 28 सितम्बर 1969 में चिरसमाधि ली। हिंदुत्व के मुखर पैरोकार होने के साथ वे बहुसंख्यक समाज में व्याप्त जाति-पाति के कट्टर विरोधी थे।

**प्रो. शिब्बनलाल सक्सेना :** आजादी के बाद जब कांग्रेस की पूरे देश में आंधी चल रही थी, तब प्रो. शिब्बन लाल सक्सेना ने 1952, 1955 व 1957 के चुनावों में न केवल समाजवाद का परचम लहराया बल्कि जीत की हैट्रिक भी बनायी। हालांकि, 1962 व 1964 के चुनाव में वह कांग्रेस के महादेव प्रसाद से हार गए। 1971 में समाजवाद का चोला उतारकर कांग्रेसी बने और संसद में पहुंचे। लेकिन, इमरजेंसी के कारण उनका कांग्रेस से मतभेद हुआ और 1977 के चुनाव में उन्होंने जनता पार्टी का दामन थाम कर जीत हासिल की।

**महंत अवेद्यनाथ :** गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ ने 1969, 1989, 1991 व 1996 में गोरखपुर सदर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अपने जीवन काल के अंतिम लोकसभा चुनाव को छोड़कर शेष सभी चुनाव हिंदू महासभा के टिकट पर लड़ा। उन्होंने 1962, 1967, 1969, 1974 और 1977 में मानीराम विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 1984 में शुरू हुई रामजन्म भूमि मुक्ति यज्ञ समिति के शीर्षस्थ नेताओं में शुमार श्रीराम जन्मभूमि यज्ञ समिति के अध्यक्ष व रामजन्म भूमि न्यास समिति के सदस्य रहे महंत अवैद्यनाथ योग व दर्शन के मर्मज्ञ थे। गोरखपुर की राजनीति को दशकों तक कवर करने वाले गिरीश पांडेय बताते हैं कि बहुसंख्यक समाज को जोड़ने के लिए सहभोजों के क्रम में उन्होंने बनारस में संतों के साथ डोमराजा के घर भोजन किया। 1998 में अपने उत्तराधिकारी योगी आदित्यनाथ को अपनी राजनीतिक विरासत सौंपने के बाद एक तरह से उन्होंने राजनीति से संन्यास ही ले लिया।

मप्र के लोकसभा चुनाव में परिवारवाद की छाया

# सियासी घरानों के प्रतिनिधि ताल ठोकते आ रहे नजर

**भोपाल,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के लोकसभा चुनाव में परिवारवाद की छाया भी नजर आ रही है। यहां सियासी घरानों के प्रतिनिधि ताल ठोकते नजर आ रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि जिन स्थानों पर इन घरानों के प्रतिनिधि मैदान में हैं, वहां चुनाव रोचक भी है। राज्य में लोकसभा चुनाव प्रचार की गर्माहट धीरे-धीरे बढ़ने लगी है और प्रचार अभियान भी गति पकड़ रहा है। राज्य में लोकसभा की 29 सीटें हैं और भाजपा सभी स्थानों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम तय कर चुकी है। जबकि, कांग्रेस को 28 स्थान पर चुनाव लड़ना है और वह अब तक सिर्फ 25 उम्मीदवारों के नाम का ही फैसला कर पाई है। अभी तीन संसदीय क्षेत्र ग्वालियर, मुरैना और खंडवा के लिए उम्मीदवार तय करना बाकी है।

## राजनीति में परिवारवाद सियासी मुद्दा

राजनीति में टिकट वितरण में लगभग हर बार परिवारवाद की छाया साफ नजर आती है। इस मामले में कोई किसी से पीछे नहीं रहता। राज्य की बात करें तो गुना संसदीय क्षेत्र से



■ तीन संसदीय क्षेत्र ग्वालियर, मुरैना और खंडवा के लिए उम्मीदवार तय करना बाकी

सिंधिया राजघराने के प्रतिनिधि के तौर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया एक बार फिर चुनाव मैदान में हैं। सिंधिया राजघराने के कई प्रतिनिधि सियासत में सक्रिय रहे हैं और सांसद से लेकर केंद्रीय मंत्री तक बने हैं। इसी सीट पर कांग्रेस ने भी परिवारवाद को महत्व दिया है और राव यादवेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। उनके पिता भाजपा से कई बार विधायक रहे हैं। बात राजगढ़ की करें तो यहां से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह कांग्रेस के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। उनके बेटे जयवर्धन सिंह राघौगढ़ से विधायक हैं। इसी तरह छिंदवाड़ा से कांग्रेस ने एक बार फिर नकुलनाथ को उम्मीदवार बनाया है और उनके पिता कमलनाथ वर्तमान में विधायक हैं। भाजपा ने रतलाम झाबुआ संसदीय क्षेत्र से अनीता सिंह चौहान को मैदान में उतारा है और उनके पति नागर सिंह चौहान वर्तमान में डॉ. मोहन यादव की सरकार में मंत्री हैं। समाजवादी पार्टी के खाते में सियासी समझौते के चलते खजुराहो सीट आई है। यहां से समाजवादी पार्टी ने मीरा यादव को उम्मीदवार बनाया है। वे भी परिवारवाद का हिस्सा हैं क्योंकि उनके पति दीप नारायण यादव उत्तर प्रदेश के झांसी जिले की गरौठा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे हैं। पार्टी ने पहले यहां से डॉ. मनोज यादव को उम्मीदवार बनाया था। लेकिन, दो दिन बाद ही बदलाव कर मीरा यादव को उम्मीदवार बनाया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राजनीतिक दल परिवारवाद को महत्व न देने की बात करते हैं, राजनीति के लिए सबसे नुकसानदायक बताने में भी नहीं चूकते। मगर, जब चुनाव आते हैं तो हर दल अपने-अपने तरह से परिवारवाद को परिभाषित करने लगता है। कोई घोषित उम्मीदवार की योग्यताएं बताने लगता है तो कोई चुनाव जीतने को महत्वपूर्ण बताता है। कुल मिलाकर राजनीतिक दल जो कहते हैं उस पर कायम नहीं रह पाते।

# मुरादाबाद सीट से एसटी हसन का टिकट काटकर रुचि वीरा पर लगाया दांव

**मुरादाबाद,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी ने इस बार मुरादाबाद सीट से एसटी हसन का टिकट काटकर रुचि वीरा पर दांव लगाया है। इसके बाद एसटी हसन के समर्थक सपा के शीर्ष नेतृत्व से नाराज हैं। वो सपा के इस फैसले की खुलकर आलोचना कर रहे हैं। बीते दिनों एसटी हसन समर्थकों ने रुचि वीरा का पुतला तक फूंका था।



सपा प्रत्याशी रुचि वीरा का मुस्लिम बाहुल्य इलाके में हो रहा भारी विरोध

इस बीच, रुचि वीरा मुस्लिम बाहुल्य इलाके में चुनाव प्रचार करने पहुंची, तो उन्हें लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कांग्रेस पार्षद सद्दाम हुसैन एक सभा को संबोधित करते हुए नजर आ रहे हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रुचि वीरा जी, आप मुरादाबाद में गठबंधन की प्रत्याशी बन कर आई हो, अच्छी बात है। मगर डॉ. एसटी हसन साहब, सैय्यद हैं, वह हमारे नवी के परिवार से तालुक्क रखते हैं। मैं आपको बता दूं, हम सब लोग सय्यदों के गुलाम हैं, हम सय्यदों की इज्जत करते हैं और उनके लिए हम अपनी गर्दन कटा देंगे, अपने आप को तबाह कर देंगे, शहीद कर देंगे, मगर हम उनका अपमान नहीं झेल सकते। कांग्रेस पार्षद ने आगे कहा कि आप पूरी लोकसभा में घूमती फिर रही हैं, लेकिन आप एक बार भी डॉ एसटी हसन साहब के पास नहीं गई। आपको जाना चाहिए था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा मुरादाबाद सीट से टिकट काटे जाने के बाद एसटी हसन ने कहा था कि अखिलेश यादव ने मझे सूचित किया कि मुझे इस सीट से नामांकन दाखिल करना है, लेकिन ऐन वक्त पर एक मोहतरमा ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया। जाहिर सी बात है कि किसी कारण ही अखिलेश ने मेरा टिकट काटकर रुचि वीरा को चुनावी मैदान में उतारने का फैसला किया है।

# भाजपा छोड़ फिर राजद में लौटे गिरिनाथ सिंह, चतरा से हो सकते हैं प्रत्याशी

**रांची,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड के गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक और बिहार-झारखंड की सरकार में मंत्री रहे गिरिनाथ सिंह ठीक पांच साल बाद भाजपा छोड़कर फिर से राजद में लौट आए हैं। उन्होंने पटना स्थित राजद कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। राजद के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने उनका स्वागत किया। माना जा रहा है कि चतरा संसदीय सीट से पार्टी उन्हें अपना उम्मीदवार बना सकती है। गिरिनाथ सिंह लंबे समय तक झारखंड प्रदेश राजद के अध्यक्ष रहे हैं। वह 2019 में संसदीय चुनाव के पहले राजद छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। वह उस वक्त चतरा सीट से भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी ने सुनील सिंह को वहां दोबारा प्रत्याशी बनाया था। इस बार भी वह टिकट के लिए दावेदारी कर रहे थे, लेकिन निराशा हाथ लगी।



गिरिनाथ सिंह ने 30 मार्च को राजद सुप्रीमो लालू यादव से पटना में मुलाकात की थी। इसके बाद से चर्चा थी कि वो आरजेडी में वापसी करेंगे। राजद में शामिल होने के बाद गिरिनाथ सिंह ने कहा कि वह सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए प्रतिबद्ध पार्टी में लौट आए हैं। यह उनके लिए घर वापसी है। राजद ने झारखंड में पलामू और चतरा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी की है। आरजेडी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव ने गिरिनाथ सिंह की पार्टी में वापसी करने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने उनका पार्टी में स्वागत किया है। संजय यादव ने कहा कि गिरिनाथ सिंह की वापसी से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

# लोकसभा चुनाव के लिए छह प्रत्याशियों ने किया नामांकन

■ बसपा से राजेंद्र सिंह सोलंकी ने दो सेट नामांकन पत्र किए दाखिल

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र से 2 अप्रैल को सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी से राजेंद्र सिंह सोलंकी ने दो पर्चा दाखिल किया, सुभाष वादी भारतीय समाजवादी पार्टी से नर्वदेश्वर दीक्षित और नेशनल पार्टी से प्रत्याशी किशोर सिंह ने नमांकन किया। इसी के साथ तीन निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन किया जिसमें संजीव कुमार, प्रवीण शर्मा और महकार सिंह ने नामांकन किया। एक अप्रैल को समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी महेंद्र नागर ने नामांकन किया था। गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट के कुल सात प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट पर द्वितीय चरण में मतदान होगा, नामांकन की प्रक्रिया 4 अप्रैल तक चलेगा। 3 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा नामांकन करेंगे, इनके समर्थन में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक शामिल होंगे।







### सोलंकी ने कहा अब तक जो सांसद बने उन्होंने सिर्फ अपने लिए काम किया

बसपा प्रत्याशी राजेंद्र सोलंकी ने कहा कि मुकाबला समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार डॉक्टर महेंद्र नागर और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डॉ. महेश शर्मा से है। राजेंद्र सोलंकी ने कहा कि पूरे गौतमबुद्ध नगर समेत पूरे यूपी में जो विकास हुआ है, उसका श्रेय बहन कुमारी मायवती को जाता है। मायावती के कार्यकाल में नोएडा के भीतर विकास की गंगा बही थीं। केंद्र और राज्य सरकार ने उतना काम नहीं किया, जितना मायावती ने किया है। मेट्रो से लेकर सड़क, अस्पताल से लेकर यूनिवर्सिटी तक सब बहन जी की देन हैं। उन्होंने कहा कि मैं भ्रष्टाचार के खिलाफहूं। अब तक जो सांसद बने हैं। उन्होंने केवल अपने लिए कार्य किया है और जनता के लिए कुछ नहीं किया। सांसद ने अपने 10 प्राइवेट अस्पताल बना दिए। उन्हें जिले में एक एम्स अस्पताल लाना चाहिए था, लेकिन उन्होंने अपना व्यापार देखा।

## 'किसी भी संस्थान में काम करने वाले मतदाता को भी मिलेगा सवैतनिक अवकाश'

**चंडीगढ़,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। लोक सभा मतदान-2024 के संदर्भ में पंजाब में काम करने वाले जम्मू-कश्मीर और राजस्थान के मतदाताओं को इन राज्यों में मतदान वाले दिन यानी 19 अप्रैल, 2024 को वोट डालने के लिये विशेष छुट्टी देने की घोषणा की गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने मंगलवार को बताया कि पंजाब के सरकारी दफ्तरों, बोर्डों/ कारपोरेशनों और सरकारी शैक्षिणक संस्थानों में काम करने वाले सरकारी अधिकारियों/ कर्मचारियों में से यदि कोई राजस्थान और जम्मू- कश्मीर का मतदाता है तो वह वोट डालने के लिये अपना मतदाता कार्ड पेश करके सम्बन्धित अथॉरिटी से तारीख़ 19 अप्रैल 2024 की विशेष छुट्टी ले सकेगा। यह छुट्टी अधिकारियों/ कर्मचारियों के छुट्टियों के खाते में से नहीं काटी जाएगी। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि पंजाब के किसी भी औद्योगिक संस्थान, कारोबार, व्यापार या किसी भी अन्य संस्थान में काम करने वाले जम्मू कश्मीर और राजस्थान के वोटर को भी वोट डालने के लिये सवैतनिक छुट्टी घोषित की गयी है।

# गौतमबुद्ध नगर सीट : यहां राष्ट्रीय पार्टियों तक की जब्त हो चुकी जमानत

**नोएडा,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद चुनाव प्रचार में तेजी आएगी। 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। 4 जून को परिणाम सामने आएगा। इसलिए बता रहे क्योंकि गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में निर्दलीय उम्मीदवार ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों के उम्मीदवार भी पिछले लोकसभा चुनावों में जमानत नहीं बचा पाए। इस सीट पर हुए तीन लोकसभा चुनाव में पहले और दूसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवारों की ही जमानत बची। अन्य उम्मीदवारों को जमानत गंवानी पड़ी।

पिछले चुनाव में विजयी उम्मीदवार भाजपा के डॉ. महेश शर्मा और दूसरे स्थान पर रहे सतवीर नागर की ही जमानत बची। भाजपा ने इस चुनाव में 59.64 प्रतिशत मत प्राप्त कर शानदार जीत की थी। वहीं, दूसरे स्थान पर रहे बसपा के सतवीर नागर को 35.46 प्रतिशत मत मिले थे। इस चुनाव में

## पहले और दूसरे नंबर की बचती है जमानत

राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त पार्टी कांग्रेस की जमानत जब्त हो गई थी। पार्टी उम्मीदवार डॉ. अरविंद कुमार सिंह को महज 3.02 प्रतिशत मत मिले थे। इनके अलावा अन्य आठ उम्मीदवार अपनी जमानत नहीं बचा पाए थे। वर्ष 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में विजयी उम्मीदवार भाजपा के डॉ. महेश शर्मा थे। डॉ. महेश शर्मा को 50 प्रतिशत मत मिले थे। दूसरे स्थान पर सपा के नरेंद्र भाटी रहे थे। उन्हें 26.64 प्रतिशत मिले थे। इन दोनों को छोड़कर अन्य 22 उम्मीदवार जमानत नहीं बचा पाए थे। इसमें राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त बसपा के उम्मीदवार सतीश कुमार भी शामिल थे। इस चुनाव में उन्हें 16.53 प्रतिशत मत मिले। वहीं, कांग्रेस का हाल और भी खराब रहा था। पार्टी उम्मीदवार रमेश चंद तोमर को महज 1.06 प्रतिशत मत मिले थे। पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे आम आदमी पार्टी (वर्तमान में राष्ट्रीय पार्टी) के उम्मीदवार केपी सिंह को 2.70 प्रतिशत मत मिले थे। इस चुनाव में राष्ट्रीय पार्टी के दो उम्मीदवारों को अपनी जमानत गंवानी पड़ी। दरअसल, खुर्जा से गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट वर्ष 2008 में बनी। इस लोकसभा क्षेत्र में पहला चुनाव वर्ष 2009 में हुआ। इस चुनाव में बसपा के सुरेंद्र नागर विजयी रहे थे। वहीं दूसरे नंबर पर रहे भाजपा के महेश शर्मा के अलावा अन्य की जमानत जब्त हो गई थी। सपा के नरेंद्र सिंह भाटी को 16.05 प्रतिशत मिले थे। वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार रमेश चंद तोमर ने 15.73 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। दोनों की जमानत नहीं बची थी।

# अजमेर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस का रहा है दबदबा

**अजमेर,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान के अजमेर लोकसभा क्षेत्र में अब तक हुए लोकसभा चुनावों में सर्वाधिक नौ बार बाजी मारकर अपना दबदबा रखा हैं।

लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत अजमेर लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण में आगामी 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। यहां भाजपा से सांसद भागीरथ चौधरी को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है जबकि कांग्रेस ने नया चेहरे अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा है।

अजमेर लोकसभा क्षेत्र में एक उपचुनाव सहित अब तक 17 चुनाव हो चुके हैं और इनमें कांग्रेस नौ बार, भाजपा सात बार जबकि लोकदल एक बार चुनाव जीता है। वर्ष 1957 एवं 1962 में कांग्रेस के मुकुटबिहारी लाल भार्गव ने चुनाव जीता। इसके बाद 1967 एवं 1971 में कांग्रेस के विश्वेश्वर नाथ भार्गव चुनाव जीते। लगातार चार बार कांग्रेस की जीत को वर्ष 1977 में लोकदल प्रत्याशी श्रीकरण शारदा ने तोड़ा और सांसद निर्वाचित हुए।



■ लोकसभा चुनावों में सर्वाधिक नौ बार मारी बाजी

वर्ष 1980 एवं 1984 के लोकसभा चुनाव में जीत फिर कांग्रेस के खाते में गई और 1980 में कांग्रेस के आचार्य भगवान देव तथा 1984 में विष्णु मोदी ने चुनाव जीता। इसके बाद वर्ष 1989, 1991 एवं 1996 में भाजपा के रासा सिंह रावत ने जीत की हैट्रिक बनाई। इसके बाद वर्ष 1998 में कांग्रेस की डा. प्रभा ठाकुर ने चुनाव जीता। इसके बाद रावत ने वर्ष 1999 एवं 2004 में फिर लगातार दो बार यहां से लोकसभा चुनाव जीता। रावत अजमेर से सर्वाधिक पांच बार सांसद रहे।

वर्ष 2009 के चुनाव में कांग्रेस के युवा सचिन पायलट ने भाजपा की किरण माहेश्वरी को हराकर भाजपा की जीत को रोकने में सफलता हासिल की। वर्ष 2014 में भाजपा से प्रोफेसर सावंरलाल जाट ने भाजपा के पक्ष में परचम फहराया। लेकिन बाद में जाट के निधन होने के बाद वर्ष 2018 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस ने फिर बाजी मार ली और कांग्रेस डा. रघु शर्मा ने उपचुनाव जीता। वर्ष 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने उद्योगपति रिजु झुंझुंनवाला को भाजपा के भागीरथ चौधरी के सामने चुनाव मैदान में उतारा लेकिन झुंझुंनवाला चौधरी के सामने चुनाव हार गए। इस बार भाजपा ने चौधरी पर फिर भरोसा जताया है। हालांकि चौधरी गत विधानसभा चुनाव हार चुके हैं।

# कांग्रेस के हुए शामिल उज्जवल रमण

**लखनऊ,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह के पुत्र उज्जवल रमण सिंह ने मंगलवार को सपा से किनारा कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें प्रयागराज लोकसभा क्षेत्र से 'इंडिया' समूह का प्रत्याशी बनाये जाने के पूरे आसार हैं।

कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एवं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' की मौजूदगी में उन्हे कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करायी गई। पार्टी सूत्रों ने बताया कि सिंह को कांग्रेस प्रयागराज से गठबंधन प्रत्याशी बना सकती है और इसकी औपचारिक घोषणा जल्द ही किये जाने की संभावना है। गौरतलब है कि यूपी में इंडिया समूह के सीट बंटवारे में प्रयागराज सीट कांग्रेस के हिस्से में आयी है। इस अवसर पर सिंह ने सपा से अनबन से इंकार करते हुए कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से उनके रिश्ते काफी अच्छे हैं।



प्रयागराज से टिकट मिलने की आस

लोकसभा के टिकट के लिये सपा छोड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि आज का दौर बहुत कठिन है, संविधान खतरे में ही नहीं है खतरा दिखने लगा है। इस दौर में समान विचारधारा के सभी लोगों को एक साथ एकजुट होकर लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़नी है। इस महासमर में जननायक राहुल गांधी के कंधे से कंधा मिलाकर मैं भी इस लड़ाई में साथ देने के लिए प्रतिबद्ध हूं। इस अवसर पार्टी महासचिव अविनाश पाण्डेय ने इशारा किया कि सिंह को प्रयागराज से गठबंधन का कांग्रेस प्रत्याशी बनाया जाएगा। पांडे ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रभावित होकर जिस प्रकार से लगातार राजनीतिक दलों के नेता कांग्रेस में अपनी आस्था दिखा रहे हैं। हमें पूरा विश्वास है कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की बड़ी जीत होगी। अजय राय ने कहा कि हमारे देश एवं लोकतंत्र को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेता एकजुट हैं।

आज जिस तरह से देश में नफरत एवं विघटन की राजनीति हो रही है। महंगाई और बेरोजगारी की मार झेलती इस देश की जनता भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों को समझ चुकी है। और अब देश का जनमानस बदलाव का मन बना चुका है, ऐसे में हम सभी को एक साथ मिलकर कर युद्धस्तर पर काम कर रहें हैं और निश्चित ही 2024 में देश में इंडिया गठबंधन की सरकार होगी। आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल रही है। महिला अपराध में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है।

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.95 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.42 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.23 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.21 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.11 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| कोटक बैंक | 1.84 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.82 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.52 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.90 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 0.84 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 69,487 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74750 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## आरबीआई वित्त वर्ष 2025 में कर सकता है रेपो रेट में कटौती : एसबीआई अर्थशास्त्री



**चेन्नई,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के एक शीर्ष अर्थशास्त्री ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में ही रेपो रेट में कटौती कर सकता है। एक शोध रिपोर्ट में ग्रुप की मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्या कांति घोष ने भी कहा था कि आरबीआई फिलहाल अपना रुख नहीं बदलेगा। इस वित्त वर्ष के लिए मॉनिट्री पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) की पहली बैठक इसी सप्ताह होगी। रेपो रेट वह रेट है जिस पर आरबीआई बैंकों को ऋण देता है। यह दर फिलहाल 6.5 प्रतिशत है। घोष के अनुसार, इंफ्लेशन खाद्य मूल्य से है। आगे खाद्य पदार्थों की आपूर्ति का प्रभाव फूड इंफ्लेशन पर रहेगा। वित्त वर्ष 2024 के शेष माह में मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से थोड़ा ऊपर रहने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल जुलाई तक मुद्रास्फीती में गिरावट आने की उम्मीद है, लेकिन उसके बाद सितंबर में यह फिर से बढ़ कर 5.4 प्रतिशत पर आ जाएगा, जिसके बाद इसमें फिर गिरावट आएगी। पूरे वित्त वर्ष 2025 के लिए यह औसत 4.5 प्रतिशत रहने की संभावना है।

### सरकार आरबीआई की बहुमूल्य नीलामी पद्धति के जरिए 38,000 करोड़ रुपए के बॉन्ड बेचेगी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को भारतीय रिजर्व बैंक की नई एकाधिक मूल्य नीलामी पद्धति के जरिए 38,000 करोड़ रुपए के सरकारी बॉन्ड की बिक्री का ऐलान किया। वित्त मंत्रालय ने एक बयान के मुताबिक, इनमें शामिल हैं (i) एकाधिक मूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य-आधारित नीलामी के जरिए 6,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के लिए '7.33 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2026' की बिक्री, (ii) बहुमूल्य पद्धति का उपयोग करके उपज-आधारित नीलामी के जरिए 20,000 करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के लिए 'नई सरकारी प्रतिभूति 2034' की बिक्री और (i) बहुमूल्य पद्धति का उपयोग करके मूल्य-आधारित नीलामी के जरिए 12,000 करोड़ रुपए की अधिसूचित राशि के लिए '7.25 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूति 2063' की बिक्री। बयान में कहा गया है कि सरकार के पास प्रत्येक प्रतिभूति के बदले 2,000 करोड़ रुपए तक की अतिरिक्त सदस्यता बरकरार रखने का विकल्प होगा। नीलामी 5 अप्रैल (शुक्रवार) को आरबीआई के मुंबई कार्यालय द्वारा आयोजित की जाएगी। सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी में गैर-प्रतिस्पर्धी बोली सुविधा योजना के अनुसार प्रतिभूतियों की बिक्री की अधिसूचित राशि का 5 प्रतिशत तक पात्र व्यक्तियों और संस्थानों को आवंटित किया जाएगा। नीलामी के लिए प्रतिस्पर्धी और गैर-प्रतिस्पर्धी दोनों बोलियां 5 अप्रैल को आरबीआई के कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (ई-कुबेर) सिस्टम पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्रस्तुत की जानी चाहिए।

## एनएमडीसी के फौलादी इरादों ने वित्तीय वर्ष 24 में 45 मिलियन टन का उत्पादन किया

**'45 एमटी को पार करने से एनएमडीसी की विरासत को सही अर्थों में सम्मान और समृद्धि प्राप्त हुई है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमने अपने उद्योग की कठिनता का सामना किया है: अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी एनएमडीसी**

**हैदराबाद,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी अब 45 मिलियन टन का आंकड़ा पार करनेवाली देश की प्रथम खनन कंपनी बन गई है। इस रविवार को समाप्त हुए वित्तीयवर्ष में कंपनी ने लौह अयस्क का 45.1 एमटी उत्पादन और 44.8 एमटी बिक्री कर वित्तीयवर्ष 24 में अभूतपूर्व आंकड़े प्राप्त किए हैं। राष्ट्र के नवरत्न के रूप में एनएमडीसी ने अपनी योग्यता सिद्ध करते हुए वित्तीयवर्ष 2023 की तुलना में उत्पादन में 10 फीसदी और बिक्री में 16 फीसदी की वृद्धि की है। उद्योग की अग्रणी कंपनी एनएमडीसी ने अपनी स्थापना के बाद अब तक का सर्वश्रेष्ठ भौतिक प्रदर्शन कर भारत की लौह और इस्पात अर्थव्यवस्था के भविष्य को प्रेरित किया है। सरकारी खनन कंपनी ने वित्तीयवर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 13.31 एमटी उत्पादन और 12.54 एमटी बिक्री दर्ज की है, जिसमें मार्च 2024 माह में 4.86 एमटी उत्पादन और 3.96 एमटी बिक्री शामिल है।

इस रिकार्ड को स्थापित करने के क्रम में, एनएमडीसी की प्रमुख लौह अयस्क खाने - छत्तीसगढ़ में किरंदुल और बचेली तथा कर्नाटक में दोणिमलै ने कंपनी के इतिहास में अपना सर्वोच्च वार्षिक उत्पादन किया है। पैलेट उत्पादन में आने वाली बाधाओं का समाधान किया गया, जिससे कि कंपनी की अधिकतम पैलेट उत्पादन मात्रा 2.65 लाख टन को प्राप्त किया गया। क्षमता वृद्धि की दिशा में रणनीतिक कुशलता दिखाते हुए, एनएमडीसी ने वित्तीयवर्ष 2024 के लिए निर्धारित रू.1769 करोड़ के कैपेक्स लक्ष्य की तुलना में रू.2014 करोड़ के व्यय के साथ कैपेक्स के लक्ष्य को भी पीछे छोड़ दिया है।

अपनी टीम को वित्तीयवर्ष 24 के शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा कि '45 एमटी को पार करने से एनएमडीसी की विरासत को सही अर्थों में सम्मान और समृद्धि प्राप्त हुई है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमने अपने उद्योग की कठिनता का सामना किया है, अपनी तकनीकी और डिजिटल मजबूती बढाई है, अपने वित्तीय लचीलेपन को सुदृढ किया है और अथक परिश्रम किया है।

## देश में नौकरियों में तीन व गिग जॉब्स में 184 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में फरवरी और मार्च में नियुक्तियों में ती प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि सफेदपोश गिग जॉब्स में




पिछले साल के मुकाबले 184 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। फ़ाउंडिट (पूर्व में मॉन्स्टर एपीएसी और एमई) की रिपोर्ट के अनुसार आईटी सेक्टर गिग बूम में सबसे आगे है। गिग इकॉनमी में आईटी सॉफ्टवेयर की हिस्सेदारी लगभग दोगुनी हो गई है। मार्च 2023 में 22 प्रतिशत के मुकाबले इस साल मार्च में यह बढ़कर 46 प्रतिशत हो गई है।

फाउंडिट के सीईओ शेखर गरिसा ने कहा, 'दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई जैसे मेट्रो शहर छोटी नौकरियों के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि कुछ महीनों में गिग इकॉनमी और भी बढ़ेगी।' विज्ञापन और विपणन में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, पिछले वर्ष में गिग जॉब्स की हिस्सेदारी 5 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हो गई। आईटी क्षेत्र में फरवरी में सात प्रतिशत की वृद्धि के बाद मार्च में यह दो प्रतिशत रह गई। बैंकिंग/वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) क्षेत्र में वृद्धि स्थिर रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंजीनियरिंग, सीमेंट, निर्माण और लोहा/इस्पात ने मार्च में विकास दर स्थिर रही।

## उड़ानों में व्यवधान पर डीजीसीए ने विस्तारा से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। हाल में उड़ानों में आए व्यवधान पर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने टाटा और एसआईए एयरलाइंस के संयुक्त उद्यम विस्तारा एयरलाइंस से जवाब मांगा है। डीजीसीए ने एयरलाइंस को 'बोर्डिंग से इनकार करने, उड़ानों को रद्द करने और उड़ानों में देरी के कारण एयरलाइंस द्वारा यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा है। डीजीसीए के महानिदेशक विक्रम देव दत्त ने कहा कि उड़ानों की अग्रिम सूचना, यात्रियों को रिफंड का विकल्प, मुआवजा (यदि लागू हो) आदि सुनिश्चित किया जाए। दत्त ने कहा, 'डीजीसीए




अधिकारी उपरोक्त सीएआर का अनुपालन सुनिश्चित करने और यात्री असुविधा को कम करने के लिए स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।' नागरिक उड्डयन मंत्रालय विस्तारा की उड़ानों के रद्द होने कारणों की जांच-पड़ताल कर रहा है। डीजीसीए ने एक्स पर कहा कि उड़ान रद्द होने या देरी के मामले में यात्री सुविधा सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइंस को डीजीसीए मानदंडों का पालन करना होगा। सोमवार को, एयरलाइंस ने कहा था कि चालक दल की अनुपलब्धता व अन्य कारणों से हाल में उड़ानें रद्द हुईं और देरी हुई।

एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने कहा, हम यात्रियों को होने वाली असुविधा के बारे में चिंतित हैं।' प्रवक्ता ने यह भी कहा कि एयरलाइंस ग्राहकों की असुविधा कम करने के लिए काम कर रहा है। एयरलाइंस ने कहा, 'हमने अपने नेटवर्क में पर्याप्त कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए उड़ानों की संख्या में अस्थायी रूप से कमी का निर्णय लिया है। हमने चुनिंदा घरेलू मार्गों पर बड़े विमान भी तैनात किए हैं।'

## शेयर बाजार की तेजी थमी

**मुंबई,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर पिछले दिवस के रिकॉर्ड भाव पर कोटक बैंक, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति समेत सोलह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार की लगातार तीन दिन की तेजी आज थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 110.64 अंक की गिरावट लेकर 73,903.91 अंक पर बंद हुआ। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 8.70 अंक फिसलकर 22,453.30 अंक पर रहा। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त लिवाली हुई, जिसने बाजार को थामा। इस दौरान मिडकैप 1.14 प्रतिशत की छलांग लगाकर 40,424.61 अंक और स्मॉलकैप 1.28 प्रतिशत उछलकर 45,023.06 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3959 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2848 में लिवाली जबकि 1004 में बिकवाली हुई वहीं 107 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियां हरे जबकि शेष 22 लाल निशान पर रही। बीएसई में आईटी, टेक, दूरसंचार और बैंकिंग समूहों की 0.71 प्रतिशत तक गिरावट को छोड़कर शेष 16 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.17, ऊर्जा 1.03, इंडस्ट्रियल्स 0.94, यूटिलिटीज 1.21, ऑटो 1.06, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.82, धातु 1.42, तेल एवं गैस 1.53, रियल्टी 1.03 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.56 प्रतिशत चढ़े। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक रुझान रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.43, जर्मनी का डैक्स 0.01,




जापान का निक्केई 0.09, हांगकांग का हैंगसेंग 2.36 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.19 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.08 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स आठ अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,022.30 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 74,099.78 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। वहीं, बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद यह 73,743.77 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 74,014.55 अंक के मुकाबले 0.15 प्रतिशत उतरकर 73,903.91 अंक रह गया। वहीं, निफ्टी तीन अंक फिसलकर 22,458.80 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 22,497.60 अंक के उच्चतम जबकि 22,388.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,462.00 अंक की तुलना में 0.04 प्रतिशत गिरकर 22,453.30 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों के शेयरों ने नुकसान उठाया उनमें कोटक बैंक 1.84, एचसीएल टेक 1.82, आईसीआईसीआई बैंक 1.52, सन फार्मा 0.90, इंफ़ोसिस 0.84, टीसीएस 0.83, एलटी 0.78, विप्रो 0.78, भारती एयरटेल 0.77, टेक महिंद्रा 0.65, बजाज फाइनेंस 0.57, आईटीसी 0.20, एक्सिस बैंक 0.18, पावरग्रिड 0.18, मारुति 0.15 और हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.01 प्रतिशत शामिल हैं।

वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.95, नेस्ले इंडिया 1.42, टाटा मोटर्स 1.23, एसबीआई 1.21, इंडसइंड बैंक 1.11, टाटा स्टील 0.95, एनटीपीसी 0.86, अल्ट्रासिमको 0.84, बजाज फिन सर्व 0.72, एचडीएफसी बैंक 0.67, टाइटन 0.50, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.46, एशियन पेंट 0.07 और रिलायंस के शेयर 0.06 प्रतिशत लाभ में रहे।

## स्कोडा को नई एसयूवी के नाम के लिए मिले 1.50 लाख सुझाव

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए लोगों ने 1.50 लाख से अधिक नाम सुझाये हैं जिसमें से 21 हजार एकदम नये और अनोखे नाम है। कंपनी ने आज यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि नए युग की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए कंपनी ने ग्राहकों के साथ जुड़ाव, उपभोक्ताओं को कंपनी की योजनाओं में शामिल करने और डिजिटाइजेशन की ओर बढ़ते हुए कई डिजिटल गतिविधियों की शुरुआत की है। इससे बिक्री में काफी उछाल आया है और कंपनी अपने ग्राहकों या प्रशंसकों के ज्यादा नजदीक पहुंची। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक पेट्र जेनेबा ने कहा, 'लगातार बदलते डिजिटल फलक, प्लेटफॉर्म और मीडियम को देखते हुए उपभोक्ताओं के अनुभव और उनके सफर को यादगार बनाने के लिए नए तरीकों को अमल में लाना बहुत जरूरी हो गया है। हमारी डिजिटल रणनीति यह सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई है कि हमारे उत्पादों और सेवायें उपभोक्ताओं और फैंस तक उनके पसंदीदा रूप में पहुंचे। अभी तक कंपनी को नेम योर स्कोडा अभियान के तहत अपनी जल्द ही लॉन्च होने वाली ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए 1,50,000 एंट्रीज या नामों के सुझाव मिले हैं।' उन्होंने कहा कि इस अभियान से ग्राहक, उपभोक्ताओं और स्कोडा के फैंस कंपनी से अपना जुड़ाव और कंपनी की नई पहल में शामिल होने में कामयाब हुए हैं। इसके तहत उपभोक्ताओं को स्कोडा ऑटो इंडिया की नई कॉम्पैक्ट एसयूवी के लिए नए नाम का सुझाव दिया।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 4418 रिंगिट प्रति टन पर स्थिर रहा। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.56 सेंट की तेजी के साथ 48.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मूंग दाल, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## मेटा ने फरवरी में भारत में फेसबुक, इंस्टाग्राम से 1.38 करोड़ से ज्यादा खराब सामग्री हटाई

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। मेटा ने कहा कि उसने फरवरी में भारत में फेसबुक की 13 पॉलिसियों में 1.38 करोड़ से ज्यादा खराब सामग्री और इंस्टाग्राम की 12 पॉलिसियों में 40.8 लाख से ज्यादा आपत्तिजनक सामग्री हटा दी। फरवरी में फेसबुक को भारतीय शिकायत तंत्र के जरिए 18,512 रिपोर्टें प्राप्त हुईं और कहा गया कि उसने 9,300 मामलों में मुद्दे हल करने के लिए उपयोगकर्ताओं को उपकरण मुहैया कराए।

मेटा ने आईटी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के अनुपालन में पेश अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि इनमें विशिष्ट उल्लंघनों के लिए सामग्री की रिपोर्ट करने खातिर पहले से स्थापित चैनल है, जहां वे अपना डेटा डाउनलोड कर सकते हैं और खाता हैक किए जाने के मुद्दों को हल करने के उपाय वगैरह शामिल हैं। मेटा ने कहा, 'अन्य 9,212 रिपोर्टों में जहां विशेष समीक्षा की जरूरत थी, हमने अपनी




नीतियों के अनुसार सामग्री का विश्लेषण किया और कुल 2,970 शिकायतों पर कार्रवाई की। बाकी 6,242 शिकायतों की समीक्षा की गई, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं की गई।' इंस्टाग्राम पर कंपनी को भारतीय शिकायत तंत्र के जरिए 12,709 रिपोर्टें प्राप्त हुईं। इसमें कहा गया है, 'इनमें से हमने 5,344 मामलों में उपयोगकर्ताओं को उनके मुद्दों को हल करने के लिए उपकरण प्रदान किए।' अन्य 7,365 रिपोर्टों में, जहां विशेष समीक्षा की जरूरत थी, मेटा ने सामग्री का विश्लेषण किया और कुल 2,470 शिकायतों पर कार्रवाई की। बाकी 4,895 रिपोर्टों की समीक्षा की गई, लेकिन हो सकता है कि उन पर कार्रवाई न की गई हो। नए आईटी नियम 2021 के तहत 50 लाख से ज्यादा उपयोगकर्ताओं वाले बड़े डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को मासिक अनुपालन रिपोर्ट प्रकाशित करनी होगी।

मेटा ने कहा, 'हम सामग्री के उन टुकड़ों की संख्या मापते हैं (जैसे पोस्ट, फोटो, वीडियो या टिप्पणियां) जिन्हें अपने मानकों के विरुद्ध जाने पर हम कार्रवाई करते हैं। कार्रवाई करने में फेसबुक या इंस्टाग्राम से सामग्री के एक टुकड़े को हटाना या फ़ोटो या वीडियो को कवर करना शामिल हो सकता है। कुछ दर्शकों को चेतावनी देकर परेशान किया जा रहा है। मेटा ने जनवरी में फेसबुक के लिए 13 पाूलिसियों में 1. 78 करोड़ से ज्यादा सामग्री को हटा दिया और इंस्टाग्राम के लिए 12 पाूलिसियों में 40.8 लाख से ज्यादा आपत्तिजनक सामग्री हटाई।

## सार संक्षेप

### पीपलको ने लांच किया इन्वेस्टिंग ऐप लेमन

**बेंगलुरु।** उद्यमियों आशीष सिंघल, गोविंद सोनी और विमल सागर तिवारी के ब्रांड पीपलको ने स्टॉक इन्वेस्टिंग ऐप लेमन को आज लांच करने की घोषणा की। पीपलको के सह संस्थापक एवं ग्रुप सीईओ आशीष सिंघल ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में इसे लांच करते हुये कहा कि यह ऐप नए निवेशकों के लिए स्टॉक ढूंढने और निवेश का फैसला लेने की प्रक्रिया को आसान बनाएगा। उन्होंने कहा 'हम सभी के लिए पैसा बनाने की प्रक्रिया को एक समान बनाना चाहते हैं, ताकि भारत सम्पत्ति बनाने के लिए सही प्रोडक्ट चुन कर सशक्त बन सके। लेमन अपने यूजरों के पोर्टफोलियो को विविध बनाने में मदद कर भारत की विकास की कहानी में योगदान देगा।' उन्होंने कहा कि आज के दौर में भी लाखों भारतीयों के लिए शेयर बाजार को समझना मुश्किल है। महामारी के बाद विकास के बावजूद केवल 6 फीसदी भारतीय ही शेयर बाजार में निवेश करते हैं। हम स्टॉक में निवेश को आकर्षण, सरल एवं सूचनाप्रद बनाकर इस अंतर को दूर करना चाहते हैं।' उन्होंने कहा कि 3 महीने के लिए ज़ीरो-ट्रेडिंग ब्रोकरेज और अकाउन्ट खोलने के लिए ज़ीरो शुल्क लिया जायेगा।

### गौतम अदाणी ने पोती के बारे में कहा, कोई भी दौलत इन आंखों की चमक की बराबरी नहीं कर सकती

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन गौतम अदाणी ने अपनी पोती के बारे में कहा है कि कोई भी दौलत इन आंखों की चमक की बराबरी नहीं कर सकती। अरबपति कारोबारी ने एक्स पर अपनी 14 महीने की पोती कावेरी की तस्वीर के साथ एक पोस्ट में यह बात कही। कावेरी उनकी सबसे छोटी पोती और परिधि व करण अदाणी की तीसरी बेटी हैं। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन ने कहा, 'इन आंखों की चमक की तुलना में दुनिया की सारी दौलत फीकी है।' यह तस्वीर 21 मार्च को लंदन के साइंस म्यूजियम में न्यू अदाणी ग्रीन एनर्जी गैलरी में ली गई थी। हाल ही में एक कार्यक्रम में गौतम अदाणी ने कहा था कि अपनी पोतियों के साथ समय बिताना उनके लिए बहुत राहत भरा क्षण होता है।

### हायर इंडिया ने लांच की सुपर हेवी-ड्यूटी एसी रेंज

**नई दिल्ली।** एप्लायंस ब्रांड हायर अप्लायंसेज इंडिया ने सुपर हेवी-ड्यूटी एयर कंडीशनर की अपनी नवीनतम रेंज लॉन्च की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि हेक्सा इन्वर्टर और सुपरसोनिक कूलिंग टेक्नोलॉजी के साथ यह नई रेंज 20 गुना तेज कूलिंग और 65 प्रतिशत बिजली की बचत करने में सक्षम है। नई रेंज मार्केट में एक हाई स्टैंडर्ड सेट करती है क्योंकि हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी केवल 10 सेकंड में सुपर सोनिक कूलिंग, फ्रॉस्टसेल्फ-क्लीन टेक्नोलॉजी और इंटेली कन्वर्टिबल 7-इन-1 जैसे एडवान्स फीचरों पर आधारित है। गर्मी में क्विक कूलिंग की मांग को पूरा करने और ग्राहकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए नई रेंज इनोवेशन, डिजाइन और ऊर्जा कुशलता को संगठित रूप से एकीकृत करती है।

# खेल जगत

## बीसीसीआई ने बदला आईपीएल के दो मैचों का शेड्यूल

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को आईपीएल 2024 के दो मैचों के शेड्यूल में बदलाव का ऐलान किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच, जो पहले 17 अप्रैल को ईडन गार्डन्स, कोलकाता में होने वाला था, अब एक दिन पहले 16 अप्रैल को खेला जाएगा, जबकि गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला जो पहले 16 अप्रैल को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में निर्धारित किया गया था, अब 17 अप्रैल को खेला जाएगा। इससे पहले सोमवार को क्रिकबज ने बताया था कि राम नवमी उत्सव और लोकसभा चुनाव के कारण मैचों के शेड्यूल में बदलाव किया जा सकता है।



# दिल्ली कैपिटल्स की नजरें लगातार दूसरी जीत पर

## कोलकाता नाइट राइडर्स की चुनौती के लिए दिल्ली कैपिटल्स तैयार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- दिल्ली को गेंदबाज कुलदीप व इशांत के बूते केकेआर पर लगातार चौथी जीत की आस
- केकेआर को हराने के लिए दिल्ली कैपिटल्स को रसेल और नारायण पर लगानी होगी लगाम

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (देशबन्धु)। योद्धा ऋषभ पंत 14 महीने पहले हुई खतरनाक सड़क दुर्घटना के बाद फिट हो लगातार दो हार से आगाज करने वाली दिल्ली कैपिटल्स को अपने जीवट से टीम के दूसरे घरेलू मैदान विशाखापट्टनम पर सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के साथ अर्द्धशतक जड़ मौजूदा और पांच बार की चैंपियन चेन्नै सुपर किंग्स के खिलाफ 20 रन से जीत दिला मौजूदा आईपीएल 2024 क्रिकेट में उसकी गाड़ी पटरी पर ले आए हैं। ऋषभ पंत ने क्रिकेट में अपने दूसरे पदार्पण' में बतौर कप्तान, विकेटकीपर व बल्लेबाज तीनों ही भूमिकाओं से साफ संकेत दिया है कि वह खुद को दो महीने वेस्ट इंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी -20 क्रिकेट विश्व कप के लिए जेहनी और शारीरिक रूप से तैयार करने और इसके लिए टीम इंडिया में जगह पाने की दावेदारी पेश करने की दिशा में बढ़ रहे हैं।



ऋषभ पंत के सामने अब अपने दूसरे घर विशाखापट्टम में दिल्ली कैपिटल्स को बुधवार को बतौर कप्तान बेहद करीबी मैच में सनराइजर्स पर चार रन से जीत से आगाज करने के बाद मौजूदा सत्र में घरेलू टीम के जीत के सिलसिले को आरसीबी को उसके घर बेंगलुरू में सात विकेट से हरा तोड़ने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को लगातार तीसरी जीत से रोक खुद अपनी टीम को लगातार दूसरी जीत दिलाने की चुनौती है। दिल्ली कैपिटल्स के उत्साहवर्द्धक बात है उसने केकेआर से अपने पिछले पांच में से लगातार तीन मैच जीते हैं और मात्र दो मैच हारे हैं। दिल्ली को केकेआर के खिलाफ पिछले तीन मैच में जीत दिलाने में तेज गेंदबाज इशांत शर्मा व बाएं हाथ के खलील अहमद के साथ बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव ने गेंद से कमाल दिखाया और अब वह अपने तुरुप के गेंदबाजों इसी त्रिमूर्ति से अपने शानदार प्रदर्शन को दोहरा कर उसके खिलाफ लगातार चौथी जीत की आस कर रही है।

**आईपीएल 2024**

दिल्ली के शुरू के तीन मैचों में कप्तान ऋषभ पंत और सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के रूप में दो तथा केकेआर के लिए शुरू के दो मैचों में ओपनर फिल साल्ट, आंद्रे रसेल और वेंकटेश के रूप में तीन बल्लेबाजों एक -एक शतक जड़ा है।

दिल्ली कैपिटल्स को अपने पहले मैच में पंजाब किंग्स से उसके घर मोहाली में चार गेंद के बाकी रहते चार विकेट और अपने दूसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स के हाथों 12 रन से हार झेलनी पड़ी थी। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने शुरू के दो मैचों में शीर्ष क्रम में तीसरे नंबर पर बतौर बल्लेबाज रिकी भुई को बतौर ऑलराउंडर सुमित कुमार को खिलाड़ी की रणनीतिक भूल से सबक ले तीसरे मैच में पृथ्वी शॉ को उतारना उसकी तुरुप चाल साबित हुआ। दिल्ली के लिए डेविड वॉर्नर ने मिचेल मार्श की जगह उनके सलामी जोड़ीदार के रूप में उतर कर टीम को शुरू के तीन मैचों की सबसे मजबूत शुरुआत दी। ऋषभ पंत ने खुद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतर खुद को समय दे सही वक्त पर गियर बदल दिल्ली कैपिटल्स को तीसरे मैच में मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। मिचेल मार्श ने शुरू के तीनों मैचों में अच्छा आगाज करने के बाद वेवजह हड़बड़ी में गड़बड़ी अपना विकेट गंवाया और केकेआर के खिलाफ जीत के लिए दिल्ली कैपिटल्स के शीर्ष क्रम में वॉर्नर व पृथ्वी की सलामी जोड़ी के साथ ऋषभ पंत, मार्श और ट्रस्टन स्टब्ज को मौजूदा आईपीएल चतुर ऑलराउंडरमें सबसे महंगे बिके और शुरू के दो मैचों में केकेआर के लिए मात्र आठ ओवरों में रन देने का शतक पूरा कर चुके ऑस्ट्रेलिया के रफ्तार के सौदागर मिचेल स्टार्क के साथ उसके दो सबसे कामयाब तेज गेंदबाज हर्षित राणा (पांच विकेट) और अपने बूते गेंद और बल्ले से प्रतिद्वंद्वी टीम के हाथ से जीत छीन लेने का दम रखने वाले वेस्ट इंडीज के आंद्रे रसेल (चार विकेट) और सुनील नारायण से खासतौर पर चौकस रहना होगा।



## पराग की खेल के प्रति जागरूकता मुझे पसंद है : शेन वॉटसन

**मुंबई,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हराकर टाटा आईपीएल 2024 में अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। रॉयल्स ने एमआई के 126 रन के लक्ष्य को 4.3 ओवर शेष रहते पार कर लिया। जियोसिनेमा टाटा आईपीएल विशेषज्ञ शेन वॉटसन, पार्थिव पटेल और प्रज्ञान ओझा ने मैच सेंटर लाइव पर रियान पराग (54*) और ट्रेंट बोल्ट (3/22) के मैच जीतने वाले योगदान का विश्लेषण किया। शेन वॉटसन, ने कहा कि मुझे एहसास नहीं था कि वह इतना युवा था, वह केवल 22 वर्ष का है। किसी के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों के खिलाफ अपने कौशल पर नियंत्रण रखना, अपने संयम और खेल से समर्थित होना चाहिए। समझदारी, समय के बारे में जागरूकता, सही गेंदबाज़ और कहां मारना है यह प्रभावशाली है। मुझे उसका इस बारे में बात करना अच्छा लगता है कि उसने हर चीज को कैसे सरल बना दिया है। एक बल्लेबाज के रूप में, आपके पास इरादा है और आप गेंद को देख रहे हैं, प्रतिक्रिया के लिए तैयार हैं, और वह इतने समय के साथ ऐसा कर रहा है। अब, जब ऑरेंज कैप की बात आती है तो वह शीर्ष पर है। पार्थिव पटेल ने कहा कि बोल्ट की गेंदबाजी देखिए जिस तरह से उन्होंने रोहित शर्मा को आउट किया। उस समय, उनके पास डीप स्क्वायर लेग और डीप फाइन लेग था। हर कोई सोचता है कि बोल्ट अपनी ताकत पर कायम रहेंगे और इन-स्विंगिंग गेंद फेंकेंगे क्योंकि रोहित ऐसी परिस्थितियों में एलबीडब्ल्यू के कारण अपना विकेट खो देते हैं। लेकिन ट्रेंट बोल्ट ने सोचा, नहीं, मैं डगमगाती सीम के साथ गेंद फेंकूंगा और यह वहीं से पकड़ लेगी। रोहित ने खुद को यह सोचकर तैयार कर लिया था कि गेंद अंदर आ जाएगी। हमने कहा है कि अगर बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की गेंद देर से स्विंग होती है, तो यह क्रिकेट की सबसे खतरनाक गेंदों में से एक है। इस तरह उन्होंने नमन धीर को आउट किया, उन्होंने डेवाल्ड ब्रेविस को उछाल से आउट किया। उसके पास ताकत है, वह कई वर्षों से ऐसा कर रहा है।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हॉकी टेस्ट सीरीज ओलंपिक से पहले अपनी ताकत को आंकने का मौका : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल। दुनिया के धुरंधर ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में भारतीय पुरुष हॉकी टीम मेजबान ऑस्ट्रेलिया से पांच टेस्ट मैचों की हॉकी सीरीज खेलने के लिए सोमवार देर रात यहां इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पर्थ(ऑस्ट्रेलिया) रवाना हो गई। भारतीय हॉकी टीम के लिए उसका ऑस्ट्रेलिया दौरा पेरिस में 2024 के ओलंपिक खेलों से पहले अपनी तैयारियों को जानने के साथ यह भी जानने का मौका है उसे कहां और क्या सुधार की जरूरत है। के लिए ऑस्ट्रेलिया में उसके खिलाफ यह पांच टेस्ट मैचों की सीरीज बेहद अहम है। भारत की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 अप्रैल। 7 अप्रैल, 10 अप्रैल, 12 अप्रैल, और 13 अप्रैल को पर्थ(ऑस्ट्रेलिया) में पांच टेस्ट मैचों की हॉकी सीरीज खेलेगी। भारतीय पुरुष हॅकी टीम ने 2023-24 एफआईएच प्रो हॉकी लीग में भुवनेश्वर में चार में तीन मैच जीते और राउरकला में भी निर्धारित समय में यह सिलसिला जारी रख अपना कौशल और जीवट अपना दबदबा और दमखम दिखाया।



### ऑस्ट्रेलिया जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी से निपटने के लिए तैयार : हार्दिक

इस बीच भारत के उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि हमारी टीम के लिए यह ऑस्ट्रेलिया दौरा बेहद अहम है और ऑस्ट्रेलिया जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी से निपटने के लिए तैयार हैं। हमें अपनी क्षमता पर भरोसा है।हम बतौर टीम अपनी रणनीति और कौशल को बेहतर करने में जुटे हैं। हमारा पूरा ध्यान मजबूत प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाने पर है।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से कहा कि हम ऑस्ट्रेलिया के अहम दौरे के लिए रवाना होने से पहले दृढ़ संकल्प और विश्वास से भरे हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह पांच टेस्ट की हॉकी सीरीज हमारे लिए पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी ताकत को आंकने और यह जानने का मौका है कि हममें कहां क्या सुधार की जरूरत है। हम मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रतिबद्ध हैं।

## टी-20 विश्वकप नहीं खेलेंगे बेन स्टोक्स

**लंदन,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। बेन स्टोक्स आगामी टी-20 विश्व कप नहीं खेलेंगे। उन्होंने आगामी टी20 विश्व कप से अपना नाम वापस ले लिया है और इस संबंध में उन्होंने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को भी यह सूचना दे दी है कि टीम के चयन के लिए उनके नाम पर विचार ना किया जाए। पिछले टी20 विश्व कप में जब इंग्लैंड विश्व विजेता बनी थी तब विजयी रन स्टोक्स के ही बल्ले से आए थे। पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के लिए स्टोक्स ने वनडे से अपना रिटायरमेंट भी वापस लिया था। हालांकि भारत के खिलाफ़ टेस्ट श्रृंखला में वह कुल चार ओवर की गेंदबाज़ी ही कर पाए। स्टोक्स ने पिछले टी20 विश्व कप के बाद से सिर्फ़ दो ही टी20 मैच खेले हैं और यह दोनों ही मैच उन्होंने पिछले सीज़न चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले थे। हालांकि स्टोक्स ने इस साल आईपीएल से भी अपना नाम वापस ले लिया था। ईसीबी ने स्टोक्स के हवाले से उनका एक बयान जारी किया है, जिसमें स्टोक्स ने कहा है, मैं हर प्रारूप में खुद को ऑलराउंडर के तौर पर तैयार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। आईपीएल और टी20 विश्व कप से बाहर होना इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मेरी मदद करेगा।

## मुंबई की कप्तनी में बदलाव पर सिद्धू का भी आया रिएक्शन



**मुंबई,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 के लिए रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तानी सौंपने के बाद मुंबई इंडियंस को अपने प्रशंसकों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में भारत के पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि फैंस के मन में होगा आखिर रोहित ने क्या गलत किया है? मुंबई इंडियंस के नए कप्तान हार्दिक पांड्या को अब तक खेले गए सभी तीन मैचों में फैंस द्वारा ट्रोल किया गया, जिसमें सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के साथ घरेलू मुकाबला भी शामिल था। इस बीच स्टार स्पोर्ट्स पर बोलते हुए, नवजोत सिद्धू ने कप्तान हार्दिक पांड्या के प्रति मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों के हंगामे के बारे में बात की। सिद्धू ने कहा कि कोई भी इस तथ्य को पचा नहीं सकता कि भारत का हीरो, भारत का कप्तान, हमारी फ्रेंचाइजी का कप्तान नहीं है। उसने क्या गलत किया है? फ्रेंचाइजी के प्रशंसक यही सोच रहे होंगे। लेकिन उसे क्या करना होगा? सफलता जैसी सफल कोई चीज नहीं है। अगर हार्दिक ये दो मैच जीत गए होते तो शायद ये बवाल नहीं होता। सिद्धू ने कहा कि यह सब टी20 विश्व कप के लिए भारत के कप्तान की घोषणा से संबंधित था। अगर बीसीसीआई ने अक्टूबर में टी20 विश्व कप के लिए रोहित को कप्तान के रूप में पक्का कर दिया होता, तो फ्रेंचाइजी हार्दिक को कप्तान नहीं चुनती।

**सार संक्षेप**

### पीसीबी चेयरमैन से मुलाकात के बाद भी नहीं निकला हल, आफरीदी अब भी असंतुष्ट

**लाहौर।** शाहीन शाह आफरीदी को कप्तानी से हटाए जाने के बाद पनपे विवाद के बीच सोमवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नक़्वी और आफरीदी के बीच मुलाक़ात हुई। हालांकि इस मुलाक़ात से भी आफरीदी के दृष्टिकोण से समस्या का हल नहीं निकल पाया। ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि आफरीदी का मानना है कि अभी भी पीसीबी ने उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया है। हालांकि आफरीदी ख़ुद अब इस मामले को रफ़ा दफ़ा करने के मूड में हैं। आफरीदी ने कप्तानी से हटाए जाने के बाद उनसे बिना पूछे पीसीबी द्वारा उनका कथित बयान जारी किए जाने पर नाराज़गी व्यक्त की थी। पता चला है कि पीसीबी ने आफरीदी के सामने यह बात स्वीकारी कि बोर्ड से इस संबंध में भूल हुई।

### वोज्नियाकी, अनिसिमोवा जीतीं, वॉलिनेट्स ने 2024 का सबसे लम्बा मैच जीता

**चार्ल्सटन (अमेरिका)।** पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता कैरोलिन वोज्नियाकी ने चार्ल्सटन ओपन में विजयी वापसी करते हुए लकी लूजर अमेरिका की मेकार्टनी केसलर को केवल 61 मिनट में 6-0, 6-1 से हरा दिया। वोज्नियाकी की 2019 में चार्ल्सटन में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति के बाद से क्ले कोर्ट पर यह पहली जीत थी, जब वह अब तक अपने तीन फ़ाइनल में से तीसरे में पहुंची थी। वोज्नियाकी, जो 2019 में लोकंट्री में अपनी सबसे हालिया उपस्थिति में उपविजेता रही थीं, 2023 के मध्य में खेल में लौटने से पहले 2020 की शुरुआत में टेनिस से दूर हो गई थीं। दूसरे दौर में, वोज्नियाकी अब नंबर 15 वरीयता प्राप्त एन्हेलिना कलिनिना के खिलाफ खेलेंगी, जिसके खिलाफ वह मियामी के उसी चरण में मैच प्वाइंट से यूक्रेनी को बाहर करने में विफल रही।

## राजस्थान के गेंदबाजों ने की बेहतरीन गेंदबाजी : बॉन्ड

**मुंबई,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स के सहायक कोच शेन बॉन्ड ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम के सामूहिक गेंदबाजी प्रयास की प्रशंसा की। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने मुंबई के शीर्ष क्रम को झकझोर दिया और पहली गेंद पर शून्य पर रोहित शर्मा, नमन धीर और डेवाल्ड ब्रेविस के विकेट लिए। मुंबई का स्कोर पहले तीन ओवरों में 3 विकेट पर 14 रन था। बोल्ट ने अपने स्पैल में मात्र 22 रन देकर तीन विकेट लिए। बोल्ट के तीन विकेट के बाद, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपने चार ओवरों में 3-11 विकेट लेते हुए मुंबई की बल्लेबाजी को परेशान कर दिया। दक्षिण अफ्रीका के नांद्रे बर्गर ने भी दो विकेट लिए, क्योंकि आरआर ने एमआई को 125/9 पर रोक दिया और बाद में सोमवार रात 15.3 ओवर में छह विकेट शेष रहते लक्ष्य का सफल पीछा किया। मैच के बाद बॉन्ड ने कहा कि ट्रेंट बोल्ट के साथ शुरुआत करने वाले तेज गेंदबाज शीर्ष पर थे, जिन्होंने परिस्थितियों का बहुत अच्छा उपयोग किया।

## आज केरला ब्लास्टर्स एफसी का मुकाबला ईस्ट बंगाल एफसी से

**कोच्चि,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। केरला ब्लास्टर्स एफसी 3 अप्रैल, बुधवार को शाम 7 :30 बजे (भारतीय समयानुसार) अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबला ईस्ट बंगाल एफसी से खेलेगी। इवान वुकोमानोविच के ब्लास्टर्स के 19 मैचों में 30 अंक हैं और केवल चेन्नइयन एफसी और पंजाब एफसी ही उनकी बराबरी कर सकते हैं। पंजाब एफसी आज रात ओडिशा एफसी से भिड़ेगी, और जगरनॉट्स से हारने का मतलब होगा कि पंजाब ब्लास्टर्स के अंकों तक नहीं पहुंच पाएगी। लिहाजा, कोच्चि स्थित टीम स्वत : ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाएगी। इसलिए, पूरी संभावना है कि रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड के खिलाफ मैच के समय तक केरला ब्लास्टर्स लीग के अगले दौर में पहुंच जाएं। इसके विपरीत, ईस्ट बंगाल एफसी को शीर्ष छह में जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। वो 19 मैचों में 18 अंक अर्जित करके तालिका में 11वें स्थान पर है। उसके तीन मैच शेष हैं, और वो सभी मुकाबले जीतकर अधिकतम 27 अंकों तक पहुंच सकते हैं।




**क्या है दांव पर ?**

केरला ब्लास्टर्स एफसी : इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि मिड सीजन ब्रेक के बाद केरला ब्लास्टर्स एफसी का अभियान पटरी से उतर गया है। हालांकि, ब्लास्टर्स आगामी मैच जीतकर ईस्ट बंगाल एफसी पर अपना पहला लीग डबल पूरा कर सकते हैं। इस आईएसएल सीजन के अंतिम महीने में ब्लास्टर्स को अपनी बैक-लाइन मजबूत करने की जरूरत है, क्योंकि उन्होंने अपने पिछले सात आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में कम से कम एक गोल खाया है। केरला ब्लास्टर्स यहां घरेलू मैदान पर अपना पिछला मैच मोहन बागान सुपर जायंट से 3-4 से हार गए। अगर वे आगामी मैच गंवाते हैं, तो यह अक्टूबर 2022 के बाद पहली बार घरेलू मैदान पर लगातार हार होगी।

ईस्ट बंगाल एफसी : आईएसएल में लगातार तीन हार के बाद ईस्ट बंगाल एफसी इस मैच में उतरेगी। पिछली बार वो जनवरी 2023 में लगातार चार मैच हारे थी। इन दोनों टीमों के बीच पिछला मुकाबला नवम्बर 2023 में हुआ था, जब येलो आर्मी ने कोलकाता की टीम को 2-1 से हराया था, दूसरे हाफ के अतिरिक्त समय में क्लिटन सिल्वा का गोल भी उनको अंक नहीं दिला पाया।

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.249 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.047 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.976 |
| गुजरात टाइटंस | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.204 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.025 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.016 |
| पंजाब किंग्स | 3 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.711 |
| मुंबई इंडियंस | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.423 |

## टी-20 में करियर की सर्वश्रेष्ठै रैंकिंग पर पहुंची चार्ली डीन



**आईसीसी महिला टी20 विश्व कप**

**नई दिल्ली,** 2 अप्रैल (एजेंसियां)। इंग्लैंड की ऑफ स्पिनर चार्ली डीन ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप शुरू होने के कुछ ही महीने पहले नई आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान हासिल किया है। डीन, जो पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान न्यूजीलैंड के खिलाफ सात विकेट लेकर अग्रणी विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं, मंगलवार को जारी टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में टीम की साथी सोफी एक्लेस्टोन के बाद नौ स्थान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। उनकी टीम की साथी और तेज गेंदबाज लॉरेन बेल छह पायदान ऊपर चढ़कर करियर का सर्वश्रेष्ठ 12वां स्थान हासिल करने में सफल रहीं। स्टार इंग्लिश ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट (आठ पायदान ऊपर 47वें स्थान पर) ने भी लंबी छलांग लगाई, जबकि अमेलिया केर न्यूजीलैंड के नजरिए से बड़ी प्रगति करने वाली खिलाड़ी रहीं क्योंकि वह दो पायदान ऊपर 13वें स्थान पर पहुंच गईं। टी20 श्रृंखला के दौरान 55.75 की औसत से 223 रन के साथ अग्रणी रन-स्कोरर, इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज माइया बाउचर को टी20 बल्लेबाजों की नई रैंकिंग में 28 स्थान का फायदा हुआ और वह 25वें स्थान पर पहुंच गईं। श्रृंखला में अपने 185 रनों के बाद हीथर नाइट 23वें स्थान पर रहीं, जबकि युवा एलिस कैप्सी ऑस्ट्रेलिया की नंबर 1 रैंक की बल्लेबाज बेथ मूनी से पीछे आठ स्थान ऊपर चढ़कर 30वें स्थान पर पहुंच गईं। मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टी20 मैच में नाबाद 65 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली तीन पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गईं। इस बीच, उसी श्रृंखला में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 63 रन बनाने वाली बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना तीन पायदान ऊपर 16वें स्थान पर हैं। नई वनडे रैंकिंग में भी कुछ हलचल हुई, जिसमें ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी एलिस पेरी बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के लिए 64 रनों की बदौलत बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान के फायदे से पांचवें स्थान पर पहुंच गईं।